राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

Epaper : www.dainik shubh bhaskar.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

www.dainik shubh bhaskar.com

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 208 • नई दिल्ली, रविवार 05 नवम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



12 मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए किया प्रेरित...

# 80 करोड़ गरीबों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन : मोदी

## पीएम मोदी का हमला, सट्टेबाजों के पकड़े जाने पर सीएम बघेल आखिर क्यों बौखला गए?

एजेंसी। दुर्ग



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में कहा कि केंद्र सरकार 80 करोड़ गरीब परिवार को मुफ्त राशन योजना का फायदा अगले 5 साल तक बढ़ाएगी। इसी दौरान पीएम मोदी ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर 9500 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा- चहेतों को नौकरी देने के लिए यहां पीएससी घोटाला हुआ। इतना ही नहीं कांग्रेस ने महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा। दुबई में बैठे सट्टेबाजों के करोड़ो रुपए जब ईडी ने पकड़े, तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आखिर क्यों बौखला गए? इन घोटालेबाजों के साथ उनके क्या संबंध हैं? पीएम मोदी ने कहा कि आप यहां सरकारी दफ्तरों में एक ही बात बोलते हैं, 30 टका कक्का, आपका काम पक्का। कांग्रेस की हर घोषणा में 30 टके का खेल पक्का है। कांग्रेस की इस सरकार से छत्तीसगढ़ छुटकारा चाहता है। इसकारण छत्तीसगढ़ कह रहा है, अऊ नहीं सहिबो, बदल के रहिबो। पीएम मोदी ने कहा, छत्तीसगढ़ भाजपा की पूरी टीम ने आपके सपनो को सच बनाने वाला संकल्प पत्र कल ही जारी किया है। भाजपा के संकल्प पत्र के आगे कांग्रेस का झूठ का पुलिंदा भी है। कांग्रेस की प्राथमिकता है, भ्रष्टाचार से अपनी तिजोरियां भरना। अपने चहेतों को नौकरियां बांटना, आपके बच्चों को नौकरियों से बाहर करना। पीएससी घोटाले में कांग्रेस ने यही किया। चुनावी रैली को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा है। 2 दिन पहले ही रायपुर में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है, रुपयों का बहुत बड़ा ढेर मिला है। लोग कह रहे हैं कि ये पैसा सट्टेबाजों का है, जुआ का खेल खेलने वालों का है, जो उन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीबों और नौजवानों को लूट कर जमा किया है। पीएम मोदी ने कहा कि मीडिया में आ रहा है कि इस पैसे के तार छत्तीसगढ़ ....तक जा रहे हैं। यहां की सरकार और मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की जनता से बताना चाहिए कि दुबई में बैठे घोटाले के आरोपियों के साथ उनके क्या संबंध हैं। आखिर ये पैसा पकड़े जाने के बाद मुख्यमंत्री क्यों बौखला गए हैं? पीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के रिपोर्ट कार्ड में घोटालों की कमी नहीं है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने 9 हजार 500 करोड़ रुपए के घोटाले किए। इसमें 2 हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला, 500 करोड़ रुपए का सीमेंट घोटाला, 5 हजार करोड़ रुपए का चावल घोटाला, 1,300 करोड़ रुपए का गौठान घोटाला, 700 करोड़ रुपए का डीएमएफ घोटाला शामिल है। पीएम मोदी ने भूपेश सरकार पर हमलाकर कहा कि छत्तीसगढ़ को लूटने का कांग्रेस ने कोई भी मौका नहीं छोड़ा है। लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद इसतरह के घोटालों की सख्ती से जांच की जाएगी, आपका पैसा लूटने वालों को जेल भेजा जाएगा। उनसे पाई-पाई का हिसाब लिया जाएगा। कांग्रेस गरीब की कभी कद्र नहीं करती। कांग्रेस को गरीब का दुख-दर्द कभी समझ नहीं आता। इसलिए जब तक कांग्रेस केंद्र सरकार में रही, वो गरीबों के हक का पैसा लूटकर खाती रही, अपने नेताओं की तिजोरी में भरती रही। पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित कर कहा कि 2014 में सरकार में आने के बाद आपके इस बेटे ने गरीब कल्याण को अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकता बनाया।

# नेपाल में भूकंप से मरने वालों की संख्या 250 के पार,150 गंभीर

एजेंसी। काठमांडू



नेपाल में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे हैं। भूकंप से गिरे मलबे में अभी भी लोग दबे हुए है उन्हे निकालने के प्रयास किए जा रहे है। वहीं घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। बता दें कि शुक्रवार रात नेपाल में 6.4 की तीव्रता से आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। इसके झटके भारत की राजधानी दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में महसूस किए गए। नेपाल में भूकंप से जानमाल को काफी नुकसान हुआ है। इस घटना में लगभग 250 लोगों की मौत होने की खबर है। जबकि लगभग 150 की हालत गंभीर बताई जा रही है। रुकुम पश्चिम में 40 और जाजरकोट में 38 लोग मारे गए हैं। रुकुम पश्चिम के डीएसपी नामराज भट्टराई और जाजरकोट के डीएसपी संतोष रोक्का के हवाले से ये जानकारी सामने आई है। शनिवार सुबह 3 बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार, जाजरकोट और पश्चिमी रुकुम में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। अकेले जाजरकोट में 44 मौतें हुई हैं। जाजरकोट जिले के पुलिस उपाधीक्षक संतोष रोका ने बताया कि मृतकों में नलगढ़ नगर पालिका की उपमहापौर सरिता सिंह भी शामिल हैं। जजरकोट में 55 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। उनमें से पांच को सुरखेत के करनाली प्रांत अस्पताल ले जाया गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' शनिवार सुबह एक चिकित्सकीय दल के साथ घटना स्थल रवाना हुए। उन्होंने बताया कि नेपाल सेना और नेपाल पुलिस को बचाव कार्य में लगाया गया है।प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि पश्चिमी रुकुम में मरने वालों की संख्या 40 तक पहुंच गई है। पश्चिमी रुकुम जिले के पुलिस उपाधीक्षक नमराज भट्टाराई ने इसकी जानकारी दी है। आथबिस्कोट नगर पालिका में 38 लोगों के मरने की सूचना है। सानीभेरी ग्रामीण नगर पालिका में पांच और लोगों की मौत हुई है। शुक्रवार की रात करीब 11 बजकर 32 मिनट पर आए भूकंप के कारण लोगों को अपने घरों से बाहर निकलना पड़ा। भूकंप का केंद्र नेपाल में अयोध्या से लगभग 227 किलोमीटर उत्तर और काठमांडू से 331 किलोमीटर पश्चिम उत्तर-पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई में था। नेपाल में एक महीने में तीसरी बार तेज भूकंप आया है। गुरुग्राम के निवासी इंद्रजीत सिंह ने कहा, जब हम टेलीविजन देख रहे थे, तभी काफी देर तक झटके महसूस हुए। गाजियाबाद के रहने वाले गोपाल ने कहा कि झटके 15 सेकंड से ज्यादा देर तक महसूस हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### मनोरंजन आरबीआई के कार्यकारी निदेशक नियुक्त



**नई दिल्ली**। भारतीय रिजर्व बैंक ने मनोरंजन मिश्रा को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। करीब तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री मिश्रा प्रवर्तन विभाग, जोखिम निगरानी विभाग और बाह्य निवेश समेत संचालन विभाग की जिम्मेदारी व देखभाल करेंगे। इससे पहले तक वो विनियमन विभाग में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। मनोरंजन मिश्रा ने पिछले तीन दशकों में बैंकों और एनबीएफसी के विनियमन, बैंकों की देखरेख और मुद्रा प्रबंधन के क्षेत्रों में काम किया। श्री मिश्रा अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और एमबीए (बैंकिंग और वित्त) में डिग्री हासिल किए हुए हैं।

### राजस्थान विधानसभा चुनाव में 56 हजार से अधिक मतदाता करेंगे घर बैठे मतदान

**जयपुर**। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में 56 हजार से अधिक मतदाता घर बैठे मतदान करेंगे।राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए प्रदेश में पहली बार विधानसभा आम चुनावों में घर बैठे मतदान की पहल की गई है और इस चुनाव में पात्र 56 हजार 102 मतदाता विकल्प के तौर पर अब तक इस सुविधा के लिए आवेदन कर चुके है। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक आयु के 42 हजार 799 मतदाता एवं विशेष योग्यजन के रूप में 10 हजार 803 मतदाता इस सुविधा के लिए आवेदन किया हैं। इनके अलावा इनमें करीब ढाई हजार सर्विस मतदाता भी शामिल हैं।प्रदेश में विधानसभा आम चुनाव में पहली बार दी जा रही इस सुविधा के लिए शनिवार तक जिन मतदाताओं ने आवेदन किया वे इसका फायदा उठा सकेंगे। हालांकि सर्विस मतदाता चार नवंबर के बाद भी इसके लिए आवेदन कर सकता है।उन्होंने बताया कि समावेशी चुनाव की दिशा में आयोग ने यह नवाचार किया है ताकि 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाता घर बैठे मतदान कर सके । उन्होंने बताया कि इसके तहत बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर होम वोटिंग की सुविधा के लिए योग्य मतदाताओं को इसके संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

### अब भगवान को खुश करने के लिए धार्मिक स्थानों पर नहीं फोड़े जाएंगे पटाखे, हाईकोर्ट का निर्देश

**कोच्चि** । केरल हाईकोर्ट ने अधिकारियों से छापेमारी करने और सभी धार्मिक स्थानों पर रखे पटाखों को जब्त करने का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा,मैं कोचीन और अन्य जिलों के पुलिस आयुक्त की सहायता से डिप्टी कलेक्टर को सभी धार्मिक स्थानों पर छापेमारी करने और सभी धार्मिक स्थानों में अवैध रूप से संग्रहीत पटाखों को कब्जे में लेने का निर्देश जारी करता हूं। अब से धार्मिक स्थानों पर कोई पटाखे नहीं फोड़े जाएंगे। भगवान को प्रसन्न करने के लिए पटाखे फोड़ने का धर्मग्रन्थ में कोई आदेश नहीं है। संयोग से राज्य के मंदिरों और चर्चों में वार्षिक उत्सव के समय पटाखे फोड़ना आम बात है और यह बहुत ही अजीब समय पर होता है। लेकिन स्थानीय लोगों के गुस्से के डर से पीड़ित लोग चुप रहते हैं। कोर्ट ने यह कदम एक याचिका पर सुनवाई करते हुए उठाया, जिसमें विशेष रूप से इस परंपरा में हस्तक्षेप की मांग की गई थी।

# कांग्रेस करप्शन, कम्युनल, कमीशन, क्रिमिनल पॉलिटिक्स करती है

एजेंसी। शिवपुरी



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के साथ राहुल गांधी और कमलनाथ पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कमलनाथ ने साढ़े तीन सौ करोड़ का मोजरबेयर घोटाला किया। इसके बाद कमलनाथ ने 2400 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड और 600 करोड़ का इफ्को घोटाला किया। फिर कमलनाथ सरकार में 25 हजार करोड़ रुपये की कर्जमाफी का घोटाला किया गया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह शिवपुरी जिले के करैरा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि कमलनाथ मध्य प्रदेश में डेढ़ साल रहे। ऐसा नहीं है कि उन्होंने कुछ काम नहीं किए। उन्होंने यहां कमीशनखोरी का उद्योग शुरू कर दिया था। तबादला उधोग लगाने का काम किया। बेटा-दामादों के कल्याण का उद्योग स्थापित किया। भ्रष्टाचार की इंडस्ट्री लगाने का काम किया। शिवराज जी की 51 से ज्यादा गरीब कल्याण योजनाएं बंद कर दी। मुझे पता है कि कमलनाथ आने वाले नहीं हैं। भगवान न करें, कमलनाथ आ गया तो किसानों को 12 हजार मिलना भी बंद हो जाएगा। लाड़ली बहना योजना भी बंद हो जाएगी। शाह के साथ केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी जनसभाओं को संबोधित किया। शाह ने अपनी चुनावी सभाओं में 2003 के पहले रही दिग्विजय सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कई साल तक मध्य प्रदेश को अंधेरे में रखा। बीमारू राज्य बनाकर रखा। शाह ने आरोप लगााया कि कांग्रेस पार्टी 4सी फॉर्मूले पर चलती है। करप्शन, कम्युनल दंगे, कमीशन और क्रिमिनल की पॉलिटिक्स करती है। मध्य प्रदेश को 4सी से निकालकर विकास की धारा में लाने के लिए भाजपा को वोट देना जरूरी है। भाजपा की सरकार ने 18 साल के कार्यकाल में मध्य प्रदेश को बीमारू से बेमिसाल राज्य बनाया है। गरीबों, दलितों, शोषितों, वंचितों के कल्याण का काम किया। 20 साल पहले श्रीमान बंटाढार की सरकार थी तब सड़क ऐसी थी क्या? सिंचाई की व्यवस्था ऐसी हुई थी क्या? घर-घर बिजली आती थी क्या? 2003 में जब कांग्रेस मध्य प्रदेश छोड़कर गई तब यहां का बजट 23 हजार करोड़ रुपये का था।

### 4सी फॉर्मूले पर चलती है कांग्रेस

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कांग्रेस पार्टी 4सी फॉर्मूले पर चलती है। करप्शन, कम्युनल दंगे, कमीशन और क्रिमिनल की पॉलिटिक्स करती है। मध्य प्रदेश को 4सी से निकालकर विकास की धारा में लाने के लिए भाजपा को वोट देना जरूरी है। कांग्रेस की सरकार थी तो केंद्र सरकार ने दस साल में दो लाख करोड़ रुपये मध्य प्रदेश को भेजे थे। मोदी जी ने नौ साल में 7 लाख 25 हजार करोड़ रुपये मध्य प्रदेश को सिर्फ ग्रांट के रूप में भेजे हैं। सड़क, रेलवे, एविएशन और इंस्टिट्यूशन का मिलाकर और आठ लाख रुपये भेजे हैं। सभी योजनाओं को मिलाकर नौ साल में 20 लाख करोड़ रुपये भेजे हैं।

# पीएम मोदी का संदेश, नेपाल की हर संभव मदद करेगा भारत

एजेंसी। नई दिल्ली



नेपाल में आए भूकंप से भारी तबाही हुई है। जानमाल को नुकसान हुआ है और राहत बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। इसी बीच भारत ने नेपाल की हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारत नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। बता दें कि पश्चिमी नेपाल के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में शुक्रवार आधी रात को आए 6.4 तीव्रता वाले भूकंप के तेज झटकों के कारण कम से कम 128 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। देश की तीनों सुरक्षा एजेंसियों- नेपाल सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल को बचाव कार्य में लगाया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा,'प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल ने शुक्रवार रात को आए भूकंप में जान-माल का नुकसान होने पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने तत्काल राहत एवं बचाव के लिए तीनों सुरक्षा निकायों को तैनात किया है।

### दीपावली विशेष अभियान जारी,अवधि पार खारी नष्ट -लड्डू,मावा पेडा, चायपत्ती एवं दही का लिया नमूना

**विशाखा व्यास /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान/** उदयपुर आयुक्त खाध सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर शिव प्रसाद नकाते एवं डां शंकर . एच. बामणिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उदयपुर के निर्देश अनुसार आज खाध सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता द्वारा ग्रामीण क्षेत्र कोटडा, देवला,एवं मजावडी का दोरा कर निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्यवाही की। खाध सुरक्षा अधिकारी द्वारा कोटडा स्थित मैसर्स माँ चामुण्डा जोधपुर मिष्ठान भंडार से लड्डू का नमूना जांच हेतु लिया एवं यहाँ 24 पैकेट खारी के अवधी पार पाये गये जिनको मौके पर नष्ट कराये गये तथा दुकानदार को साफ-सफाई रखने, अवधी पार सामग्री नहीं बेचने एवं सही व गुणवत्तापूर्ण सामग्री काम में लेने हेतु पाबंद किया। कार्यवाही की भनक लगते ही खाध वस्तु बेचने वाले सभी दुकानदार अपनी दुकान बंद कर चले गये। इसके बाद टीम ने देवला स्थित मैसर्स जीवन सिंह भैरू सिंह से चायपत्ती का तथा मैसर्स महादेव मिष्ठान भंडार से मावा पेडा एवं मजावडी स्थित मैसर्स- विष्णु होटल एवं रेस्टोरेंट से दही का नमूना जांच हेतु लेकर प्रयोगशाला भिजवाये गए हैं। वहाँ से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जावेगी।, दल में अशोक कुमार गुप्ता,दिनेश सैन, सुरेश राव शामिल रहे। दीपावली विशेष अभियान के तहत दुध, पनीर, खोया, घी, तेल, ड्राई - फूड्स, मसाले, मिठाई, नमकीन पर विशेष रूप से निगरानी की जावेगी।अभी तक अभियान में 4 दिनों में 20 नमूने लिए जा चूके है।लैब से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जावेगी। यह है कि नमूना सब स्टैण्डर्ड पाये जाने पर खाध सुरक्षा एवं मानक अधिनियम - 2006 के अनुसार 5 लाख रुपये तक, मिसब्राण्ड पाये जाने पर 3 लाख रुपये तक, अनसेफ पाये जाने पर 6 माह से लेकर आजीवन कारावास एवं 1 लाख से लेकर 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा मिलावटीयों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी।



### इजराइल ने हमास चीफ के घर पर किया हमला

**तेल अवीव**। इजराइल-हमास की जंग का शनिवार को 29वां दिन है। रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल ने हमास चीफ इस्माइल हानिए के घर पर हमला किया है। घर में उसका परिवार रहता था लेकिन हमले के वक्त वे वहां थे या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिली है। वहीं, सेना ने कहा है कि गाजा अब 2 हिस्सों में बंट गया है। साउथ गाजा में हम मानवीय सहायता पहुंचा रहे हैं। वहां अगर कोई हमास लड़ाका पहुंच रहा है, तब उस मार गिराया जा रहा है। वहीं नॉर्थ गाजा में जंग तेज हो चुकी है। वहां फिलिस्तीनियों की जान को खतरा है। शुक्रवार रात इजराइल ने अल-शिफा अस्पताल के पास एम्बुलेंस पर हमला किया। इस हमले में 13 लोगों की मौत हुई है।

# अपने सेवा कार्यों से हर जगह सम्मानित होती हुई टीम वांछित फाउंडेशन



**दैनिक शुभ भास्कर**। एक ऐसे व्यक्तित्व जिन्होंने अपने सेवा निवृत्त होने पर अपने जीवन भर की मिली हुई पूंजी को एक नेक और सेवा के काम में लगाया।बहुत ही प्रसन्नता हुई रेलवे इंजीनियर अधिकारी राजेंद्र सिंह जी से मिलकर, जिन्हें सेवानिवृत्त होने पर रेल विभाग से मिलने वाली संपूर्ण सेवा राशि को सतगुरु समनदास समाज सेवा संगठन के नाम से गरीब व बेबस लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निवृत्त अधिकारी ने सिलाई मशीन एवं कंप्यूटर सेंटर खुलवाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा जी के द्वारा उद्घाटन हुआ। और भाई ने कहा समाज हित के ऐसे कार्यों के लिए मेरी आवश्यकता कहीं भी किसी भी रूप में पड़ेगी तो मैं हमेशा खड़ा रहूंगा। (कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मण सिंह आर्य (मनोनित निगम पार्षद), मोहन भारद्वाज (पूर्व निगम पार्षद), संजय खत्री (प्रधान, आर्य समाज नरेला),महात्मा बृजेश दास, सुनीता मेंहरोत्रा (अध्यक्षा, वांछित फाउंडेशन), रामा खत्री (एक्शन इंडिया), रोहतास योगी, संगीता योगी, प्रीतम बोध, विजय बोध, भारत भूषण(मध्य प्रदेश), राधा (कुरुक्षेत्र), गंगाधर बिसवाल (उड़ीसा), सविता ठाकुर, कृष्ण घी वाले, तरुण कुमार, ललित सैनी, सतीश कुमार, बबीता, नंदिनी सिंह, विनीता सिंह, किरन बाला जून, दीपक कुमार तथा कई प्रदेशों से सैकड़ों अतिथि उपस्थित रहे। संयोजक एस.पी. जून, विवेक अग्रवाल, देवेंद्र आशीष एडवर्ड, अजय दुग्गल, मुनेश कुमार, संदीप सहरावत, अरविंद बौध, सोनू उजाला रहे। इस कार्यक्रम में मंच संचालन संगठन के राष्ट्र महासचिव अरुण आर्य ने किया। वांछित फाउंडेशन की पूरी टीम का मंच पर बुलाकर स्वागत किया। (अध्यक्षा) सुनीता मेहरोत्रा, सरोज नेगी, नेहा सिंह, बबली,साक्षित मेहरोत्रा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अध्यक्षा सुनीता मेहरोत्रा ने विशेष आभार डॉ एस पी जून जी,अरुण आर्य जी व राजेंद्र सिंह जी को देते हुए कहा कि वांछित फाउंडेशन की टीम से तन मन धन जिस भी तरह से इस संगठन की मदद की जरूरत होगी वो जरूर करेंगे।

निरीक्षण | राधा मोहन सिंह सांसद सह पूर्व कृषि मंत्री भारत सरकार ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया

# शहर वासियों को जाम से मिलेगी राहत रोइंग क्लब से मिस्कौट तक नये पथ का निर्माण आरंभ

**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा** । जाम से कराहते शहर को सांसद राधा मोहन सिंह ने मुक्ति दिलाने का कार्य आरंभ किया ।शहर के मोतीझील के किनारे रोइंग क्लब से मिस्कॉट तक 24 करोड़ से ज्यादा राशि के पथ का निर्माण कार्य उन्होंने शुरू कराया। राधा मोहन सिंह सांसद सह पूर्व कृषि मंत्री भारत सरकार ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया और पथ निर्माण करने वाली कार्यकारी एजेंसी के अधिकारियों को दिसम्बर 2024 तक कार्य पूरा करने का निर्देश दिया! गौरतलब है कि मोतीझील के सौंदर्यीकरण की मांग लंबे समय से उठ रही थी जिसके लिए कई बार नापी कराई गई और जलकुंभी साफ कराई गई।नक्शा आदि तैयार कराया गया । नक्शा के अंतर्गत सड़क निर्माण भी कराना था। मुख्य पथ अक्सर जाम रहने से लोगों को काफी कठिनाई होती थी। राजेंद्र प्रताप सिंह के घर के पीछे भवानीपुर जीरात के पश्चिम की तरफ झील के किनारे यह सड़क बन रही है जो हीरालाल स्कूल के पश्चिमी भाग होते हुए उत्तर दिशा की ओर बड़ी मस्जिद एवं वृक्षा स्थान होते हुए मिसकॉट मोहल्ले में जाकर के समाप्त होगी। इस सड़क के बन जाने से आवागमन की सुविधा के साथ-साथ झील का सुंदरीकरण हो जाएगा । झील के किनारे प्राकृतिक सौंदर्य के बीच , बैठने की व्यवस्था ,स्ट्रीट लाइट आदि तमाम सुविधाएं भी देने की योजना सांसद महोदय ने बनाई है। यह कार्य ऐतिहासिक होगा क्योंकि आजादी के बाद से मोतीझील के सौंदर्यीकरण की मांग लगातार उठ रही थी, इस पर राजनीति भी हुआ। पक्ष विपक्ष में आरोप प्रत्यारोप भी हुए। परंतु सांसद महोदय के पहल से यह कार्य आरंभ हो गया जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। निरीक्षण के दौरान सांसद महोदय के साथ नगर निगम के उपमेयर डॉक्टर लालबाबू प्रसाद भी थे।



## ख़ास ख़बर

### निर्मली शहर के मेन रोड से एक बाइक चोरी, सीसीटीवी खंगालने व जांच में जुटी पुलिस

**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली नगर पंचायत निर्मली के मेन रोड स्थित खाद मंडी से शुक्रवार को सड़क किनारे पार्क में एक टीवीएस कंपनी की बाइक अज्ञात द्वारा चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर नगर के वार्ड 6 निवासी विपिन कुमार कामत ने थाना में लिखित शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि वह खाद मंडी स्थित एक कपड़े की दुकान के फर्स्ट फ्लोर पर कंप्यूटर की दुकान चलाता है। वह प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को अपने टीवीएस बाइक नीचे खड़ा कर ऊपर दुकान खोलकर बैठ गया। जब कुछ देर बाद नीचे उतरा तो देखा कि उसकी बाइक वहां नहीं थी। जिसके बाद वह काफी खोजबीन की। लेकिन बाइक नंबर बीआर 50 एस 1518 का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद निर्मली थानाध्यक्ष को संबंधित सूचना दी। इधर, सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले को लेकर आसपास में लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। जल्द घटना में संलिप्त चोर को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा और बाइक भी बरामद कर ली जाएगी।

### नियोजित शिक्षकों ने राज्यकर्मी में सहायक शिक्षकों के दर्जा को लेकर किया प्रखंड में धरना-प्रदर्शन



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल** । जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ।मांगों की पूर्ति तक संघ का संघर्ष जारी रहेगा:-रामसेवक शिक्षक व अध्यापक के आवास भत्ता कटौती कर निजी एजेंसी को देना दुर्भाग्यपूर्ण :- प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई सुपौल द्वारा नियोजित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, राघोपुर, सुपौल के समक्ष दिया धरना का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार ने किया आंदोलन में भारी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद हुए धारणा को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा है कि सूबे के लाखों नियोजित प्रारंभिक, माध्यमिक,उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं पुस्तकालय अध्यक्ष को राज्य सरकार राज्यकर्मी में समायोजन करने में टालमटोल कर रही है। जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही नव नियुक्त अध्यापक को भी विद्यालय आवंटित कर योगदान कराने के बजाय काउन्सलिंग समय से ही बेबजह परेशान कर डाला है। जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वितीय चरण के अध्यापक नियुक्ति के विज्ञापन से पहले पंचायती राज एवं नगर निकाय संस्थानों में कार्यरत सभी शिक्षक व पुस्तकालय अध्यक्ष को सरकारी कर्मी घोषित करें। वरना संपूर्ण बिहार में राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से कार्यरत नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त राज्यकर्मी में समायोजन किया जाए । साथ ही सहायक शिक्षक मानते हुए वेतन व सारी सुविधाएं अविलम्ब घोषित किया जाए। नियोजित शिक्षको का लंबित ऐच्छिक स्थानांतरण की प्रक्रिया अविलम्ब प्रारंभ की जाए। जिला उपाध्यक्ष रामसेवक यादव ने बताया की सरकार द्वारा प्रोन्नति पर लगे रोक हटने के बाद भी वर्षों से लंबित नियोजित शिक्षकों का बेसिक ग्रेड में 08 वर्ष का कार्यपूर्ण को स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति एवं स्नातक ग्रेड में 5 वर्ष का कार्य पूर्ण करने वाले को प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति अविलम्ब की जाए। बेसिक ग्रेड में 12 वर्ष कार्य पूर्ण करने वाले शिक्षकों को (स्नातक वेतन) वेतन उन्नयन कर कालवद्ध प्रोन्नति नियमावली के निहित प्रावधानों के तहत अविलम्ब की जाए। बेसिक ग्रेड के नियोजित शिक्षकों को स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति करने के उपरांत ही द्वितीय चरण का अध्यापक (6-8) में नियुक्त प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। मृत शिक्षक के आश्रितों को वर्षों से लंबित अनुकंपा पर नियुक्ति की प्रक्रिया अविलम्ब पूर्ण कराई जाए। डीएलएड एवं डीएलएड ओडीएल प्रशिक्षण में अनुत्तीर्ण शिक्षकों का परीक्षा नियमावली के तहत पूरक परीक्षा अविलम्ब ली जाए। साथ ही वैसे अप्रशिक्षित शिक्षकों को तत्काल वेतन भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा सभी नियोजित शिक्षक एवं नव नियुक्त अध्यापकों के आवास भत्ता कटौती कर निजी एजेंसी को देकर आवास मुहैया कराने की कार्यप्रणाली दुर्भाग्यपूर्ण है। तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक को शिक्षक की सभी सुविधा मुहैया कराई जाए। नव नियुक्त अध्यापक को स्वैच्छिक जिला आवंटित कराई जाए तथा सहमति के आधार पर ही विद्यालय पदस्थापन की जाए। नव नियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति तिथि से ही वेतन भुगतान करने का प्रावधान सुनिश्चित की जाए। जो नियोजित शिक्षक अध्यापक बने हैं। उसका ऐच्छिक जिला एवं विद्यालय पदस्थापन करने की नीति निर्धारण की जाए। नियोजित शिक्षक से अध्यापक बनने वाले को वेतन संरक्षण एवं सेवा निरंतरता का लाभ हाल में दिया जाए। नियोजित शिक्षक से बने अध्यापक को परिवीक्षा अवधि से मुक्त रखा जाए। अध्यापक नियमावली 2023 के सभी प्रावधानों को विस्तार पूर्वक प्रकाशित कर लागू किया जाए। ताकि शिक्षक समस्या मुक्त हो सके। वेतन विसंगति को अविलम्ब दूर किया जाए। साथ ही जातिगणना कार्य का भुगतान किया जाए। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा। शिक्षक एकजुट रहे । संघ का आन्दोलन सरकार को शिक्षकों की उचित माँगों की पूर्ति करने के लिए बाध्य करेगी। घरना- प्रदर्शन को मुख्यरूप से कोशी प्रमंडल अध्यक्ष निर्मल कुमार, जिलाध्यक्ष-पंकज कुमार जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष-अभिमन्यु झा, चन्द्र किशोर चौधरी, गणेश कुमार दास, प्रह्लाद कुमार, नरेन्द्र कुमार,राजो राम, राजनारायण साहु,अनिल, सुबोध,प्रदीप, दिनेश, सुरेन्द्र, सतेन्द्र, संतोष आदि ने सम्बोधित किया।

# लोक कल्याणकारी योजना के सम्बंध में जन संवाद का हुआ आयोजन



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में प्रखण्ड किशनपुर ग्राम पंचायत परसा माधो में श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल की अध्यक्षता में दुर्गा स्थान आसनपुर कुपहा में बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में श्री शैशव यादव, पुलिस अधीक्षक, सुपौल, श्री राशिद कलीम अंसारी, अपर समाहर्ता सुपौल, अनुमण्डल पदाधिकारी सुपौल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सुपौल, श्री ऋषव, निदेशक डी0आर0डी0ए0, सुपौल, श्री शशि कुमार, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग कोषांग, सुपौल, श्री अनुराग कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सुपौल, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक अभियंता पी०एच०ई०डी०, डॉ0 शैलेश कुमार, प्रबंधक, डी0आर0सी0सी, सुपौल, प्रखण्ड स्तरीय सभी पदाधिकारीगण के साथ साथ स्थानीय प्रतिनिधिगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अपर समाहर्ता, सुपौल ने सभी विभागों की संक्षिप्त जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दी। तत्पश्चात् निदेशक डी0आर0डी0ए0, सुपौल द्वारा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं विशेषकर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना, सोलर स्ट्रीट लाईट योजना इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता विधुत द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित जन समूहों को दी गई। पुलिस अधीक्षक, सुपौल द्वारा विधि व्यवस्था के संबंध में आमजन की भागीदारी पर ध्यान आकृष्ट करते हुए पुलिस हेल्प लाईन नंबर 112 का आमजन ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने का आग्रह किया गया ताकि भयमुक्त वातावरण का निर्माण किया जा सके। उप विकास आयुक्त, सुपौल द्वारा अंत में जन संवाद कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए राज्य सरकार द्वारा सम्पोषित विभिन्न विभाग अन्तर्गत कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए समस्या निवारण हेतु जिला प्रसाशन के विभिन्न माध्यमों की विस्तृत जानकारी से अवगत करायी गई। जिससे आम जन को किसी प्रकार की समस्या का निदान त्वरित गति से किया जा सके। उप विकास आयुक्त, सुपौल द्वारा सभी विभागों के पदाधिकारीयों को आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता रहने का निदेश दिया गया।

## चचेरे भाई ने एक अन्य युवक के साथ मिलकर किया था हत्या



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में बीते 20 अक्तूबर की रात को सीएसपी संचालक संजय कुमार उर्फ राजीव हत्याकांड का खुलासा हुआ है। एसपी शैशव यादव ने पीसी में बताया कि सीएसपी संचालक हत्याकांड में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनो हत्यारा उसी गांव के हैं।बताया गया की सीएसपी संचालक की उसके चचेरे भाई के साथ रुपए के लेन देन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर चचेरे भाई ने ही साजिश रचकर सीएसपी संचालक की हत्या की घटना को अंजाम दिया। बताया कि सीएसपी संचालक संजय उर्फ राजीव की हत्या उसके चचेरे भाई और गांव के ही एक अन्य युवक ने की है। घटना को लेकर बताया कि घटना की रात आरोपी चचेरे भाई प्रकाश कुमार उर्फ शिवम ने गांव के ही एक युवक विकास कुमार के साथ मिलकर सीएसपी संचालक संजय को फोन कर घर से बुलाया और उसे अपने कब्जे में लेकर उसे लाठी से प्रहार कर मार दिया। जिसके बाद उसके शव को एक बगीचे के पास खेत में मिट्टी के नीचे दफना दिया गया। एसपी शैशव यादव ने कहा कि मृतक का मोबाइल और चप्पल भी बरामद कर लिया गया है। दोनो अपराधियों ने घटना में संलिप्तता को स्वीकार किया है।

## 60 बोतल देसी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, बाइक भी जब्त




**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली नगर के पश्चिमी रिंग बांध स्थित नाग मंदिर के पास से निर्मली थाने की पुलिस ने 60 बोतल देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई के दौरान पकड़े गए तस्कर की पहचान नपं निर्मली के वार्ड 7 निवासी केशव रानू के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि तस्कर अपनी टीवीएस कंपनी की स्टार सिटी बाइक पर शराब लेकर नेपाल से भुतहा होते हुए निर्मली की ओर आ रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस ने नगर के रिंग बांध स्थित नाग मंदिर के पास नाकेबंदी कर दी। इस दौरान पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस जवान ने तत्परता दिखाते हुए खदेड़कर उसे पकड़ लिया। बाइक पर लदे बोरी की तलाशी ली गई तो 60 बोतल नेपाल निर्मित देसी शराब बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने मौके से ही उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि 60 बोतल नेपाल निर्मित देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावे उपयोगी बाइक भी जब्त कर ली गई है। केस दर्ज कर तस्कर को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# कार्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की बिधान सभा स्तरीय बैठक का किया आयोजन



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सुपौल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता विश्वकर्मा योजना के संयोजक अशोक सम्राट ने की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी करना है,जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विश्वकर्मा योजना के जिला क्रियान्वयन सदस्य प्रभास मंडल ने कहा कि सीएससी सेंटर के माध्यम से इसका निबंधन हो रहा है। चयनित लाभार्थी को प्रशिक्षण देकर 15,000/ रुपया का टूल किट दिया जाएगा उसके बाद प्रथम चरण में 1,00,000 एक लाख एवं दूसरे चरण में 2,00,000 दो लाख का ऋण 5% वार्षिक ब्याज की दर पर दिया जाएगा। वहीं लोकसभा संयोजक संतोष शर्मा ने कहा कि इस योजना के तहत 18 पारंपरिक विधाओं में कार्य करने वाले लोगों को शामिल किया गया है।जिसमें बढ़ई,नाव बनाने वाले,अस्त्र बनेने वाले, लोहार,ताला बनाने वाले हथोड़ा और टूल किट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, नाई, धोबी, दर्जी, राजमिस्त्री, मालाकार मछली का जाल बनाने वाले, डलिया चटाई झाड़ू बनाने वाले, गुड़िया और खिलौना बनाने को लाभ मिलेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सरोज झा,महेश देव,बिमलेंदु ठाकुर,नगर अध्यक्ष राहुल झा, जयवीर यादव, सुमन सिंह, हरिश्चंद्र मिश्र, लाल देव कामत, दिनेश शर्मा,उत्तमलाल कामत, अविनाश कुमार झा, अजय कुमार, रामप्रसाद गुप्ता, गंगा सिंह, अरुण सिंह, बासुदेव शर्मा, मोहिनी देवी, छोटकी देवी, जीवछ कामत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राशन कार्ड की समस्या को लेकर एमओ ने नपं जनप्रतिनिधियों के साथ किया बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज नगर पंचायत के सभा कक्ष में मुख्य पार्षद शबनम आरा की अध्यक्षता व नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी राकेश कुमार व एमओ नैंसी कुमारी की उपस्थिति में राशन कार्ड को लेकर वार्ड पार्षदों की विशेष बैठक की गयी। इस बैठक में मुख्य रूप से एमओ नैंसी कुमार शामिल हुई। इस बैठक में राशन कार्ड में नाम जोड़ने व हटाने को लेकर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। मुख्य पार्षद ने सभी वार्ड पार्षदों से अपील किया कि नगर पंचायत क्षेत्र में जितने भी गरीब मजदूर, ठेला-रिक्शा चलाने वाले लोग राशन कार्ड से वंचित रह गए हैं, उन गरीबों का ऑनलाइन करा कर उनका राशन कार्ड बनवायें। सरकार की यह योजना हर गरीब के घर तक पहुंचे और राशन योजना का लाभ उठायें। वहीं एमओ ने कहा कि हमारे कार्यालय में मात्र एक ही ऑपरेटर है, जिनका प्रतिनियोजन जिला में हो गया है। ऑपरेटर के नही होने से काफी परेशानियां बढ़ गयी हैं। उन्होंने नगर के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा गरीब लोगों का राशन कार्ड बनवाने का कष्ट करें। इस बैठक में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामूल हक, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार प्रिय, वार्ड पार्षद जयनाथ शर्मा, संतोष कुमार, वीणा देवी, कृष्णा कुमार, रामजन्म शर्मा, जयनंदन प्रसाद, संध्या देवी, शमशाद अहमद परसवी, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ लालबाबू, आमिर खान, सुभाष चौधरी, कर्मी रामबाबू प्रसाद, जितेंद्र कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव में जाति-पार्टी छोड़ विकास की जीत होगी - सांसद महाबली



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट लोकसभा सांसद महाबली सिंह का बिक्रमगंज में लोगों ने भव्य स्वागत किया। आपको बता दें कि शनिवार को बिक्रमगंज तेंदुनी चौक पर वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर शिक्षक प्रतिनिधि सह वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय सीनेट सदस्य डॉ० मनीष रंजन के नेतृव में सैकड़ों लोगों ने सांसद के आगमन को लेकर पूर्व से ही गाजे बाजे फूल माला के साथ उनके स्वागत में खड़े में थे। जहां उनके पहुंचते ही लोगों ने जिंदाबाद नारों के साथ उन्हें फूल माला पहनाते हुए अंवस्त्र से सम्मानित कर सांसद का भव्य स्वागत किया। जबकि सांसद ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि आगामी सत्र-2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव को लेकर जनता ने अपना पहले से मंशा बना लिया है। इस बार चुनाव में वोटर मतदाता जाति-पार्टी पर नहीं बल्कि विकास के नाम पर वोट देगी। साथ ही साथ विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आज बिहार में विकास की बयार बह रहीं है। जहां विकास कार्य तहत सभी क्षेत्र में जनता के सपने साकार हो रहें है। जो मुख्यमंत्री के विकास कार्य की चर्चा आज पूरे देश आइकॉन बना हुआ है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह, सरोज सिंह, गुडू सिंह, बलवंत सिंह, विकास सिंह, मुन्ना सिंह, नरेंद्र सिंह, विष्णु दूबे, विवेक कुमार, परवेज खां, शशि कुमार, रंजित कुमार, राहुल कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

### अनुदानित दर पर मसूर व सरसो बीज का किया वितरण

**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के वीरपुर अनुमंडल अंतर्गत बसंतपुर प्रखंड के भीमनगर सहरसा चौक स्थित संतोष ट्रेडर्स में अनुमंडल क्रृषि पदाधिकारी कुंदन कुमार,कृषि सम्यनयक धर्मेन्द्र कुमार व राजीव रंजन की मौजूदगी में शनिवार को किसानों के बीच अनुदानित दर पर मसूर बीज और सरसो बीज का वितरण किया गया।इस दौरान बसंतपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के किसान मौजूद रहे। जानकारी देते हुए अनुमंडल क्रृषि पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि बसंतपुर प्रखंड क्षेत्र में मसूर, चना और सरसो के बीज का वितरण किया जा रहा हैं।जिसमे चना का बीज किसानों के बीच शत प्रतिशत वितरण किया जा चुका हैं।वहीं मसूर और सरसो के बीज अभी शेष हैं।पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर वितरण किया जा रहा हैं।वहीं इसके अलावे गेंहू और मक्का का बीज भी हॉल के दिनों में वितरण किया जाना हैं।इक्छुक किसान बीआरबीएन (बिहार राज्य बीज निगम) के बेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन स्वयं भी बीज के लिए आवेदन कर सकते हैं।किसी भी समस्या प्रकार की समस्याओ के आने पर अपने पंचायत के किसान सालाहकार या क्रृषि समन्वयक से सम्पर्क कर सकते हैं।ताकि ससमय अनुदानित दर पर बीज प्राप्त हो सके। मौके पर भीमनगर पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार गोईत, उमेश मेहता, राजकुमार मेहता व अन्य दर्जनों किसान मौजूद रहे।



### बोरे में बंद लड़की का शव मिला

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिले के नोखा थाना क्षेत्र के सिरखिण्डा लख नहर से पुलिस ने शुक्रवार को बोरे में बंद लड़की का शव बरामद किया है। लड़की की पहचान इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के भलुआड़ी निवासी कपिल पासवान की 19 साल की बेटी के रूप में की गई है। परिजनों को सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की। इंद्रपुरी थाना में दो नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**नगर निगम** नगर आयुक्त झूठ बोलते है, निगम प्रशासन गरीबों को उजाड़ने का तुगलकी फरमान जारी किये है

# आरा नगर निगम की सफाई व्यवस्था ध्वसत, गरीबों को उजाड़ने का फरमान जारी - क्यामुद्दीन अंसारी



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर।** भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने एक ब्यान जारी कर संवाददाताओं को बतलाया कि आरा नगर निगम की सफाई व्यवस्था पुरा तरह ध्वसत हो गयी है.नगर आयुक्त और मेयर झूठ बोलते है तथा निगम प्रशासन गरीबों को उजाड़ने का तुगलकी फरमान जारी करने तथा निगम के संसाधनों का दूर उपयोग करने मे व्यस्त रहते है. आज आरा निगम के बोर्ड की बैठक थी और बोर्ड के बाहर कुछ महिलाएं एक नोटिस लेकर बैठक थी उन महिलाओं का एक फोटो भी साझा किया है ये महिलाएं महादलित जाति से आती है और उद्योग विभाग के पास की रहने वाली थी. उनके हाथ मे निगम द्वारा जारी उनके अपने घरों को उजाड़ने का नोटिस था. भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि एक तरफ निगम प्रशासन पुरे आरा शहर के सड़क किनारे अतिक्रमण कर यूरिनल बनवाकर उस पर ताला जड़ दिया है तो दूसरी तरफ निगम प्रशासन तुगलकी फरमान जारी कर महादलित समुदाय के 9 परिवार को उजाड़ने का नोटिस थमा दिया. भाकपा माले नेता ने अपने ब्यान मे कहे है कि अनाईठ मिल्की मे आठ महिना से गंदे जल व किचड़ निकासी के मुख्य सड़क पर लगा है इस सवाल पर भाकपा माले के आवाज उठाने पर आरा नगर आयुक्त और मेयर ने कहा था कि दूर्गा पूजा तक यह गंदगी साफ हो जाएगा. माले नेता ने जोर देकर कहा कि आयुक्त और मेयर झूठ बोलते है और भ्रष्टाचार मे लिप्त है इन्हें साफ --सफाई से कोई मतलब नहीं है दूर्गा पूजा तो समाप्त हो गया छठ पूजा मे 13 दिन बाकी है लगता है छठ पूजा के लिए इस किचड़ और गंदे पानी से लोगों को गुजर कर जाना पड़ेगा। भाकपा माले नेता ने कहा कि आरा रघुटोला रख से लेकर बहिरो रख तक लाखो लोग छठ पूजा करते है पर सभी छठ घाटों पर गंदगी और कचड़ा पसरा हुआ है आरा नगर आयुक्त और मेयर का फोटो छप गया कि निगम प्रशासन सफाई अभियान मे जुट गया है पर आज भी देख सकते है तो देख लिजिए ,छठ घाटों पर गंदगी का अंबार है. भाकपा माले नेता ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता साफ-सफाई अभियान मे भीड़ गये है। भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि पेपर मे निगम प्रशासन के छठ घाटों के साफ -सफाई दिख जाय पर जमिनी अहिकत को ये फोटोग्राफ ब्यां कर रहे है.माले नेता ने कहा कि आरा निगम के आयुक्त भ्रष्ट है और मेयर के साथ मिलकर आरा नगर को कचड़ा के ढ़ेर मे तब्दिल कर दिए है। भाकपा माले नेता ने आज के बोर्ड की बैठक पर सवाल खड़ा कर रहे है कि इस नयी बोर्ड से पहले वाली बोर्ड ने सफाई मजदूरों की मजदूरी 100- 200 दैनिक मजदूरी बढाने का प्रस्ताव पास किया जो अभी तक लागू नहीं किया गया है,और आज के बोर्ड की बैठक मे 50 दैनिक मजदूरी बढाने का प्रस्ताव उफनती महंगाई मे कुछ भी नहीं है, दूसरी तरफ यही निगम प्रशासन स्थाई निगम कर्मीयों छठ ए वेतन आयोग के वृद्धि का शेष रोक कर रखी है और 7 वें वेतन आयोग को लागू करने से करता रही है।

# सिमराही बाजार में कचरों का लगा अंबार, लोगों में आक्रोश



**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल ।** जिले में राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत सिमराही बाजार के विभिन्न जगहों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गंदगी से दुर्गंध उठ रही है। लोगों का सांस लेना तक दूभर हो रहा है। वहीं लोगों के बीच कई तरह की संक्रमित बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है। इसके कारण लोगों के बीच आक्रोश है। स्थानीय योगेंद्र चौधरी, भूपेंद्र यादव, किशोर चौधरी, संजीत कुमार, आनंद कुमार, ध्रुव दास, भोला दास आदि ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में नगर पंचायत सिमराही के कुल 17 वार्डो को लेकर सफाई का टेंडर मानव कल्याण फाउंडेशन को दिया गया है। इसके अंतर्गत मनमाने तरीके से सफाई कर्मी काम कर रहे हैं। इसके कारण नगर पंचायत सिमराही बाजार के कई वार्डों में कचरों का अंबार लगा हुआ है। जमा गंदगी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं। बावजूद जिम्मेदार पदाधिकारी इससे अंजान दिख रहे हैं। इस संबंध में मुख्य पार्षद यशोदा देवी ने कहा कि कई बार पूर्व ईओ मनीषा कुमारी को पत्र जारी कर सफाई टेंडर लेने वाले एनजीओ के लेखा-जोखा की जानकारी मांगी गई, लेकिन हमेशा पूर्व ईओ टालमटोल करती रही। सफाई को लेकर जमीन पर कितने सफाईकर्मी काम कर रहे हैं और कितने कर्मियों के नाम पर सरकारी राशि का भुगतान किया जा रहा है, यह जांच का विषय है। बताया कि नगर पंचायत सिमराही के साफ-सफाई को लेकर किसी तरह की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर हाल में नगर पंचायत सिमराही को सुंदर स्वच्छ बनाना है। बता दें कि नगर पंचायत सिमराही के पिपराही रोड, पुराना सिनेमा हॉल रोड, करजाइन रोड, सरायगढ़ रोड, स्टेशन रोड सहित कई अन्य जगहों पर गंदगी का जमावड़ा लगा हुआ है। इससे लोग परेशान हैं। गंदगी से उत्पन्न होने वाले सड़ांध से लोगों के बीच बीमारियों के फैलने का भी खतरा बढ़ गया है। लोगों ने मांग किया है कि जल्द से जल्द सिमराही नगर पंचायत को स्वच्छ बनाने के लिए कचरों के अंबार को सड़क किनारे से हटाया जाय। ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## ख़ास ख़बर

### 7 एवं 8 को होगा पुरुष वर्ग कबड्डी

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत 2023-24 के कबड्डी पुरुष वर्ग के लिए आयोजित होने वाली अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू में 7 नवंबर एवं 8 नवंबर 2023 को आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अंतर महाविद्यालय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता आयोजित करने का दायित्व महाविद्यालय को मिला है।

### बेख़ौफ बदमाशों ने दवा दुकानदार की कर दी निर्मम हत्या

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा।** जिले में दिन दिनों अपराधियों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है। एक बार फिर भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के चांदी चौक पर एक युवक की शनिवार की अहले सुबह गर्दन रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक तेजनारायण चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर गाँव निवासी विजय सिंह का पुत्र बताया जाता है। मृतक की चांदी बाजार पर मेडिकल की दुकान है। स्थानीय लोगों की माने तो सुबह में किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर इनको मेडिकल दुकान पर कुछ दवा लेने के लिए बुलाया था। उसी बहाने इनकी निर्मम हत्या कर दी गई। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हो गए और सड़क जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जिसके बाद मौके पर कई थानों की पुलिस पहुंची और लोगों को समझा-बुझा कर किसी तरह मामले को शांत करवाया। वही इस घटना के संबंध में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि मेडिकल दुकानदार की हत्या कुछ अज्ञात अपराधियों ने की है। मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वॉयड की टीम को भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### बिक्रमगंज में थाने से महज 200 मीटर दूर ड्यूटी करने जा रहे दारोगा को बदमाशों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** रोहतास में थाने में ड्यूटी करने जा रहे बिक्रमगंज थाने जा रहे दारोगा को बदमाशों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मिली जानकारी के अनुसार बिक्रमगंज थाने में पदस्थापित दारोगा राकेश कुमार अपने घर से थाने आ रहे थे। इसी दौरान गली में खड़े कुछ बदमाशों से उनकी कहासुनी हो गई। इसके बाद बदमाश दारोगा के साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए।मिली जानकारी के अनुसार, बिक्रमगंज थाने में पदस्थापित दारोगा राकेश कुमार स्थानीय बिस्कोमान के सामने की गली में एक मकान में किराए पर रहते हैं। देर रात करीब 10 बजे वह ड्यूटी के लिए थाने जा रहे थे।दारोगा जब घर से थाने के लिए निकले तो, गली में खड़े पांच लोगों से किसी बात को लेकर उनकी कहासुनी हुई। इसके बाद बदमाश दारोगा से हाथापाई करने पर उतारू हो गए। मामला बिगड़ता देख दारोगा अपने आवास की ओर उल्टे पांव भागे। इस दौरान बदमाशों ने उन्हें खदेड़-खदेड़कर पीटा और फिर मौके से फरार हो गए।मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को प्रारंभिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने उन्हें छुट्टी दे दी। यह घटना पूरे शहर में आग की तरह फैल गई। पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसडीपीओ के प्रभार में रहे पुलिस निरीक्षक देवराज राय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के सहारे अपराधियों की पहचान कर ली गई है। इस घटना में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल, उन्होंने आरोपियों का नाम बताने से इनकार किया और गिरफ्तारी के बाद ही पूरी जानकारी देने की बात कही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना को अंजाम शराब तस्करों व पियक्कड़ों द्वारा दिए जाने की बात बताई जा रही है।

### हथडिहां में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** प्रखंड के हथडिहां गांव में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। उद्घाटन मैच संकरी व अगियांव बाजार के बीच हुआ।जबकि रविवार को सभी सेमीफाइनल व फाइनल मैच आयोजित होगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रखंड वार्ड संघ के अध्यक्ष चिंता हरण तिवारी,ग्रामीण अरुण तिवारी व महेंद्र तिवारी ने संयुक्त रुप से किया।टूर्नामेंट का आयोजन हथडिहां क्रिकेट क्लब के सौजन्य से हुआ। जिसके सदस्य राहुल, रितेश, अंकित,पवन, नीरज, मनीष , मुन्ना, शशि, विकास,अनिष, धीरज, बंटी,रवि,छोटू, डबल, पंकज, प्रेम, मधेश्वर, विवेक ने गांव में पहली बार किसी टूर्नामेंट का आयोजन बड़े ही उत्साहित होकर किया।वहीं हथडिहां के ग्रामीणों ने बड़े ही धुम धाम से बैंड बाजे के सांथ ट्रॉफी को लेकर गांव के देव स्थानो पर हवन पूजन किया.

# नोखा में जदयू नेताओ ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही



**दैनिक शुभ भाष्कर संवाददाता, नोखा /रोहतास।** बिहार पुलिस में महिलाओं को सबसे ज्यादा नौकरी देने वाला बिहार पहला राज्य है। जहां पर की महिला सशक्तिकरण की देन है कि हर क्षेत्र महिलाएं काफी आगे आ रही हैं। बिहार पुलिस में नौकरी करके लोगों की सुरक्षा व्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है ।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जो कहते हैं वह करते हैं और बिहार को हर क्षेत्र में विकसित किया है। उक्त बातें बिहार सरकार के परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहीं। मौका था जनता दल यूनाइटेड द्वारा नोखा बाजार समिति के मैदान में कपूरी चर्चा का आयोजन। जहां पर की कपूरी चर्चा के आयोजन के दौरान बिहार सरकार के परिवहन मंत्री शीला मंडल ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है। लोगों की समस्याओं को दूर करने के बजाए केवल मन की बात करते हैं और काम की बात करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। इस बार बिहार सरकार ने शिक्षक के नौकरी सहित कई नौकरियां को दिया है। जहां पर युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं और अति पिछड़ों अति पिछड़ों के लिए सिर्फ बात करते हैं काम नहीं करते हैं। धरातल पर काम नीतीश कुमार करते हैं ।जो की आरक्षण महिलाओं एव पिछड़ों को देकर के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने किया। संचालन राजेश सोनकर और प्रखंड अध्यक्ष रूपेश चंद्रवंशी ने किया। सांसद महाबली सिंह ,प्रदेश अध्यक्ष आहे कि०पू० - डा० धमेन्द्र चन्द्रवी, पूर्व मंत्री - अजित चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता - अजुम आरा, पूर्व मंत्री - जय कुमार सिंह , पूर्व विधायक - वसिष्ट सिंह ,पूर्व विधायक - अशोक सिंह जी, पूर्व सदस्य महीला वर्ग आयोग - रजामा कामिल कसा,सवीता नरराज जी, प्रदेश महासचिव अमोम चौधरी, पूर्व प्रत्यासी-सह प्रदेश महासचिव नागेन्द्र चन्द्रवशी,प्रदेश महासचिव बिन्ध-चन्द्रवंशी, पूर्व जिला पार्षद-उषा पटेल, जदयू नेता - डा० निर्मल कुशवाध, संगीता कुम, रेहाना खातून, प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश सेतू,प्रदेश महासचिव महीला ,प्रखण्ड अध्धयमाला पुन्ना सिंह रेणु कुशवाहा, राजपु,र ,अमरेन्द्र कुशवाहा ,जिल्ला अध्यक्ष अनुउचित जाती - डामा रामप्रोफेजर अशोक चौधरी, चौधरी माखन जी, प्रदेय महासचिव अशोक-चंद्रवंशी,. गुड़-चन्हवंशी, सत्यनरायण चन्द्रवशी, अरबिन्द पटेल,रामशाद हुजैन, राष्ट्रीय युवा जचिव-नितिस पटेल, युवा जिला अध्यक्ष - अभिषेक पटेल, सचिव- जावेद इकबाल ,गुड्डू-चन्द्रवेश।

## आपसी रंजिश में युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट पशु मेला के समीप एक महादलित युवक की हत्या का मामला प्रकाश में आया है । मृतक काराकाट गांव निवासी 25 वर्षीय अठली नट माता मीना देवी बताया जाता है । घटना के बारे में बताया जाता है की मृतक गांव के ही महादलित टोला में रहता था । युवक की मौत की खबर सुबह में ग्रामीणों को लगी । मृतक की माता ने बताई कि सुबह सूचना मिली कि आपके बेटे की हत्या कर पशु मेला के समीप करहा में हाथ पैर बांध कर फेंका हुआ है । मौत की खबर सुन मृतक की माँ रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंची तो देखा कि लोगों की काफी भीड़ लगी थी । मृतक कि मा ने बताया कि मेरे बेटे के गर्दन में रस्सी बांध कर हत्या किया गया है । हत्या की खबर की सूचना पर थानाध्यक्ष मो. शहनवाज अख्तर के साथ पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है । हत्या के मामले की जांच जारी है । थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या के मामले में अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है ।

## गोदाम में लगी आग, हजारों रुपए की संपत्ति जलकर खाक



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र के गरूड़ा गांव में स्थित एक गोदाम में शनिवार की दोपहर में अचानक आग लगने से अनाज सहित हजारों रुपए की संपत्ति जल कर राख हो गई। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया गया, सूचना के कुछ हीं घंटे बाद अग्निशमन दस्ता वहां पहुंच कर किसी तरह से आग पर काबू पाने में सफल रही नहीं तो एक बड़ी घटना हो सकती थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गरूड़ा गांव में प्रभू स्वर्णकार के गोदाम में शनिवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। आग की लपटे उठते देख ग्रामीण गोदाम की ओर दौड़े, आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। आग बूझाने में असफल होने की संभावना पर अग्निशमन दस्ता को सूचना दिये। सूचना मिलते हीं अग्निशमन दस्ता वहां पहुंच कर किसी तरह से आग पर काबू पाने में सफल रहा। इस बीच गोदाम में रखे अनाज सहित सहित दो लाख रुपए की संपत्ति जल गई। इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई है।

# बकाया राशि रहने के कारण विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात जलाना पड़ा महंगा, विभाग ने लगाया जुर्माना



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन कर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, संझौली प्रमुदित रक्त पटेल ने प्राथमिकी दर्ज की है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-सोनी के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर सुरेंद्र चौधरी पर 21108 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ ही साथ बकायेदार उपभोक्ता का मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। जांच दल में सहायक विद्युत अभियंता एसटीएफ ऋषिका कुमारी के साथ क्षेत्रीय मानवबल मिस्त्री रामअवधेश प्रजापति, कमालुद्दीन अंसारी एवं लाइनमैन कृष्णा प्रसाद आदि मौजूद थे।

### रसोइयां फ्रंट का बीआरसी के समक्ष प्रदर्शन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर।** सरकारी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में बच्चों के लिए दोपहर का भोजन तैयार करने हेतु बहाल रसोइयों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुसार मानदेय का भुगतान करने सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइयां फ्रंट के बैनर तले सैकडों की संख्या में रसोइयों द्वारा प्रखंड संसाधन केंद्र पिरो के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया । फ्रंट के अध्यक्ष उपेन्द्र रवानी व सचिव महेन्द्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान रसोइयों ने कहा कि फिलवक्त उन्हें प्रतिमाह महज 1650 रूपये मानदेय का भुगतान किया जाता है जो सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। जबकि वे प्रतिदिन छह घंटे विद्यालय में अपनी सेवा देती हैं। इतने कम मानदेय से महंगाई के इस दौर में घर-परिवार चलाना संभव नहीं है। निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम मानदेय का भुगतान श्रम कानून का उल्लंघन है। ऐसा करके सरकार उनका शोषण कर रही है। रसोइयों ने कहा कि उनकी मेहनत व कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखकर कम से कम 18000 रूपये मासिक मानदेय निर्धारित होना चाहिए। रसोइयों के अनुसार उन्हें जो अल्प मानदेय का भुगतान किया जाता है वह भी समय पर नहीं मिलता है। उन्हें साल में केवल दस महीने के मानदेय का भुगतान ही किया जाता है जो उनके साथ सरासर अन्याय है। फ्रंट के नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जिस तरह दलित मसादलित समुदाय के उत्थान को ध्यान में रखकर शिक्षा सेवकों व विकास मित्रों के मानदेय में वृद्धि की गई है उसी तरह रसोइयों को भी सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। क्योंकि रसोइयों में सबसे अधिक तादाद दलित मसादलित व पिछड़े समुदाय का है। यहां आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में मानती देवी, मीना देवी, चंद्रावती देवी, धर्मशीला देवी, प्रमीला देवी, उर्मिला देवी, बेबी देवी, चिंता देवी, हीरामुनी देवी, कांति देवी आदि शामिल थी।

### दरोगा को दौड़ाकर पीटा प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** आरक्षी अधीक्षक विनित कुमार रोहतास ने बताया कि पु०अ०नि० राकेश कुमार बिक्रमगंज थाना, अपने आवास से डियूटी जा रहे थे तो होटल ग्लैक्सी इन के पास तीन संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने के दौरान होटल ग्लैक्सी इन से रबनवाज उर्फ मोटे अन्य दो व्यक्ति के साथ होटल से निकले और संदिग्ध तीनों व्यक्ति की मदद करते हुए पु०अ०नि० राकेश कुमार से बहस करते हुए हाथा पाई एवं मारपीट कर जख्मी कर दिया गया । जब पु०अ०नि० राकेश कुमार के द्वारा अपनी जान बचाने हेतु पिस्टल कांक किया गया तो सभी अपराधकर्मी वहां से भाग गए । इस संबंध में बिक्रमगंज थाना कांड संख्या-628/23, दर्ज की गई है एवं अपराधकर्मी के गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है ।

### जल्द धान क्रय केंद्र खोलने पर विचार करें सरकारः- पूर्व विधायक भाई दिनेश



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर।** पूर्व विधायक भाई दिनेश ने भोजपुर जिला का भ्रमण कर धान की फसल का जायजा लिया। भाई दिनेश ने कहा कि भोजपुर जिला के अंदर धान का फसल तैयार हो गया है कटनी भी शुरू हो गया है। किसानों का धान की खरीद सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य हो इसके लिए पंचायत से लेकर प्रखंड जिला में धन खरीद क्रय केंद्र खोलने की आवश्यकता है। भाई दिनेश ने कहा कि भोजपुर जिला धान का कटोरा है ,भोजपुर जिला किसानों का आर्थिक मजबूती का मुख्य माध्य कृषि ही है । भाई दिनेश ने कहा कि गांव, गरीब, किसान जब मजबूत होंगे तब प्रदेश और देश मजबूत होंगे , गांव,गरीब,किसान का मजबूती मुख्य माध्य है कृषि। प्रत्येक वर्ष देखने को मिलता है कि किसान जब अपना धान का फसल 70 प्रतिशत बिचौलिए को कम दाम पर बेच देते हैं तब धान की खरीद की शुरुवात होता है जिससे किसानों को मिलने आर्थिक मजबूती दूसरे को मिल जाता है जिससे किसानों का आर्थिक मजबूती नही मिल पाता है ।

### डीएम ने विडियो कांफ्रेंसिंग से दिए दिशा निर्देश



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त एवं दुरुस्त बनाने तथा कल्याणकारी योजनाओं के समुचित वितरण एवं आम जनों की शिकायत एवं सुझाव के ससमय निष्पादन के लिए जिला पदाधिकारी नवीन कुमार द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। जिसमें ससमय कार्यालयों में अधिकारियों को पहुंचने एवं जनसंवाद का बोर्ड आफिस के आगे लगाने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

**बैठक** सभी घाट तक जाने वाले रास्तों को सुदृढ करना, बेहतर लाईट की व्यवस्था किया गया

## छठ महापर्व को ले नपं इओ ने पूजा समितियों के साथ बैठक की




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज(रोहतास)।** नासरीगंज नगर पंचायत के सभाकक्ष में आगामी छठ महापर्व को लेकर नपं इओ राकेश कुमार की अध्यक्षता में छठ पूजा समितियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से एसआई अनिता दास व एएसआई अविनाश कुमार शामिल थे। इस बैठक में सोन नद घाटों की बेहतर साफ-सफाई, सभी घाट तक जाने वाले रास्तों को सुदृढ करना, बेहतर लाईट की व्यवस्था समेत कई बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। वहीं बैठक में वार्ड पार्षद वीणा देवी ने छठ महापर्व पर शराब और मीट-मांस बन्द कराने को ले पुलिस प्रशासन से आग्रह किया। वहीं भाजपा नगर अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ लालबाबू ने वार्ड 08 स्थित नहर के रास्ते की गंदगी की सफाई कराने की बात रखी। वहीं नपं इओ ने बताया कि सभी घाटों पर लाईट, चेंजिंग रूम, वाच टावर, कंट्रोल रूम, लाईट, सीसीटीवी, थाना घाट पर तोरण द्वार, स्वास्थ्य कैम्प, नियंत्रण कक्ष व ड्रोन की व्यवस्था की गयी है। जिसमें पंचमन्दिर घाट पर दो चेंजिंग रूम, थाना घाट पर सात, मानिकचंद घाट पर तीन व पयहारी जी घाट पर दस चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गयी है। थाना घाट पर एक वाच टावर, सभी चार घाटों पर एक-एक कंट्रोल रूम, सभी घाटों पर लाईट और सीसीटीवी की व्यवस्था, पंचमन्दिर, मानिकचंद व पयहारी जी घाट पर स्वास्थ्य कैम्प की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावे सभी घाटों पर गोताखोर और ड्रोन की व्यवस्था की गयी है। वहीं सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई और सीढ़ी बनाने का कार्य जोर-शोर से शुरू कर दिया गया है। इस बैठक में मुख्य पार्षद शबनम आरा, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामूल हक, संतोष कुमार, वीणा देवी, कृष्णा कुमार, जयनंदन प्रसाद, संध्या देवी, शमशाद अहमद परसवी, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ लालबाबू, सुभाष चौधरी, आमिर खान, भारतेंदु नारायण, कर्मी रामबाबू प्रसाद, जितेंद्र कुमार, देवमुनि प्रसाद, योगेंद्र कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### एसएसबी बिहार पुलिस ने एरिया डोमेसाइल किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** नक्सलियों के विरुद्ध अभियान के तहत रोहतास जिले के डिहरी अनुमंडल अंतर्गत यदुनाथपुर ओ0पी0 के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तथा पास के जंगल एवं पहाड़ी इलाकों में एस एस बी एवं रोहतास पुलिस के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा एरिया डोमिनाइजेशन किया गया ।तथा आम जनों से संवाद किया गया। आम जनों के समस्या का समाधान किया गया जिसके कारण उनमें सुरक्षा की भावना और प्रबल हुई तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर हुआ।

## बीआरसी भवन पर रसोइयों ने किया प्रदर्शन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** स्थानीय बीआरसी भवन पर रसोइयों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर रही सैकड़ो की संख्या में रसोइयों ने सरकार विरोधी नारे लगाए तथा वेतनमान बढ़ाने की बात कही। रसोइया नारा लगा रही थी कि 1500 में दम नहीं और 10000 से कम नहीं। मध्यान भोजन रसोईया संघ के प्रखंड अध्यक्ष जयराम राय ने कहा कि हम लोग वेतनमान को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। यह धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। जब तक की सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं कर लेती। उन्होंने कहा कि 2 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई है। 7 एवं 8 नंबर को रसोइयों की भुखमरी मिटा अधिकार दिलाओ रैली पटना में होगी ।इसमें बिहार भर की रसोइया भाग लेगी। आगे उन्होंने कहा कि हमारे जो मांगे सरकार से उसमें प्रधानमंत्री पोषण योजना के ठेकेदारों को रोका जाए तथा विद्यालय परिसर में बना गर्म ताजा एवं पौष्टिक भोजन ही बच्चों को परोसा जाए। कार्यरत रसोइयों को न्यूनतम मजदूरी के रेट से 12 महीने का मानदेय दिया जाए। जबकि अभी 10 महीने का मान दे दिया जाता है ।रसोइयों को नियुक्ति पत्र भी उपलब्ध कराया जाए। रसोइयों को मातृत्व अवकाश एवं विशेष अवकाश लागू किया जाए। खाना बनाने के दौरान घायल रसोइयों को समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए ।कार्यरत महिला रसोइयों एवं पुरुषों रसोइयों को ड्रेस उपलब्ध कराया जाए। 5 लाख का जीवन बीमा भी मुफ्त में किया जाए। मौके पर रसोइयां पुष्पा देवी, संगीता देवी,मंजू देवी,सुमन देवी , कुसुम देवी, सीमा देवी,जितेन्द्र कहार,भुअर साह, सहित सैकड़ो की संख्या में रसोईया उपस्थित थीं।

## ख़ास ख़बर

### पटना मोड़ के समीप मोहनिया पुलिस ने वाहन जांच में वसूले जुर्माना



**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।** मोहनिया पुलिस ने शनिवार को पटना मोड़ के समीप में वाहन जांच अभियान चलाया।इस दौरान पुलिस ने बाइक चालकों से चार हजार रुपए जुर्माना भी वसूल किया है।इसकी जानकारी देते हुए मोहनिया थाना के एएसआई रवि कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के आदेश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि वाहन जांच के दौरान वाहनों के कागजात,वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, वाहनों के कागजात आदि की जांच की जा रही है।जांच में इन सब कागजात के अभाव पाएं जाने पर जुर्माना वसूल किया जा रहा है।

### शीशम का वृक्ष काटने के जुर्म में वन विभाग द्वारा मुखिया पर मामला किया गया दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर, रामगढ़ कैमुर।** कैमूर- जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नहर क्षेत्र ककरईत नहर लिंक क्रमांक 3 से शीशम के वृक्ष काटने के जुर्म में व्यक्ति पर मामला किया गया दर्ज। संदर्भ में जानकारी देते हुए वनरक्षी पंकज कुमार के द्वारा बताया गया कि विगत 27 अक्टूबर को वन विभाग प्रशासन द्वारा, गस्ती के दौरान नहर क्षेत्र ककरईत नहर लिंक क्रमांक 3 लवेदहा गांव के समीप पहुंचने पर देखने को मिला कि शीशम का कटा हुआ पौधा 6 पीस बोटा रखा हुआ है। स्थल पर कोई भी मौजूद नहीं था। कटे हुए पौधे की लकड़ी को गिरफ्त में लेते हुए अनुसंधान जारी था। अनुसंधान के क्रम में स्थल के आसपास के लोगों द्वारा जानकारी दिया गया, कि उक्त पौधे को रामगढ़ थाना क्षेत्र के नरहन ग्राम वासी जयप्रकाश तिवारी पिता स्वर्गीय ललन तिवारी द्वारा कटवाया गया है। जिनके विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही जारी है।

### थाना परीसर मे लगाया गया सप्ताहीक जनता दरबार



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ।** भगवानपुर थाना परिसर में अंचलाधिकारी विनोद कुमार सिंह और थाना अध्यक्ष अनिल प्रसाद के द्वारा लगाया गया साप्ताहिक जनता दरबार। जनता दरबार में कुल दो मामला आया, जिसमें भूमि विवाद को लेकर दोनों मामलों में एक मामला अवसान का तो दूसरा मामला शाहपुर का था जिसमे निस्पादन करते अचलाधिकारी ने भुमि नापी का आदेश दीया गया।

### अचानक क्षोपड़ी में लगी आग सारा सामान जल कर खाक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता दुर्गावती।** स्थानीय प्रखंड के रोहुआ गांव के पास एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई आग लगने के बाद आसपास के लोगों की काफी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई लोगों के द्वारा आग को बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता झोपड़ी में रखा हुआ सारा सामान जलकर खाक हो गया। इस संबंध में पीड़ित राम केवल राम के द्वारा दुर्गावती थाने आवेदन देकर सरकार के द्वारा मिलने वाली सहायता राशि के लिए गुहार लगाई गई ।

### पूर्व से शराब मामले में फरार चल रहे तस्कर को गिरफ्तार कर चैनपुर प्रशासन ने भेजा न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता।** ( कैमूर) जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मासोई कला गांव का एक शराब तस्कर ने पूर्व के केस में फरार चल रहा था जहां दिन शुक्रवार को शाम गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार ने तत्वरीक कार्रवाई करते हुए गश्ती टीम को मौके पर भेज कर गिरफ्तार कराया गया। गश्ती टीम ने जैसे ही मसोई गांव पहुंची तस्कर ने पुलिस की गाड़ी को आते देख चकमा देकर भागने की कोशिश किया लेकिन चैनपुर प्रशासन ने उसको दौड़ा कर गिरफ्तार कर लिया गया जहां उसका नाम धर्मेंद्र बिंद पिता कुटुरु बिंद ग्राम मसोइ थाना चैनपुर जिला कैमूर भभुआ का निवासी बताया गया प्रशासन ने चैनपुर थाना में लाकर उसको चैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य में मेडिकल जांच करा कर उसको भभुआ न्याय हिरासत में भेज दिया गया।

# पांच सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका ने किया हड़ताल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर कैमूर,(कैमुर)।** भभुआं जिले के भभुआ लिक्ष्वी भवन के सामने बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में जिले के आंगनबाड़ी केंद्र के आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर लिच्छवी भवन के सामने जिले के आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका ने हड़ताल किया। हड़ताल पर जाने से आंगनबाड़ी केंद्र पूर्ण रूप से बंद हो गया है।आंदोलनकारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।बता दें कि सितंबर से केंद्रों पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका ने धरना देते हुए राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करतें हुए अपनी मांगों के समर्थन में आवाज को बुलंद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस महंगाई में मानदेय के रूप में बहुत ही कम रुपये मिलता है। उससे घर-परिवार का खर्च चलाना काफी मुश्किल हो रहा है। इस दौरान सेवकि व सहायिकाओं के द्वारा जिला पदाधिकारी को अपनी मांग पत्र सौंपा गया इस दौरान जिला अध्यक्ष शोभा श्रीवास्तव एवं संचालन अशोक श्रीवास्तव जिला संयोजक द्वारा नेतृत्व किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र कि जिला अध्यक्ष शोभा श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार हमको वेतन बढ़कर 25000 प्रति माह एवं सहायिका को 18000 रुपए भुगतान करें एवं केंद्र सरकार को छोड़कर राज्य सरकार द्वारा 10000 सेविकाओं व सहायिकाओं को अतिरिक्त मानदेय भुगतान करे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश ग्रचुवती व वेतनमान लागू करें अन्य राज्यों की तरह सेवानिवृत होने पर पेंशन सेविकाओं को ग्रेड सी एवं सहायिकाओं को ग्रेड डी में समायोजित करने राज्य कर्मी का दर्जा दे। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका एवं सहायिकाओं के द्वारा एक तरफ का आवागमन पूर्ण रूप से बाधित कर दिया गया जिसमें थानाअध्यक्ष राम कल्याण यादव स्वयं यातायात को संचालित करते दिखे।

## संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत, पति गिरफ्तार, गया जेल



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता कैमूर।** जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर गांव से संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत के मामले में पति को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। आपको बताते चलें कि थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर गांव से शुक्रवार को में संदिग्ध स्थिति में एक विवाहिता की मौत का मामला प्रकाश में आया था। जिस मामले में मृतका के मायके पक्ष के लोगों द्वारा ससुराल पक्ष के लोगों पर नामजद करते हुए, दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना की सूचना पर स्थल पर पहुंचे थाना प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा करते हुए, शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। वही विवाहिता के पति को गिरफ्तार किया गया था। अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा बताया गया, कि मामले में भभुआं थानाक्षेत्र के मनिहारी गांव के निवासी मृतका के पिता शंकर बिन्द के द्वारा मृतका के पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों को नामजद करते हुए स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिनका आरोप है कि विवाहिता की दहेज के लिए हत्या किया गया है।मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए मृतका रितु देवी के पति अक्षय कुमार पिता कचहरी बिंद को गिरफ्तार किया गया था।

## शराब के साथ एक गिरफ्तार एक बैग और बाईक छोड़ भागा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** स्थानीय थाना दुर्गावती क्षेत्र के अंतर्गत चेहरिया बाजार के मस्जिद मोड़ के समीप एक व्यक्ति को तीन लीटर शराब के साथ स्थानीय पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर चेहरिया गांव निवासी विगन चौधरी शराब पीकर और शराब लेकर साइकिल से शुक्रवार को 12:00 बजे दिन में जा रहा था। तभी पुलिस सूचना के आधार पर जा धमकी और साइकिल के साथ शराब के खुदरा विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया। जहां से गिरफ्तार बिगन चौधरी को थाने लाया गया । शराब की कुल मिलाकर कर 3,600 लीटर ब्लू लाइन देसी शराब बताया जाता है । बता दे की विगन चौधरी पूर्व में भी शराब के मामले में जेल जा चुका है। वही शराब को लेकर जा रहे शराब के विक्रेताओ को किसी तरह से पुलिस की पीछा करने की भनक लगने के बाद बाइक और बैग में रखे शराब को छोड़कर भाग खड़े हुए। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को जानकारी किसी तरह से मिली की शराब लेकर बाइक से दो तस्कर सावठ नहर से जा रहे हैं तभी सूचना मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई और पीछा करने लगी। पुलिस को पीछा करते देखा शराब तस्कर सावठ के हरिजन बस्ती में होते हुए शराब को और बाइक को बस्ती पास फेंक कर तथा बाइक को खड़ा कर भाग निकले।

## जाति व मजहब को ढाल बनाकर राजनीति करना उचित नही



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, श्याम सुंदर पांडेय, दुर्गावती(कैमूर) संवाददाता।** वर्तमान काल में देश में जाति और मजहब राजनेताओं का ढाल बनता जा रहा है, जो कि समाज व देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। देश में एक ही जाती है वह है मानव की जाती, यदि मानवता के आधार पर देखा जाए तो मानव के लिए हर सुविधा को उपलब्ध कराना राजनेताओं का धर्म होना चाहिए। लेकिन देश के राजनेता आज के दौर में मानवता को ही छिन्न-भिन्न करने में लगे हुए हैं। इन राजनेताओं को मानवो को बांटने का अधिकार किसने दिया है, क्या यह संविधान सम्मत है । क्या मानवता को उच नीच के पैमाने से तौलना उसके धार्मिक आजादी पर कुठाराघात करना क्या संविधान सम्मत है। क्या देश में स्वास्थ्य सेवाएं शिक्षा बेरोजगारी उद्योग सिंचाई रोड सहित तमाम तरह की समस्याओं पर चर्चा नहीं की जा सकती। यदि देश के अंदर गरीबी और अमीरी को आधार बनाकर ए राजनेता राजनीति करते तो क्या उनकी मानहानि होती या उनकी क्षति इस पर जनता को विचार करना चाहिए। यदि सचमुच देखा जाए तो देश को दो ही पैमाने तोलना उचित होगा एक गरीबी और एक अमीरी तब जाकर देश में विकास की एक नई किरण फूटेगी। जिनके कंधे पर देश के विकास और मूलभूत ढांचे की जिम्मेदारी दी गई है क्या वैसे लोगों को मजहब के नाम पर किसी मजहब को गाली देकर राजनीति करने को ओछी हरकत नहीं कहा जा सकता है। सचमुच देखा जाए तो धर्म को धारण करने का जो विषय है वह शरीर के द्वारा ही शरीर के अंदर आत्मा अनुभव करती है और धारण करती है जहां कोई विभेद नहीं है न वहां कोई जाती पाती है किसी भी धर्म संप्रदाय के लोग साधना के द्वारा परमात्मा को प्राप्त कर सकते हैं यह मानव मात्र का एकमात्र अधिकार और कार्य है। लेकिन जिन राजनेताओं को साधना की कोई जानकारी नहीं है वैसे राजनेताओं को किसी के धर्म पर टिप्पणी करने का अधिकार कौन देता है। कोई राजनेता साधन के धाम मोछ के दरवाजा अष्ट चक्र नावद्वार मकर तार मन का मंडल प्राण का मंडल वेद का मंडल जैसे बहुत से सूक्ष्म तत्व है उसकी जानकारी रखता है यदि नहीं रखता है तो फिर धर्म के ऊपर टिप्पणी करने का अधिकार उनको कौन देता है क्या इस तरह की ओछी राजनीति से देश का भला हो रहा है ।देश में जाति पाति मिट रही है आपसी भाईचारा बढ़ रहा है सभी एक कॉलेज में पढ़ते हैं एक होटल में खाते हैं एक साथ यात्रा करते हैं एक साथ देवालयो में जाते हैं यह किसी को दिखाई नहीं देता।कोई बता सकता है की आज के वर्तमान समय आरक्षण देकर आपसी भाई चारा कायम किया जा सकता है या किसी के धार्मिक आजादी पर छिटा कशी करके। इसलिए वर्तमान समय में चाहिए कि राजनेताओं को विकास पर चर्चा करें सरकार की कमियों पर चर्चा करें किसी के धर्म और मजहब पर चर्चा कर कर देश में जाति पाती की अग न फैलाएं।

### 1650 में दम नहीं 10 हजार से कम नहीं' :रसोइयों का प्रदर्शन, हाथों में थाली लेकर की धरना प्रदर्शन



**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।** शनिवार को प्रखंड परिसर स्थित बीआरसी कार्यालय के सामने राष्ट्रीय मध्यान भोजन रसोइया संघ फ्रंट का अनोखा विरोध-प्रदर्शन देखने को मिला है। जहां प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों कार्यरत रसोइयों के द्वारा गीत-गाकर अपनी पीड़ा जताई।11सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को राष्ट्रीय मध्यान भोजन रसोईया संघ फ्रट की ओर से तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन को समाप्त किया गया और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को मांग पत्र सोपा गया बता दे की राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोइया फ्रंट ने हाथ में छनवटा, कलछुल लेकर प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में बीआरसी मोहनिया पहुंची रसोइया धरना पर बैठ गईं। रसोईया अनीता देवी प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में 11सूत्री मांगों को लेकर पोषण योजना के अन्तर्गत प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में काम कर रहे रसोइयों का एक तीन दिवसीय प्रदर्शन और धरना समाप्त किया गया।वही रसोइयों द्वारा बताया गया कि 7 एवं 8 नवंबर को भुखमरी मिटाओ अधिकार दिलाओ रैली के तहत गर्दनीबाग पटना में अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा।इस मौके पर अनीता देवी रसोईया संघ के प्रखंड अध्यक्ष, रसोईया धर्मावती कुंवर, संगीता देवी,लीलावती देवी गुजराती कुंवर, बिंदा कुंवर,पार्वती देवी माया कुंवर,आदि मौजूद रही

### चोरी की फिराक में लगे चोर को आसपास के लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग दो नाथूपुर डायवर्सन पेट्रोल टंकी के समीप होटल के पास से चोरी की फिराक में लगे, चोर को आसपास के लोगों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले। स्थल से मिली जानकारी के अनुसार होटल के पास खड़े ट्रकों के चालक व सहचालक होटल पर चाय पी रहे थे।की चोर द्वारा ट्रक के केबिन में घुसकर अंदर रखे हुए सामानों को चुराने का कोशिश किया जा रहा था,कि इतने में आसपास उपस्थित लोगों ने देख लिया। भनक लगते ही चोर भागने की कोशिश किया, पर लोगों ने घेर कर पकड़ लिया। उपरांत उपस्थित लोगों द्वारा थाना प्रशासन को सूचित किया गया, सूचना मिलते ही थाना प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचा गया, लोगों द्वारा चोर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी द्वारा अपना परिचय राजू कुमार पिता लक्ष्मी सिंह थाना क्षेत्र के लालपुर के रूप में दिया गया।



### भूमि संबंधित मामले के निपटारे हेतु थाना परिसर में लगा साप्ताहिक जनता दरबार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा(कैमूर)।** थाना परिसर में भूमि संबंधित मामले के निपटारे हेतु लगा साप्ताहिक जनता दरबार। आपको बताते चलें कि भूमि संबंधित मामलों के निपटारे हेतु बिहार सरकार के निर्देशानुसार हर शनिवार को अंचल पदाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष के संयुक्त बैठक में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। हर शनिवार की तरह इस शनिवार को अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार एवं अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार के संयुक्त नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। संदर्भ में जानकारी देते हुए अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार के द्वारा बताया गया, की अंचल क्षेत्र के अंचल वासियों द्वारा भूमि संबंधित मामले की निपटारे हेतु कुल पांच आवेदन दिया गया। पर पूर्ण दस्तावेज न होने व द्वितीय पक्ष की उपस्थिति ना होने की वजह से मामले की सुनवाई नहीं हो पाया। उपस्थित पदाधिकारी द्वारा विचार विमर्श के उपरांत अगले शनिवार का समय दिया गया, साथ ही द्वितीय पक्ष को उपस्थित होने हेतु नोटिस निर्गत किया गया।

### कुव्यवस्था के खिलाफ पॉलिटेक्निक कालेज मछनाहटा के छात्र -छात्राओं ने किया हंगामा

**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लहूरबारी के छात्राओं ने कथित कुव्यवस्था के खिलाफ शनिवार को कॉलेज में धरना -प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की छात्र इसलिए भड़के हुए थे कि एक बीमार छात्रा का इलाज कराने में कॉलेज प्रशासन विफल रही. छात्रों ने आरोप लगाया कि रविवार की रात्रि एक छात्रा की तबीयत अचानक खराब हो गई थी।जिसकी जानकारी छात्रों के द्वारा प्रिंसिपल को फोन से सूचित करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने कॉल नही रिसीव किया वार्डन द्वारा भी ईलाज का कोई प्रबंध नहीं कराया गया छात्रा की स्थिति गंभीर देखते हुए अन्य साथी द्वारा उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया पहुंचाया गया जहां प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया गया भभुआ से इलाज करवा कर लौटे छात्रों ने कॉलेज परिसर में धरना -प्रदर्शन और नारेबाजी करने लगे।छात्रों ने बताया कि कॉलेज में काफी अव्यवस्था है।जिसके कारण छात्रों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार दास और मोहनिया थाना के सी मनोज कुमार के द्वारा छात्रों को समझा बूझकर शांत किया गया तब जाकर कहीं छात्र शांत हुए विद्यालय में जो भी कमियां है उसे पूरा करने का निर्देश दिया गया।

कुश्ती | धरना प्रदर्शन के दौरान बिहार सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

## तीसरे दिन भी हड़ताल पर डटी रही रसोईयां कर्मी



**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** प्रखंड परिसर में स्थित बीआरसी भवन के सामने राष्ट्रीय मध्यान भोजन रसोईया फ्रंट के तत्वाधान में प्रखंड की सभी रसोईयां ने अपनी वेतन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर तीसरे दिन भी हड़ताल पर डटी रही। बता दें की धरना प्रदर्शन के दौरान सभी रसोइयां अपनी एकजुटता का परिचय दिखाते हुए बिहार सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभी रसोईयां ने बताया कि दो नवंबर से हीं हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। 7 एवं 8 तारीख को पटना गर्दनीबाग में भुखमरी मिटाओं अधिकार दिलाओ रैली व महा धरना का आयोजन होगा जिसमें हम सभी रसोईयां भाग लेंगी। रसोईयां संघ की प्रखंड अध्यक्ष लाखी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हम लोगों का वेतनमान 1650 रुपया है जो कि इससे घर का खर्च नहीं चल पाता है। वर्ष में पूरे 12 महीने काम करते हैं लेकिन 10 महीने का ही सरकार पैसा देती है जो कि वह भी समय पर नहीं मिलता है। यही नहीं हम लोगों को कोई पहचानता भी नहीं है। हम लोग अपने-अपने विद्यालयों में मध्यान भोजन के प्रति सुबह 9 बजे जाते हैं और संध्या को 3 बजे घर आते हैं। सरकार से हमारी मांगे हैं कि हम लोगों को कम से कम दस हजार रुपए वेतनमान मिले। और साल में हम लोगों को साल में दो साड़ी ड्रेस भी चाहिए। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मालती नगीना ने बताया कि हमारे यहां 27 रसोईया आवेदन दीं है की हमलोग हड़ताल पर हैं जिससे विद्यालय का एमडीएम बंद है। जब तक सभी रसोईयां वापस नहीं आ जाती हैं तब तक एमडीएम बंद रहेगा। रसोईयां के द्वारा हमें आवेदन प्राप्त हुआ है जिसे हम जिला शिक्षा पदाधिकारी के यहां सुपुर्द करेंगी।

## विवादों को निबटाने में दें प्राथमिकताः एसपी









**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** सूर्यपुरा में शनिवार को राज राजेश्वरी उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में रोहतास जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जनसंवाद कार्यक्रम में बिहार सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में उपस्थित ग्रामीणों को विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोहतास जिलाधिकारी नवीन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार, डीडीसी, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी को जनप्रतिनिधियों ने अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का संचालन अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज उपेन्द्र कुमार पाल ने किया । जनसंवाद कार्यक्रम में लगाए गए शिकायत केंद्रों पर ग्रामीणों ने अपना शिकायत दर्ज कराया। इस कार्यक्रम में जिले के लगभग 30 विभाग से जुड़े अधिकारी और प्रखंड क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया । जन संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित कई लोगों की समस्याएं सुनी और उसके निराकरण के लिए स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया । उन्होंने कहा कि आपकी सभी उचित समस्या सुनी जाएगी और उसका निराकरण भी पूर्ण रूप से किया जाएगा । रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने भी पुलिस विभाग के द्वारा चलाए जा रहे सेवाओं के सम्बंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला के लिए सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क खोला गया है। महिलाएं बेहिचक अपनी समस्या महिला पुलिस के समक्ष रख सकती है। छोटे -छोटे विवादों का अनदेखी न करें। विवादों को निबटाने का प्राथमिकता दीजिए । विवाद मुक्त वार्ड अथवा पंचायत का सर्वेक्षण कर उसका समाधान करने में ग्राम कचहरी अहम भूमिका निभा सकता है। पंचायत स्तर पर ग्राम कचहरी में छोटे-छोटे मामले को ले जाने को सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याण के लिए योजनाओं का भी जानकारी दिया गया। जनता-पुलिस एक साथ मिलकर कार्य करें तो अपराध पर काफी हद तक रोक लगाया जा सकता है। उप विकास आयुक्त शेखर आनंद ने जिले में विकास के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की दी जानकारी। बिहार सरकार के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की आम जनता के साथ डीएम ने किया सीधा जनसंवाद। डीएम से ग्रामीणों ने अबैध शराब बिक्री, आंगनबाड़ी , जनवितरण प्रणाली, विद्यालय, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि से सम्बंधित सीधे शिकायत किया। डीएम ने सीघ्र निष्पादन के लिए अधिकारियों को निदेशित किया। जन संवाद पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया। रोहतास जिला में करीब 3 लाख 11 हजार 497 शौचालय का निर्माण होने, 75 अमृत सरोवर का कार्य किया गया, 97 कचरा प्रसंस्करन इकाई का निर्माण, 754 तालाबों का चीर्णोद्धार, 9240 आहार -पईन का जीर्णोद्धार की गई। जिले में 3268 शोखता का निर्माण किया गया। सघन वृक्षारोपण के तहत जिले में 65 लाख पौधों का रोपण किया गया। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में 134 इकाई स्थापित की गई। जल जीवन हरियाली योजना की शुरुआत 2019 में किया गया था।करीब 2 हजार आहार -पोखर की सफाई की गई। 2237 संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

# बिरसा मुंडा की जयंती का लंका मैदान में होगा भव्य कार्यक्रम

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** जखनिया शिव मंदिर पर जनजाति चेतना समिति के संयोजक विनोद कुमार खरवार के नेतृत्व में चौपाल का आयोजन किया गया। साथ ही दर्जनों गांव में भ्रमण करके 15 नवंबर को गाजीपुर के लंका मैदान में भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह के कार्यक्रम को सफल बनाने कि लोगों से अपील किया। इस मौके पर जनजाति चेतन समिति के संयोजक विनोद कुमार खरवार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती इस बार काफी भव्य होगा, जिसमें हजारों की संख्या पूरे जनपद से लोग आयेगे। इसके मुख्य अतिथि होंगे सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खरवार, बसफोर, बनवासी, गोड सहित आदिवासी जनजाति के लोगों से मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया। मीडिया के वार्ता में संयोजक विनोद कुमार खरवार ने कहा कि बिरसा मुंडा के बाद अगर कोई आदिवासी जनजाति का सम्मान किया तो वह देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी है जिन्होंने आदिवासी समाज के महिला को राष्ट्रपति सहित देश के बड़े पदों पर भी आदिवासी जनजाति के लोगों को सम्मान देने का कार्य किया ।उन्होंने कहा कि पूर्व के सरकारों में आदिवासी जनजाति अपने पुश्तैनी धंधे तक सीमित होकर रह गए,लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही ऐसी जातियों का ख्याल रखा गया। इस मौके पर डा.ब्रह्मदेव खरवार, अनूप खरवार ,त्रिवेणी खरवार ,अमरेंद्र खरवार, नारद गोड ,लालजी गोड ,शशिकांत खरवार, अजीत खरवार ,जखनियां तहसील के पूर्व अध्यक्ष विनोद खरवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## खास खबर

### दल से ऊपर उठकर यादव महासभा काम करे तो समाज मे परिवर्तन आएगा :- पूर्व मंत्री सुधीर

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर , के द्वारा संपर्क अभियान के तहत आज यादव समाज से सपा के वरिष्ठ नेताओं में से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ नन्हकू मास्टर जी , पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार आदरणीय श्री सुधीर यादव जी , प्रदेश सचिव श्री चंद्रिका यादव जी , सपा नेता श्री मार्कण्डेय यादव जी , प्रदेश विशेष आमन्त्रित सदस्य श्री शिव शंकर यादव जी ,पूर्व नगर अध्यक्ष व प्रत्याशी श्री दिनेश यादव जी , पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनिहारी श्री ओमप्रकाश यादव जी, जिला सचिव राजेश यादव जी , सपा नेता विजय जी वकील आदि लोगो से भेंट करके समाज के विकास के लिए अनेको सुझाव प्राप्त किया सुजीत यादव जिलाध्यक्ष यादव महासभा , गाजीपुर ने साथ मे सुझावों के दौरान पूर्व मंत्री सुधीर यादव ने बताया कि यादव महासभा के कर्तव्य और लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए दल , पार्टी , राजनीति से ऊपर उठकर समाज को एक करना है और आपस मे सामंजस्य हो जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने बताया कि यादव महासभा गैरराजनीतिक सभा है इसमें सभी दल के नेताओं को पदाधिकारी बनाया जाएगा जल्द ज़िले की टीम के8 घोषणा होगी जिसमें 16 ब्लाक के समाज के लोग होंगे यादव महासभा गाजीपुर के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव के साथ जिला संरक्षक राम नगीना यादव जी बलिस्टर यादव जी , पुस्सू यादव , सिंहासन यादव आदि लोग थे

### पुल के दरार में नवजात शिशु मिलने से सनसनी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** भुडकुंडा थाना क्षेत्र के नसरतपुर धीरजी गांव के पास स्थित रामसिंहपुर सिखड़ी मगई पुल सड़क के दरार में एक नवजात शिशु का शव मिलने से आज दोपहर 2:00 बजे राजगीरों ने देखा तो सनसनी फैल गई ।मौके पर पुलिस उपाधीक्षक शेखर सिंगर ने पहुंचकर तत्काल कोतवाल को निर्देशित किया और शव को पीएम के लिए भेजा । मालूम हो कि आज 2:00 बजे दोपहर में राहगीरों का आवागमन के दौरान कुछ राहगीरों ने शव को देखा तो तत्काल अन्य लोगों को सूचना दी ।मौके पर सैकड़ो के भीड़ इकट्ठा हो गई ।जिसमें नवजात बच्चे का शव पूरी तरह से चींटी लग गई थी जिससे उसकी मौत हो चुकी थी ।उपस्थित लोगों ने ऐसे कृत्य को लेकर जमकर निंदा करते हुए कहा कि शिशु को साफ जगह रख दिया होता तो बहुत से ऐसे लोग है जिनकी गोद सुनी है। वह बच्चे को गोद ले सकती थे लेकिन सड़क के दरार में रखने से बच्चों की मौत हो चुकी थी ।पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर ने बताया कि नवजात के शव को पीएम के लिए भेजा गया है आगे कार्रवाई जल्द की जाएगी।

### तीन वर्षो से सफाई कर्मचारी विहीन है गांव,गंदगी का अंबार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** भुडकुड़ा कोतवाली के बेलहरा गांव में तीन वर्षो से सफाई कर्मचारी विहीन होने से गांव के सार्वजनिक स्थान सहित अन्य जगहों पर कूड़ा का अंबार से ग्रामीण त्रस्त है।प्रधान शिवदेवी सिंह ने बताया कि कई बार खंड विकास अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों को आवेदन देकर सफाई कर्मचारी तैनाती की मांग की लेकिन आज तीन वर्षो से सफाई कर्मचारी नही भेजा गया ।जिससे गांव में साफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो रही है।प्रधान शिव देवी ने उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह को आवेदन देकर सफाई कर्मचारी गांव में तैनात की मांग की है। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि 3 वर्षों से सफाई कर्मचारी नहीं है तो इसका कोई कारण रहा होगा जो पूर्व के अधिकारियों को अवगत होगे।अभी मेरे संज्ञान में आया है तो इसका जांच पड़ताल करता हूं ।

### किसान को मिली धमकी रंगदारी दो वरना जान से जाओगे,तहसील दिवस पर एसडीएम लगाई गुहार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के रामपुर मदरा गांव निवासी बुजुर्ग दंपत्ति रमेश प्रसाद और उनकी पत्नी चिंता देवी आज रोते बिलखते तहसील समाधान दिवस पर पहुंचकर उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह को आवेदन देकर गुहार लगाई थी लगभग 2 साल पहले गांव में जमीन बनाना कराया था जिसका खारिश दाखिल होने के बाद 2 वर्षों से खेती बाड़ी कर रहे थे जिसमें इस बार खेत में सरसों का फसल बोने के लेकर जुताई करते वक्त आधे दर्जन की संख्या में मां बड़ों ने पहुंचकर जबरदस्ती खेती करने से रोक दिया और50000 रंगदारी मांगते हुए भद्दी भद्दी गालियां दी। डरे सहमे लोग पुलिस थाने पर गए तो उनका कोई सहयोग नहीं किया। आज जखनियां तहसील दिवस पर चिंता देवी और उनके पति रमेश प्रसाद में आवेदन देकर गुहार लगाई की ऐसे मनबढ़ो से जान माल की सुरक्षा करते हुए जो भूमि बैनामा करते हुए खेती कर रहे थे खेती करने का आदेश दिया जाय। उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह ने कहा कि लेखपाल कानून को भेज कर जल्द ही इस मामले का निस्तारण करवाते हैं।

## पीडी राजेश यादव के अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन ग्रामीणों की सुनी फरियाद



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, शादियाबाद हुसेनपुर।** विकासखंड मनिहारी अंतर्गत ग्राम सभा हुसैनपुर में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की फरियाद सुनी गई। जिला अधिकारी गाजीपुर के निर्देशन में हर शुक्रवार को सभी पंचायत भवन में उपस्थित होकर गांव की समस्या, गांव में समाधान करने हेतु चौपाल लगाया जाता है इसी क्रम में हुसैनपुर में शुक्रवार को जन चौपाल लगाई गई जिसमें भारी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पीडी( परियोजना निदेशक)राजेश यादव ने किया पीडी ने बताया कि गांव में लोगों को आवास, पेंशन ,आयुष्मान कार्ड, राशन, शौचालय इत्यादि सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।आवास धारी के रुके भुगतान को भेजा जा रहा है ।वही गांव में दवा का छिड़काव नहीं किया जाता है ,साफ सफाई को लेकर के लोगों ने पीडी राजेश यादव से शिकायत किया।जिसपर आश्वासन दिया की जल्द ही दवा का छिड़काव किया जाएगा।सचिव संजय सक्सेना ने बताया कि गांव के लोगों को सभी योजनाओं के बारे में बताया गया तथा कुछ ग्रामीणों द्वारा आवास, पेंशन ,शौचालय के बारे में शिकायत की गई जिसका निस्तारण हेतु तुरंत मौके पर किया गया। कुछ समस्या जो गांव में बनी हुई है उसे भी निस्तारित किया जाएगा। गांव की समस्या गांव में समाधान जन चौपाल में सभी विभाग के लोगों को अवगत कराया जाता है। लेकिन हुसैनपुर में कुछ ही विभाग के लोग मौजूद थे। मौके पर लेखपाल, बिजली विभाग,स्वास्थ्य विभाग संबंधित कोई भी कर्मचारी मौके पर उपस्थित नहीं थे।सवाल उठना लाजमी है।की आखिर क्यों सभी निर्देशों का ऐसे लापरवाह लोग अनुपालन नहीं करते हैं।

## दल से ऊपर उठकर यादव महासभा काम करे तो समाज मे परिवर्तन आएगाः पूर्व मंत्री सुधीर



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर , के द्वारा संपर्क अभियान के तहत आज यादव समाज से सपा के वरिष्ठ नेताओं में से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ नन्हकू मास्टर जी , पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार आदरणीय श्री सुधीर यादव जी , प्रदेश सचिव श्री चंद्रिका यादव जी , सपा नेता श्री मार्कण्डेय यादव जी , प्रदेश विशेष आमन्त्रित सदस्य श्री शिव शंकर यादव जी ,पूर्व नगर अध्यक्ष व प्रत्याशी श्री दिनेश यादव जी , पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनिहारी श्री ओमप्रकाश यादव जी, जिला सचिव राजेश यादव जी , सपा नेता विजय जी वकील आदि लोगो से भेंट करके समाज के विकास के लिए अनेको सुझाव प्राप्त किया सुजीत यादव जिलाध्यक्ष यादव महासभा , गाजीपुर ने साथ मे सुझावों के दौरान पूर्व मंत्री सुधीर यादव ने बताया कि यादव महासभा के कर्तव्य और लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए दल , पार्टी , राजनीति से ऊपर उठकर समाज को एक करना है और आपस मे सामंजस्य हो जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने बताया कि यादव महासभा गैरराजनीतिक सभा है इसमें सभी दल के नेताओं को पदाधिकारी बनाया जाएगा जल्द ज़िले की टीम के8 घोषणा होगी जिसमें 16 ब्लाक के समाज के लोग होंगे यादव महासभा गाजीपुर के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव के साथ जिला संरक्षक राम नगीना यादव जी बलिस्टर यादव जी , पुस्सू यादव , सिंहासन यादव आदि लोग थे।

# मासूम के दिल के छेद का आरबीएसके ने सफलता पूर्वक करवाया ऑपरेशन

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** स्वास्थविभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से लगातार लोगों को लाभ होता दिख रहा है। और इन योजनाओं के माध्यम से गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज निशुल्क किया जा रहा है। ऐसा ही एक निशुल्क ऑपरेशन आरबीएसके के टीम के द्वारा एक डेढ़ साल के बच्चे का कराया गया। जिसके दिल में छेद था । जिसे आरबीएस के टीम के द्वारा पहले जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया। वहां से जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़ को रेफर किया गया। जहां पर बच्चों का सफल ऑपरेशन हुआ और बच्चा स्वस्थ है। डीपीएम प्रभु नाथ ने बताया कि जखनियां ब्लाक के ग्राम वृंदावन के रहने वाले मोहुपाल अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनिया आए हुए थे। जहां पर कार्यरत चिकित्सक डॉ एस के सिंह एवं स्टाफ नर्स राजेश के द्वारा इस मामले को आरबीएस के टीम को सौपा। टीम ने बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर कर जिला अस्पताल एडमिट कराया और फिर यहां से जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़ को रेफर कराया गया। जहां पर बच्चे का 3 अक्टूबर को एडमिशन हुआ और 4 अक्टूबर को सीएचडी का ऑपरेशन निशुल्क हुआ। मौजूदा समय में बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि यदि बच्चे को निशुल्क सुविधा नहीं मिली होती तो इस ऑपरेशन में करीब 4 से 5 लाख रुपए परिवार का खर्च होता। जो इतनी बड़ी राशि परिवार दे पाने में असफल रहता है। उन्होंने बताया कि बच्चों को अलीगढ़ तक भिजवाने में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देश दीपक पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**प्रतियोगिता** उद्घाटन के मुख्य अतिथि श्री नीषान्त उपाध्याय डिप्टी कलेक्टर गाजीपुर द्वारा किया गया

# पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्श के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर वर्ग बालक/बालिकाओ की एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** आज दिनांक 04-11-2023 को पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मषताब्दी वर्श के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर वर्ग बालक/बालिकाओ की एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन के मुख्य अतिथि श्री नीषान्त उपाध्याय डिप्टी कलेक्टर गाजीपुर द्वारा किया गया। बालक वर्ग में अरविन्द यादव क्रीड़ा अधिकारी ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत् किया। इस प्रतियोगिता में बालक 75 व बालिका 45 कुल 120 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 100 मी0 दौड़ में मोहित प्रसाद प्रथम, अंगद भारती द्वितीय, शाजिद अली तृतीय रहें, 200 मी0 दौड़ में मोहित प्रसाद प्रथम, अखिलेश यादव द्वितीय, भोला यादव तृतीय रहें, 400 मी0 दौड़ में अखिलेश यादव प्रथम, अश्विनी यादव द्वितीय, सत्यानन्द कुमार तृतीय रहें, 800 मी0 दौड़ में भोला यादव प्रथम, बालेश्वर बिन्द द्वितीय, अंश कुमार यादव तृतीय रहें, 1500 मी0 दौड़ में पवन राजभर प्रथम, अंश कुमार यादव द्वितीय, रणधीर श्याम तृतीय रहें, 3000 मी0 दौड़ में पवन राजभर प्रथम, अश्विनी राय द्वितीय, रणधीर श्याम तृतीय रहें, लांगजम्प में अंगद भारती प्रथम, अंकुर कुशवाहा द्वितीय, आनन्द चौहान तृतीय रहें, शाटपुट थ्रो में गोलू चौहान प्रथम, रामचन्द्र द्वितीय, विशाल यादव तृतीय रहें, डिस्कस थ्रो में गोलू चौहान प्रथम, शाजिद अली द्वितीय, राजकरन चौहान तृतीय रहें, जेबलिन थ्रो में राजकर चौहान प्रथम, शिवप्रकाश बिन्द द्वितीय, अमित यादव तृतीय रहें। महिला वर्ग में 100 मी0 दौड़ में निक्की प्रथम, सीमरन द्वितीय, प्रिती तृतीय रहें, 200 मी0 दौड़ में आरती यादव प्रथम, आकांक्षा पाल द्वितीय, बबली वर्मा तृतीय रहें, 400 मी0 दौड़ में आरती यादव प्रथम, प्रिती कुमारी द्वितीय, अंशु यादव तृतीय रहें, 800 मी0 दौड़ में अंशु कुमारी प्रथम, वर्तिका पाण्डेय द्वितीय, अंशु तृतीय रहे, 1500 मी0 दौड़ में वर्तिका पाण्डेय प्रथम, विद्युषी पाण्डेय द्वितीय, संध्या यादव तृतीय रहें, 3000 मी0 दौड़ में निक्की प्रथम, अंशु द्वितीय, प्रिती कुमारी तृतीय रहें, लांगजम्प में सीमरन प्रथम, गीतांजली द्वितीय, अनन्या कुमारी तृतीय रहें, शाटपुट थ्रो में प्रिती कुमारी प्रथम, अनू यादव द्वितीय, वर्शा कुमारी तृतीय रहें, डिस्कस थ्रो में रोनी प्रथम, अनू यादव द्वितीय, प्रियंका शर्मा तृतीय रहें, जेबलिन थ्रो में नीलू विश्वकर्मा प्रथम, रूबी कश्यप द्वितीय, आकांक्षा पाल तृतीय रहें। एथलेटिक्स प्रतियोगिता का सफल संचालन विनोद कुमार जासवाल, विजय यादव की देख रेख में किया गया। इस अवसर पर सर्वदेव सिंह यादव सेवानिवृ्त्त क्रीड़ा अधिकारी, ग्यासुद्दीन अहमद, नागेन्द्र यादव, दिवाकर यादव एवं समस्त प्रशिक्षक उपस्थित रहें। अन्त में अरविन्द यादव, क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सभी आगन्तुओं एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# सर्तकता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किए सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** 2023;वाराणसी मंडल पर 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर,2023 तक मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत मंडल के गाजीपुर में स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान(ZRTI) में आज दिनांक 04/11/2023 को में सर्तकता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार राय , मुख्यालय से आये AVO(T) श्री मुकेश कुमार सिंह , गणमान्य अतिथि श्री बी डी मिश्रा जी एवं श्री अमरनाथ तिवारी निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन में वाक् प्रतियोगिता ( भ्रष्टाचार का विरोध करें: राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें) का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 175 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह में प्रधानाचार्य एवं AVO(T) सर द्वारा विजेताओं को नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सान्त्वना पुरस्कार भी प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में प्रथम पुरस्कार श्री पंकज कुमार स्टेशन मास्टर , द्वितीय पुरस्कार श्री रोहित चौडाकोटी को एवं तृतीय पुरस्कार श्री रंजन कुमार जायसवाल को प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के प्रचार्य श्री संजय कुमार राय द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन मुख्य अनुदेशक लवलेश राय द्वारा किया गया।

### वोटर हेल्प वोटर हेल्प केंद्र का किया उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** खाकी बाबा सिद्धार्थ इंटर कॉलेज यूसुफपुर विजय गाजीपुर में आज नायब तहसीलदार सत्येंद्र कुशवाहा द्वारा वोटर हेल्प सेंटर का उद्घाटन किया गया। जिस किसी की उम्र 18 वर्ष हो गई हो या 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष हो जाएगी, ऐसे सभी लोग अपना दो फोटो, आधार कार्ड और हाई स्कूल की मार्कशीट लेकर आए और मतदाता सूची में तुरंत नाम जुड़वाएं। खाकी बाबा सिद्धार्थ इंटर कॉलेज पर मतदाता बनने की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

### जल जीवन मिशन के तहत डीएम का आवश्यक बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की साप्ताहिक सदीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय, की उपस्थिति में आहूत की गयी। जिसमें जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा जनपद के अन्तर्गत निर्माणाधीन योजनाओं की गहन से समीक्षा की तथा कार्यदायी संस्थाओं एवं जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी योजनाओं पर ट्यूबवेल, शिरोपरि जलाशय के कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करेगें। टी०पी०आई को निर्देश दिये गये कि सम्पादित कराये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता की जाँच निरन्तर करते रहेगें। बैठक में जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर, आई०एस०ए० तथा टी०पी०आई० के इंजीनियर उपस्थित थे।

### बूथ पर बीएलओ रहे मौजूद भरा फार्म 6,7,8 एईआरओ संजय गुप्ता किए निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** डीएम के निर्देश के क्रम में आज सुबह दस बजे से शाम तक बूथ पर बीएलओ रहे मौजूद। वोटर में नाम बढ़ाने और घटाने तथा बाहर रह रहे लोगो का काटने का कार्य किया है। जहां ए ई आर ओ संजय कुमार गुप्ता ने बुढानपुर, रामबन, भुडकुड़ा,जखनिया,बेलहरा, जौहरपुर,रामपुर बलभद्र, रामसिंहपुर,अलीपुर मदरा सहित अन्य गांवों के बूथ का निरीक्षण कर कार्य प्रगति देखे तथा आश्यकता अनुसार निर्देशित किए।

### रविदास जी के मंदिर निर्माण में निर्माणकर्ता समिति सहित 14 लोगो का शांति भंग में चालान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के सोनहडा गांव में रविदास जी की 12बिस्वा भूमि में प्रतिमा स्थापित है। तथा कुछ दिन पूर्व संत रविदास अंबेडकर समिति के लोगों द्वारा मंदिर निर्माण कराई जा रही थी मंदिर की शटरिंग हो रही थी तभी विपक्ष द्वारा अपना ट्रस्ट बनाकर मंदिर निर्माण रुकवा दिया । दोनों पक्षों को पुलिस थाने पर बुलाकर घंटा पंचायत की लेकिन समझौता नहीं हो सका। जिसमें पुलिस ने समिति के 11 सदस्य पूर्व प्रधान बुझारत राम 50 वर्ष, राजेंद्र62 वर्ष,महेंद्र राम 50वर्ष,रामशरण राम 51वर्ष,तिलकू प्रसाद 43,रामचंद्र राम 52वर्ष,मुकेश राम28,हरिकेश 30,श्याम लाल राम 62,रमेश राम 40,अनिल राम 35, तथा विपक्ष के सहबीर 62वर्ष,चंदन 35,पिंटू राम 35वर्ष।का शांतिभंग में चालान किया।थाने के उपनिरीक्षक होरिल यादव ने बताया की रविदास मंदिर निर्माण को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई थी जिसमे शांतिभंग में चालान किया गया था।

### लेखपाल ने मनमाने ढंग से बंजर भूमि में रखवाया झोपड़ी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** भुडकुंडा थाना क्षेत्र के बेलहरा गांव में आराजी नंबर 468 बंजर की भूमि पर गांव के लेखपाल ने 2021 में खारिज हुए पट्टा धारक को झोपड़ी रखकर कब्जा कर दिया। इसके बाद ग्राम प्रधान शिव देवी सिंह ने लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पैसे के बल पर लेखपाल ने खारिज हुए पट्टा धारक को गांव के बंजर भूमि पर झोपड़ी रखवा दिया ।ऐसे लेखपालों पर कार्रवाई करने की मांग उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह को आवेदन देकर गुहार लगाई। उन्होंने एसडीएम से भी मांग किया कि ऐसे लेखपाल पर कार्रवाई करते हुए गांव से स्थानांतरण कर दिया जाए। एसडीएम ने कहा कि जांच कराई जाएगी दोषी पर कार्यवाही होगी।

### शादियाबाद पुलिस और CO शेखर शिंगर भुड़कुड़ा द्वारा निकला रूट मार्च, जनता को सुरक्षा का कराया गया एहसास



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाज़ीपुर।** शादियाबाद पुलिस ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस ने शनिवार की शाम को पूरे बाजार में पैदल रूट मार्च निकाला शादियाबाद थाने के चौराहे से निकला रूट मार्च पूरे बाजार, शादियाबाद के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण कर व्यापारियों के साथ ही जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाया एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार के नेतृत्व में निकाला गया इस रूट मार्च में पुलिस अधिकारियों व आरक्षियो ने दल-बल कई वाहनों के साथ मुख्य बाजार का भ्रमण किया इसी दौरान सीओ सिटी शेखर सेंगर थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय कई उपनिरीक्षक और पुलिस बल मौजूद थे रूट मार्च के दौरान एसपी सिटी ने थाना प्रभारी को यह अवगत कराया की जगपति राम चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाय जिससे अपराध पर नियंत्रण किया जा सके तत्काल थाना प्रभारी ने मौजुद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बबलू चौहान मुबारकपुर से बात किया तो उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा है हर गांव गली में सीसीटीवी लगाया जाए,मेरे संज्ञान में यह बात आ गई है कुछ ही दिन में शादियाबाद चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगा दिया जाएगा

## ख़ास ख़बर

### बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल ट्रैफिक, बाल संरक्षण पर दी गई कानूनी जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर शहर के पत्थरचप्टी स्थित अंचीदेवी शर्राफ बालिका +2 स्कुल एवं मधुपुर प्रखंड के गोंदली तांड़ आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची निर्देशानुसार 100 दिन दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान में के तहत बैठक आयोजित कर बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल ट्रैफिक, बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी जानकारी दी गई। बाल विवाह, बाल श्रम को रोकने हेतु सभी को शपथ दिलाई गई। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय के हेड मास्टर समेत गोंदली तांड़ आंगनबाड़ी के सेविका एवं साहिका उपस्थित थीं।

### निगम हजारीबाग द्वारा कई स्थानों पर पार्किंग लगाया जाना अनुचित और अमानवीय



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में नगर निगम हजारीबाग द्वारा कई स्थानों पर पार्किंग लगाया जाना अनुचित और अमानवीय है यहां अस्पताल में ज्यादातर गरीब और मध्यम वर्ग के जरूरतमंद परिवार रोजाना भारी संख्या में इलाज हेतु आते हैं और जो मरीज अपना इलाज करने में अपने को सक्षम नहीं पा रहा है उसके लिए यह पार्किंग एक अलग से बोझ है यह अनुच्छेद ही नहीं कहीं से भी न्याय संगत नहीं है जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के महानगर अध्यक्ष यासीन अंसारी ने नगर निगम के इस फैसले का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि निगम अगर यह फैसला तत्काल निरस्त नहीं करती है तो जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग महानगर चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### फलेरिया लाभुकों के बीच फलेरिया किट का हुआ वितरण



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जामताड़ा मलेरिया कार्यालय के दिशा निर्देश पर सहिया के द्वारा किये गए फलेरिया सर्वे के अंतर्गत जामताड़ा प्रखंड के स्वास्थ्य उपकेंद्र नवाडिह, फोफनाद, सकलपुर, सहजपुर एवं सीताकाटा क्षेत्र के कई फलेरिया लाभुकों को फलेरिया किट का वितरण किया गया। फलेरिया किट में फलेरिया रोग से संबंधित रोगियों के लिए फाइलेरिया संबंधित अंगों का सेल्फ केयर करने के लिए कई सामग्री जैसे टब, मग, साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, तोलिया एवं ग्लव्स का वितरण किया गया। फलेरिया रोगियों को प्रभावित अंग का साफ सफाई करने के विषय में एवं सेल्फ केयर के विषय में एमपीडब्ल्यू मनोज तिवारी के द्वारा बतलाया गया। साथ ही साथ उन्हें फलेरिया संबंधित दवा का इस्तेमाल करने के विषय में बतलाया गया। दवा उन्हें बिल्कुल मुफ्त में स्वास्थ्य केंद्र से आसानी से प्राप्त हो सकता है। इस वितरण कार्यक्रम में एमपीडब्ल्यू रूपेश कुमार एवं क्षेत्र की सहिया साथी मौजूद थी।

### डायरिया प्रभावित क्षेत्र में पंसस रीना किस्कु ने पीड़ित को उपलब्ध कराया अनाज



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** मोरबासा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रीना किस्कु ने मोरबासा डायरिया प्रभावित गांव जाकर डायरिया पीड़ित परिवार के बीच चावल उपलब्ध कराया ।इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को माहामारी संक्रमण से बचने के लिए विभिन्न इहितियात बरतने का भी बात कही। इसके अलावे उक्त गांव में बंद पड़े चपकालों को भी अपनी उपस्थिति में पेयजल स्वच्छता विभाग के सहयोग से मरम्मत कराने की बात कही गई। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य रीना किस्कु ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक पीड़ित परिवार के बीच पांच किलो करके चावल संबंधित डीलर से उपलब्ध कराया गया। मौके पर विश्वनाथ टुडू, समाज सेवी सह ग्राम प्रधान बाबूजन मुर्मू, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार हरिपद बाउरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बिजली की हाई टेंशन तार की चपेट में आने से बैल की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** नाला प्रखंड के पंजुनिया पंचायत अंतर्गत पंजुनिया गांव में बिजली की हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक बैल की मौत हो गई है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया बबलू मुर्मू तथा पीड़ित किसान हेमलाल हांसदा ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना गुरुवार शाम करीब 5 बजे की है। उन्होंने बताया कि उसका बैल जोड़िया की तरफ चरने के लिए गया था इसी क्रम में बिजली की हाइटेंशन तार कट कर गिर पड़ी, फलस्वरूप बैल की मौत हो गई। पंजुनिया पंचायत के मुखिया बबलु मुर्मू ने बताया कि घटना घटते ही संबंधित मामले को लेकर थाना तथा अन्य पदाधिकारी के पास आवेदन समर्पित करने को लेकर गए थे। परंतु सरकारी जटिल प्रक्रिया के कारण समर्पित नहीं किया जा सका । हालांकि पीड़ित के द्वारा मुखिया से अग्रसारित करा कर आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी को भी देने की बात कही गई है।

# जामताड़ा जिला बाल विवाह जैसी कुरीतियों का शिकारः उपायुक्त



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** शनिवार को समाहरणालय सभागार में बाल विवाह एवं बाल हिंसा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त शशि भूषण मेहरा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक राम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ एवं अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जामताड़ा जिला बाल विवाह जैसी कुरीतियों से शिकार है। इन कुरीतियों को समाप्त करना केवल प्रशासनिक कार्य नहीं है, यह सामाजिक जागरूकता का विषय है, जिसे सभी के परस्पर सहयोग में जागरूकता से ही इस बुराई को समाज से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि जब किसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सरकार कानून बनाती है तो समाज में इसका तीव्र विरोध होता है। उदाहरण के तौर पर देखें तो सती प्रथा समाप्त करने हेतु कानून लागू होने पर इसका कड़ा विरोध हुआ, यह एक जघन्यतम अपराध था। लेकिन धीरे धीरे सामाजिक स्तर पर जागरुकता होने एवं प्रयास के उपरांत सती प्रथा का जड़ से उन्मूलन हुआ। इसी प्रकार जागरूकता एवं सामाजिक सहयोग से ही इसे समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आंकड़े बता रहे हैं कि जिले में होने वाला हर दूसरा विवाह बाल विवाह है, यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है, उन्होंने सभी हितधारकों को 31 अक्टूबर से 14 नवंबर तक चलने वाले अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों के बेहतर संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा की दुर्भाग्य से बच्चों की शादी उस वक्त हो जाती, जब वे खुद अपरिपक्व होते हैं, उनका स्वयं का मानसिक, शारीरिक विकास ठीक से नहीं हो पाता है, यह बेहद गंभीर बात है। बच्चों को जब बच्चे होने लगेंगे तो वे अपंग होंगे, कुपोषित होंगे, अपंग हो सकते हैं, मृत्यु दर बढ़ेगा कई प्रकार की सामाजिक समस्याएं बढ़ेगी, जो किसी भी स्तर से मान्य नहीं है। इसलिए बच्चे जब इस बोझ को संभालने के लिए परिपक्व हो जाए तभी उनका ब्याह करें। वहीं कम उम्र में शादी को लेकर सभी को इसके विरोध में खड़ा होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधिगण, समाज के बुद्धिजीवी वर्ग, मीडिया बंधु सभी का यह दायित्व है कि समाज को इस दुष्चक्र से बाहर निकालने में अपनी सक्रिय भूमिका को निभाएं। अक्सर माता पिता यह सोचते हैं कि अपने बच्चों की शादी कर के वो अपने दायित्वों से परिपूर्ण हो गए हैं, मुझे लगता है यह एक जघन्यतम अपराध है। यह सिर्फ कानून के भय से समाप्त नहीं होगा। उपायुक्त ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि इसे रोकने में आपकी भूमिका और भी अहम हो जाती है, आप लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि इसका जड़ से उन्मूलन हो सके। उन्होंने जिले वासियों से अपील है कि अगर अपने आस-पास बाल विवाह हो रहा है तो आप अपने क्षेत्र के बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी (उपायुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल अधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकायें, पंचायत सचिव,) या स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारीयों या बाल संरक्षण एजेंसियों, 112 या चाइल्ड लाईन 1098 पर रिपोर्ट कर सकते है। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने कहा कि इक्कीसवीं सदी में हम सभी जी रहे हैं और समाज में इस तरह की कुप्रथा पर आज भी चर्चा करना यह दुखद है, हमलोग सरकार एवं समुदाय दोनो से जुड़े हैं, ऐसे में हमारा दायित्व बेहद अहम है। इस कुप्रथा का घातक प्रभाव हमारे नौनिहालों पर पड़ रहा है, जिसे हम सभी को महाआंदोलन की तरह लेना होगा एवं इसके उन्मूलन के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने इस विषय पर पूरे अभियान के दौरान की गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं पीपीटी के माध्यम से बताया गया की राज्यों में पहले स्थान पर पश्चिम बंगाल है जबकि झारखंड पांचवे नंबर पर जबकि झारखंड के जिलों में जामताड़ा प्रथम स्थान पर है। वहीं इस दौरान जेएसएलपीएस डीपीएम, सीडब्ल्यूसी के सदस्यगण सहित अन्य ने इस कुप्रथा के रोकथाम को लेकर कई जानकारी को साझा किया।जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, साथ ही यह एक कानूनन अपराध है इस कुप्रथा को रोकने के लिये सरकार द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 बनाया गया है।यह अधिनियम समाज में बाल विवाह पर रोक लगाने हेतु लागू किया गया है, इस अधिनियम के अन्तर्गत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के या 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को बाल विवाह के श्रेणी में रखा जाता है।इस अधिनियम के तहत बाल विवाह दण्डनीय अपराध है। बाल विवाह करने वाले व्यस्क पुरूष या बाल विवाह सम्पन्न कराने वाले को इस अधिनियम के तहत 2 वर्ष के कठोर कारावास या 1 लाख जुर्माना या दोनों सजा से दंडित किया जा सकता है।इस अधिनियम के अन्तर्गत किये गये अपराध संज्ञेय और गैर जमानती होंगे।इस अधिनियम के अन्तर्गत अव्यस्क बालक/बालिका के विवाह को अमान्य करने का प्रावधान है।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण झा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद ज्योति मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक राम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अंजू पोद्दार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नारायणपुर मुरली यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी करमाटांड सफी आलम, डीपीएम जेएसएलपीएस श्री राहुल रंजन, सीडब्ल्यूसी सदस्य, महिला पर्यवेक्षिका, विभिन्न संगठनों के सदस्यगण आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का जिला स्तरीय सम्मेलन



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** हजारीबाग सदर प्रखंड के करबेकला पंचायत अंतर्गत अमृत नगर हाई स्कूल में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अभय कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष और बतौर विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह सम्मेलन के संयोजक विनोद कुमार कुशवाहा शामिल हुए। इस जिला स्तरीय सम्मेलन में कुशवाहा महासभा के प्रदेश व राज्य से शामिल हुए पदाधिकारीयों ने आगामी 9 ,10 और 11 फरवरी 2024 में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई साथ ही कार्यक्रम के भव्य रूप से आयोजित करने और कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुशवाहा ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कुशवाहा समाज के साथ हो रहे पूरे देश में अनदेखी और अत्याचार को लेकर यह सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें हम लोग अपने समाज की ओर से केंद्र व राज्य सरकार से कुशवाहा समाज के विकास और जनकल्याणकारी योजनाएं जो चलाई जा रही है ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों को लाभ मिले इसको लेकर धरातल पर सभी लोग कार्यरत हैं साथ ही आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों से कुशवाहा समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर मांग रखेंगे अगर हमारी मांगों को अनदेखा किया जाता है तो हम आगामी चुनाव में जनसंख्या के आधार पर हम लोग अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए चुनाव में जाएंगे और देश में जो भी विभिन्न राजनीतिक पार्टी हैं उनको बताने का काम करेंगे कि कुशवाहा समाज को जिस तरह से अनदेखा किया जा रहा है वह आगे आने वाले चुनाव में आपको चुनावी नतीजा के रूप में दिखा दिया जाएगा। वहीं जिला स्तरीय आज के सम्मेलन में उपस्थित राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह कार्यक्रम के संयोजक विनोद कुमार कुशवाहा ने कहा कि हम अपने समाज की ओर से समाज की सुदृढ़ीकरण और एकजुटता को लेकर लगातार धरातल पर काम कर रहे हैं। निश्चित रूप से आज हमारा समाज प्रगति के ऊंचाइयों को छू रहा है समाज के लोग जागरुक हुऊ हैं और आज चाहे राजनीतिक भागीदारी की बात हो शिक्षा में भागीदारी की बात हो चाहे समाज के उत्थान और विकास की बात की जाए कुशवाहा समाज हर क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं। हमारे समाज में जिस तरह से लगातार जागरुकता अभियान चलाकर समाज के लोगों को जागरुक किया जा रहा है हमारा समाज आज पूरी तरह इस बात को लेकर लगातार प्रयास में हैं कि हमारी जितनी संख्या है उसी प्रकार से हमारी राजनीतिक भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। इसी को मद्देनजर रखते हुए आगामी 9 10 और 11 फरवरी 2024 को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का राष्ट्रीय सम्मेलन हजारीबाग में आयोजित किया गया है। जिसको लेकर आज हम लोग कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर रहे हैं कार्यक्रम के सफलता को लेकर राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय से लेकर प्रखंड व ग्रामीण स्तर पर आगामी सम्मेलन की सफलता को लेकर लगातार बैठकें की जा रही है। समाज के लोगों को जागरुक किया जा रहा है ऐसे में बताना यह भी अहम होगा कि हमारा यह लगातार प्रयास है कि जितनी हमारी जनसंख्या है उसी प्रकार से हमारी राजनीतिक भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए हम लोग सम्मेलन के माध्यम से या मांग रखेंगे कि संख्या बल के अनुसार अगर हमारी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित नहीं होती और विधानसभा व लोकसभा में हमें उचित हिस्सेदारी नहीं मिलती तो कुशवाहा समाज अपनी पूरी एकजुटता का परिचय देते हुए ऐसे राजनीतिक दलों का बहिष्कार करने का काम अग्रसर होकर करेगा। आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विनोद कुशवाहा ने बताया कि हजारीबाग में फरवरी में जो राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होने वाला है उसमें बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश महतो शामिल होंगे।

### कमरे में रस्सी के सहारे लटका मिला शव



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जामताड़ा थाना क्षेत्र के सुपायडीह पंचायत के पाकडीह मोहल्ले में एक युवक के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है।मृतक युवक अपने परिवार के साथ रहता था। मृतक युवक का शव घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला। काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों ने जब आवाज लगाई तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आया। इसके उपरांत परिवार के लोगों ने कमरे में झांक कर देखा तो वे सन्न रह गए। युवक का शव रस्सी के सहारे लटकता हुआ दिखा। विदित हो कि मृतक युवक की पहचान साद इकबाल के रूप में हुई है। पिता जफर इकबाल पेशे से शिक्षक है उनका और अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना सुनकर आस पड़ोस के लोग भी पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इस दौरान पुलिस ने मोहल्ले वालों की मदद से शव को नीचे उतारा। वहीं पुलिस ने परिवार वालों से घटना की पूरी जानकारी ली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिवार के लोग यह नहीं बता पा रहे हैं कि युवक ने किस कारण से आत्महत्या किया है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हजारीबाग में ऐतिहासिक होगा राष्ट्रीय अधिवेशन



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** हज़ारीबाग के अमृत नगर उच्च विद्यालय के सभागार में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का जिला जिला सम्मेलन जिला अध्यक्ष सूरज कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ मंच का संचालन अर्जुन मेहता रामनरेश कुशवाहा राम जी कुशवाह ने संयुक्त रूप से किया स्वागत भाषण दिनेश कुमार ने किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अभय कुमार महतो विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन में मुख्य रूप से 9, 10, 11 फरवरी 2024 को हजारीबाग में राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई जिला के सभी प्रखंडों एवं गांव में सदस्यता अभियान चलाने के लिए विशेष रूप से बल दिया गया ।आज के सम्मेलन में मनोनीत जिला अध्यक्ष सूरज कुमार जिला सचिव राम जी कुशवाह जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा को पुनः सर्वसम्मति से चयनित किया गया साथ ही समाज की सामाजिक कुरीतियां दहेज प्रथा अंधविश्वास मृत्यु भोज जैसे कुरीतियों को दूर करने का चर्चा की गई शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनने पर बल दिया गया साथ ही राजनीतिक भागीदारी सत्ता एवं संगठन में जनसंख्या के अनुपात में हो इसकी चर्चा करते हुए मांग रखने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 11 फरवरी 2024 को समाज का एक-एक व्यक्ति को अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है यह सम्मेलन हमें पूरे देश में ऐतिहासिक बनाने के लिए हजारीबाग को ही राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया है इसके लिए सभी कुशवाहा बंधुओ से आग्रह करते हुए अपना तन मन और धन देने के लिए आवाहन किया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिगंबर प्रसाद मेहता ने कहा की की सदस्यता को हर घर तक पहुंचने का संकल्प दोहराया और कहा कि हमारा समाज राजनीतिक शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों में पिछड़ता जा रहा है इसे आगे बढ़ाने एवं मजबूत करने की जरूरत है राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र वर्मा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा पूर्वजों का इतिहास काफी पुराना एवं गौरवमई रहा है गौतम बुद्ध के बताएं मार्ग पर पूरा विश्व चल रहा है सत्य अहिंसा का पाठ उन्होंने पढ़ाया था चंद्रगुप्त मौर्य महान सम्राट अशोक का शासन काल पूरा एशिया महादेश पर इन्होंने किया है इन्होंने ही उस समय नालंदा विश्वविद्यालय तक्षशिला महाविद्यालय जैसे 27 शिक्षण संस्थाओं का स्थापना की गई थी सम्मेलन को प्रदेश उपाध्यक्ष टुकेश्वर प्रसाद प्रदेश सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा प्रदेश सचिव इंद्र नारायण कुशवाहा चूड़ामणि प्रसाद सुनील मेहता कृष्णकांत वर्मा मुखलाल वर्मा जयनारायण प्रसाद रेणु देवी अर्जुन मेहता अधिवक्ता शंभू कुमार विनोद कुशवाहा मालती प्रसाद रामजी कुशवाहा राम नरेश कुशवाहा अशोक कुशवाहा संतोष प्रसाद कुशवाहा ज्ञानी प्रसाद मेहता ब्रजकिशोर मेहता महेश प्रसाद जानकी महतो रामेश्वर महतो अणेश्वर प्रसाद रंजीत प्रसाद मेहता जगदीश महतो राकेश कुमार संगीता देवी दिलीप कुमार राजकुमार मौर्य उमेश डांगी अयोध्या प्रसाद मेहता मुरलीधर प्रसाद मेहता विनोद महतो धनेश्वर प्रसाद देवनारायण प्रसाद आदि ने संबोधित किया सम्मेलन में मुख्य रूप से मुख्य रूप से कृष्ण कुमार कुशवाहा सीताराम प्रसाद विशेश्वर प्रसाद ईश्वरी प्रसाद विशाल नीरज अशोक कुमार सुभाष प्रसाद भुवनेश्वर महतो कालेश्वर प्रसाद कुशवाहा श्याम नंदन किशोर रघुनाथ प्रसाद कुशवाहा राजेंद्र मेहता चमेली देवी मुंशी महतो कोडरमा तेतरी देवी पूजा देवी सरिता देवी परमेश्वर प्रसाद मेहता लक्ष्मी देवी प्रियंका कुमारी अमरनाथ कुमार अनुज कुमार वर्मा रामचंद्र प्रसाद गिरधारी प्रसाद मेहता बिसुनधारी महतो के अलावे सैकड़ो कुशवाहा महिला पुरुष नौजवान उपस्थित थे ।

### सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में आज जिला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण विभाग हजारीबाग के द्वारा बाल विवाह एवं बाल हिंसा को रोकने हेतु "सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन" अभियान के तहत जिला स्तरीय मीडिया संवेदीकरण विषय पर मीडिया कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती इन्दु प्रभा खलखो की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के विषेश अतिथि जिला सुचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, हजारीबाग उपस्थित थे। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती इन्दु प्रभा खलखो ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम 31 अक्टुबर 2023 से 14 नवंबर 2023 तक सघन रुप से पुरे जिला में आयोजित किया जा रहा है। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के निदेशानुसार हजारीबाग जिले मे बाल विवाह, बाल यौन शोषण एवं बाल हिंसा को रोकने हेतु सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन के अंतर्गत मीडिया संवेदीकरण कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित किया गया। बाल संरक्षण के क्षेत्र मे विभिन्न अधिनियम के सुचारू रूप से संचालन करने की दिशा मे किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 108 तथा लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 43 के अंतर्गत आम जनता, बालकों के साथ उनके माता-पिता और संरक्षको को अधिनियम के उपबंधो के प्रति जागरूक बनाने के लिए विभिन्न माध्यमो से इसका प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करने का प्रावधान है। इसमें विद्यालय के शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, पंचायती राज संस्थाओं मिडिया कर्मियों एवं अन्य हितधारको के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तार से मुख्य-मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग ने संबोधित करते हुए कहा कि इस 15 दिवसीय अभियान के तहत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से वंचित बालिकाओं को चिन्हित कर योजना से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस 15 दिवसीय कार्यक्रम के तहत उन बच्चों या अन्य चैपिंयनों को चिन्हित् करना है जिन्होनें बाल विवाह तथा बाल हिंसा को हतोत्साहित किया है तथा साथ ही विषम परिस्थितियों के बावजुद बालिकाओं ने अपनी शिक्षा जारी रखी है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग श्री संजय प्रसाद ने उपस्थित मीडिया के प्रतिनिधियों को इस 15 दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित मीडिया के संवेदीकरण विषय के उपर संबोधित किया। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य हितधारकों के साथ तथा विद्यालय स्तर पर, बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारियों के साथ आमुखीकरण कार्यक्रम जिला स्तर/ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा है। साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत किशोर-किशोरियों के बीच प्रशनोतरी के माध्यम से बाल विवाह एवं पोक्सो एक्ट तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा-परिचर्चा का आयोजन किया जाना है। मीडियाकर्मियों के साथ बाल हिंसा, बाल यौन शोषण पर संवेदीकरण भी किया जाना है। इसी क्रम में मुख्य रूप से मास्टर ट्रेनर दीपनारायण चौधरी एवं XISS UNICEF की प्रतिनिधि राज नन्दनी के द्वारा उपस्थित मिडिया कर्मियो को किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 74 एवं पोक्सो अधिनियम 2012 की धारा 23 के बारे मे विस्तार रूप से जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग श्री संजय प्रसाद ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, हजारीबाग श्री पंचान्नद उराव, के द्वारा किया गया। क्रार्यक्रम मे विभिन्न समाचार पत्रो, इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिघि एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, के कर्मी उपस्थित थे।

कार्यक्रम | अधिक से अधिक प्रपत्र 6, 7 एवं प्रपत्र-8 का निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया

## मतदाता सूची प्रेक्षक सह प्रमण्डलीय आयुक्त संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका लालचंद डाडेल का प्रथम विजिट कार्यक्रम संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 01. 01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त मतदाता सूची प्रेक्षक सह प्रमण्डलीय आयुक्त संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका लालचंद डाडेल ने प्रथम विजिट कार्यक्रम के तहत नाला एवं जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। जिसमें निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पूर्व आम चुनाव 2019 में कम वोटर टर्न आउट वाले मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक प्रपत्र 6, 7 एवं प्रपत्र-8 का निष्पादन हेतु आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने वैसे मतदान केन्द्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत् मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए उत्साहित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने निरीक्षण के दौरान चिन्हित मतदान केन्द्रों में बी. एल०ओ०/ बी०एल० ओ० सुपरवाईजर को आवश्यक एवं अपेक्षित प्रगति लाने के लिए निर्देश दिया।इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में बीएलओ एवं सुपरवाइजर से डोर-टू- डोर विजिट, होम-टू-रोल, वोटर कार्ड और आधार लिंकिंग का प्रतिशत, वोटर हेल्पलाइन एप्प, फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त की। प्रमंडलीय आयुक्त ने 08 नाला विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 19, मध्य विद्यालय चौकुंडा, मतदान केंद्र संख्या 20, उत्क्रमित मध्य विद्यालय ताराबाद, मत० केंद्र संख्या 59 उत्क्रमित मध्य विद्यालय चापुड़िया पूर्वी भाग, केंद्र संख्या 60 चापुडिया पश्चिमी भाग, 63 प्राथमिक विद्यालय धसनिया तथा 09 जामताड़ा विधानसभा में 233 उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीरामपुर, 243, जेबीसी उच्च विद्यालय जामताड़ा उत्तरी भाग, 245 जेबीसी उच्च विद्यालय पूर्वी भाग, 246 जेबीसी उच्च विद्यालय पश्चिमी भाग, 251, बालिका उच्च विद्यालय जामताड़ा उत्तरी भाग, 252 बालिका उच्च विद्यालय पूर्वी भाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रपत्रों का जांच किया। वहीं निरीक्षण के क्रम में वे प्रखंड कार्यालय फतेहपुर भी गए एवं अधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने मतदान केंद्र भ्रमण के क्रम में मध्य विद्यालय चौकुंदा में अध्ययनरत बच्चों से मिलकर उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली तथा बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई को प्रोत्साहित किया।वहीं परिसदन भवन जामताड़ा आगमन पर प्रमंडलीय आयुक्त का उपायुक्त शशि भूषण मेहरा, पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी सहित अन्य ने स्वागत किया एवं इस मौके पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।मौके पर पर उपरोक्त के अलावा उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव, संथाल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, दुमका जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता सुरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी दुमका विनीत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी जामताड़ा कीर्तिबाला लकड़ा, फतेहपुर बीडीओ एवं सीओ,अंचल अधिकारी जामताड़ा अबीश्वर मुर्मू, प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी सौरभ कुमार तिवारी, सहायक तकनीकी पदाधिकारी विधान चक्रवर्ती,आयुक्त के निजी सहायक शुभम सौरव सहित जिला निर्वाचन कार्यालय जामताड़ा के कर्मी आदि मौजूद रहे।

## अंचलाधिकारी ने कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** लोहरा के ग्रामीणों से मिलकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की दी जानकारी। आगामी लोकसभा चुनाव में 18 वर्ष और उससे अधिक शत प्रतिशत मतदान के योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, सुधार करने एवं मृत मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने के विशेष अभियान के तहत अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी केरेडारी द्वारा प्रखंड के दुरस्त मतदान केंद्र 01गोपदा 02 लोहरा सहित अन्य मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और उपस्थित बीएलओ से इस संबंध में जानकारी प्राप्त किया और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जांच किया। इस दौरान अंचलाधिकारी ने सभी बीएलओ को मतदान केंद्र में विशेष शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए प्रपत्र 06, 07, 08 प्राप्त कर ओनलाइन करने के निर्देश दिए। अंचलाधिकारी द्वारा भी गोपदा और लोहरा गांव के ग्रामीणों से इस अभियान में शामिल होकर आगामी लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान अभियान में शामिल होने की अपील की गई ।

## ख़ास ख़बर

### मॉडर्न थाना श्रीदत्तगंज पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र से शांति भंग में 02 व्यक्ति गिरफ्तार

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। आज दिनांक 04.11.2023 को मॉडर्न थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 151/107/116 सीआरपीसी के तहत 02 व्यक्ति को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय उतरौला भेजा गया ।

### थाना ललिया पुलिस टीम द्वारा वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री मुकेश कुमार सिंह थाना ललिया के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.11.2023 को उ0नि0 श्री शमशाद अली मय हमराह का0 उपदेश वर्मा द्वारा मा0 न्यायालय जे0एम0 प्रथम मजिस्ट्रेट महोदय बलरामपुर द्वारा जारी NBW सरकार बनाम बब्लू तिवारी मु0स0167/20 मामला संख्या एनसीआर 76/17 धारा 323,504 आईपीसी से संबंधित अभियुक्त/वारंटी रामू पुत्र प्रेम नारायण मिश्रा निवासी गनेशपुर धामाचौरी थाना ललिया जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

### तहसील तुलसीपुर में आयोजित तहसील समाधान दिवस पर सुनी गयी शिकायतकर्ताओं की शिकायतें



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। श्रीमान् जिलाधिकारी बलरामपुर श्री अरविंद सिंह व श्रीमान् पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा आज दिनांक 04.11.2023 को तहसील तुलसीपुर में आयोजित तहसील समाधान दिवस पर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तुलसीपुर व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री राघवेंद्र सिंह अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को मिली जमानत



**वाराणसी**। दुष्कर्म के मामले में आरोपी को कोर्ट से राहत मिल गयी। सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कृष्ण विश्वेष कि अदालत ने ग्राम चुप्पेपुर थाना शिवपुर निवासी आरोपी सचिन पटेल को 50-50 हज्जार रुपये की दो जमानते एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष कि ओर से अधिवक्ता नागेंद्र कुमार यादव, संजय कुमार यादव व रुद्र प्रकाश जैसल ने पक्ष रखा था। अभियोज पक्ष के अनुसार पीड़िता ने रोहनिया थाने में अभियुक्त के विरुद्ध जबरदस्ती दुष्कर्म करने व जाने से मारने की धमकी आदि के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बता दें कि बच्छाव थाना रोहनिया निवासी एक युवती ने शिवपुर थानाक्षेत्र निवासी युवक पर प्रेम जाल में फंसा कर शारीरक शोषण करने व जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।

### सुशील कुमार बने प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष



**सिकंदरपुर,बलिया**। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ बलिया के निर्देश पर ब्लॉक नावानगर के प्राथमिक शिक्षक संघ का अध्यक्ष पद के लिए चुनाव ब्लॉक संसाधन केंद्र नावानगर के सभागार में सकुशल संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवानगर ब्लॉक के 436 शिक्षकों के सापेक्ष 402 ने मतदान में हिस्सा लिया। बताते चले की अध्यक्ष पद हेतु दो उम्मीदवार दावेदारी पर थे सुशील कुमार और शिवबदन यादव जिसमें सुशील कुमार को 273 वोट प्राप्त हुए जबकि प्रतिद्वंदी शिवबदन यादव को 128 वोट प्राप्त हुए, इस तरह सुशील कुमार 145 वोटो से विजयी घोषित किए गए।इस मौके पर सुशील कुमार ने कहा कि वह हमेशा शिक्षकों के हित में काम करेंगे उन्होंने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है इसका बखूबी निर्वहन किया जाएगा उपस्थित शिक्षक सदस्यों ने उनको माला पहन कर भव्य रूप से स्वागत किया। वही चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में वीरेंद्र यादव ब्लॉक अध्यक्ष नगरा,अशोक यादव ब्लॉक अध्यक्ष सियर,ओम प्रकाश यादव सियर मंत्री मौजूद रहे। वही बधाई देने वालों में भूपेंद्र यादव, विनय यादव, मोहनकांत राय, शेख वशी अहमद , ओबैदुल्ला वाहिदी, ओमप्रकाश राय, अभिलाष चंद्र मिश्रा, जहीर आलम अंसारी, वेद आर्य, ऋषि राज गोल्डन जी, दिवेंदु शर्मा, अमरनाथ यादव , मदन यादव, निर्मल राय, नंदलाल वर्मा आदि सैकड़ो अध्यापक मौजूद रहे।

# जमीनी विवादों का प्रोएक्टिव ढंग से किया जाए निस्तारण



**वीरपुर**। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महोदय द्वारा आम जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं उसके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। इस दौरान ग्राम वीरपुर के लेखपाल मनीष श्रीवास्तव के विरुद्ध भ्रष्ट् आचरण की शिकायत तथा इसके संबंध स्पष्टीकरण दिए जाने का अवसर प्रदान किए के बावजूद भी अनुशासनहीनता बरतते हुए स्पष्टीकरण ना दिए जाने पर जोकि शिकायत की सत्यता की पुष्टि करता था इस पर जिलाधिकारी महोदय ने कड़ा रुख अपनाते हुए मौके पर ही लेखपाल मनीष श्रीवास्तव को निलंबित किए जाने का निर्देश दिया तथा तहसीलदार प्रमेश कुमार को अधीनस्थ कानूनगो एवं लेखपालो पर प्रभावी नियंत्रण में कमी तथा राजस्व वादों के निस्तारण में लापरवाही एवं रेंडम आधार पर पूर्व में निस्तारित शिकायतों की जांच करने पर कुछ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसील स्तरीय अधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष को कड़े निर्देश दिए की शिकाकातों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। तहसीलों में जमीनों के विवाद को अति सक्रियता के साथ निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार का कानूनगो एवं लेखपाल पर प्रभावी नियंत्रण हो तथा सभी थानों का तहसील के साथ बेहतर समन्वय हो। कानूनगो एवं लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर पैमाइश करते हुए विवादो का निस्तारण करे। उन्होंने विरासत के प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। शिकायतकर्ता बार-बार समाधान दिवस में चक्कर न लगाए इसके लिए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, एसडीएम तुलसीपुर अभय कुमार व अन्य जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नहरों की सिल्ट सफाई व स्क्रैपिंग पर खर्च होंगे 49.75 लाख

- डीएम ने कार्ययोजना का किया अनुमोदन
- बैठक में जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने नहरों की सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग कार्य के लिए कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की
- सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग कार्य के लिए शासन से जल्द ही बजट मिल जाएगा

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। रबी की फसलो की सिंचाई के लिए जिले में 33 नहरों की सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग का कार्य जल्दी ही शुरू हो जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने नहरों की सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग कार्य के लिए कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की है। सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग कार्य के लिए शासन से जल्द ही बजट मिल जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी श्री सिंह ने नहर विभाग के नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना जिसमें सरयू नहर खण्ड-प्रथम की 54.160 किमी लम्बी 19 नहरों के लिए 20.62 लाख, सरयू नहर खण्ड-2 गोण्डा की 13.115 किमी लम्बी 3 नहरों के लिए 4.59 लाख, सरयू नहर-6 श्रावस्ती की 26.625 लम्बी नहरों के लिए 12.37 लाख, सरयू नहर खण्ड बहराइच की 27.700 किमी लम्बी 11.89 लाख रूपए तथा सरयू नहर खण्ड-3 की 700 मीटर लम्बी 02 नहरों के लिए 28 हजार रूपए सहित कुल 121.88 किमी लम्बी नहर के लिए 49.75 लाख रूपए के अनुमानित व्यय के प्रस्ताव पर मुहर लगाई। जिलाधिकारी ने बताया कि बजट मिलते ही सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग का कार्य प्रारम्भ कराने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। बताते चलें कि जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों के माध्यम से नहरों में जमा सिल्ट एवं सिल्ट सफाई एवं स्क्रैप की जांच कराई, जिसमें यह पाया गया कि रबी की फसलों की सिंचाई के पहले नहरों में जमा सिल्ट सफाई एवं स्क्रैप की सफाई नितान्त आवश्यक हैं। नहरों की सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग कराकर पानी के बहाव लायक बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नहरों की सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग हो जाने से जिले के लाखों किसानों को इसका फायदा होगा तथा रबी की फसलों की सिंचाई हो सकेगी। बैठक में अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड-3 नोडल अधिकारी नहर विभाग, अधिशासी अभियंता चित्तौड़गढ़ बांध सहित अन्य नहर खण्डों के अधिकारी उपस्थित रहे।

थाना हर्रैया क्षेत्र से चोरी/नकबजनी की घटना का सफल अनावरण

## पाँच (05) वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद




**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपराध व अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष थाना हरैया श्री दुर्बिजय के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04-11-2023 को उ0नि0 श्री रमाकान्त त्रिपाठी मय हमराही कर्मचारीगणो के थाना हाजा से रवाना होकर देखभाल क्षेत्र शांति सुरक्षा व्यवस्था व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन आदि की गस्त में मामूर थे कि मणिपुर बाजार में फकीरी डीह जाने वाले रास्ते से चौधरी डीह की ओर से एक मोटर साइकिल जिस पर दो व्यक्ति मौजूद थे सामने आये जिन्हे चेकिंग के लिए रोक कर उनकी चेकिग करते हुए उनकी मोटर साइकिल की डिग्गी में चोरी नकबजनी करने के उपकरण मिले उक्त व्यक्तियों से कडाई से पूछ ताछ करने पर तीन अन्य अभियुक्तो को अपना साथी बताये प्रायाप्त पुलिस बल को थाना स्थानीय से तलब कर सभी अभियुक्तगणो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से उनके निशानदेही पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत 1-मु0अ0सं0-180/23 धारा 380 भादवि, 2-मु0अ0सं0-152/23 धारा 380 भादवि , 3-मु0अ0सं0-155/23 धारा 457/380 भादवि, 4- मु0अ0सं0 -194/23 धारा 457/380 भावदि में हुई चोरी के माल बरामद कर उपरोक्त मुकदमों / घटनाओं का सफल अनावरण किया गया तथा अभियुक्तगणो के बिरूद्ध अग्रिम कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

### क्रिकेट कोच हत्याकांड में अधिवक्ता को मिली जमानत



**वाराणसी**। बहुचर्चित क्रिकेट कोच रामलाल यादव की हत्याकांड में आरोपित अधिवक्ता को कोर्ट से राहत मिल गई। जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने पांडेयपुर निवासी आरोपित अधिवक्ता मनीष सिंह को एक -एक लाख रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता पारस नाथ राय व अनुज यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार कबीरचौरा निवासी रोहित यादव ने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसके पिता रामलाल यादव लगभग 40-50 वर्षों से डीएवी डिग्री कालेज के मैदान में बच्चों को क्रिकेट की कोचिंग देने का कार्य करते थे। रोज की तरह उसके पिता रामलाल एक मई 2023 को सुबह साढ़े 5 बजे डीएवी कॉलेज के ग्राउंड पर पहुंचे तो उसी दौरान पहले से घात लगाए तीन अज्ञात युवकों ने उसके पिता पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जिससे उसके पिता लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। शोर सुनकर जब आसपास के लोग जुटने लगे तो सभी हमलावर वहां से भाग निकले। घायलावस्था में उसके पिता को शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकत्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में विवेचना के दौरान आरोपित मनीष सिंह का नाम प्रकाश में आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### जागरुकता अभियान के क्रम में नारी सुरक्षा दल द्वारा किया जा रहा है महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

### चोरी से पेड़ काटने वाले के अभियुक्त गण को मा0 न्यायालय द्वारा जेल में बितायी गयी अवधि व 1000-1000 रु0 का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा एक माह में सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में दिनांक 18.02.1995 को वादी श्री सोमन यादव नि0 छितौनी थाना ललिया की तहरीरी सूचना कि अज्ञात चोरो द्वारा वादी का पेड़ चोरी से काट लेने के सम्बन्ध में थाना ललिया पर मु0अ0सं0 10/1995 धारा 379, 411 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया ,विवेचना के दौरान अभियुक्त बालकराम, राघवराम पुत्र गण छागुंर नि0 नन्द नगर थाना ललिया प्रकाश में आया । दौराने विवेचना अभियुक्त बालक राम व राघवराम उपरोक्त के कब्जे से काटा गया पेड़ बरामद करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री M.P.S राठौर द्वारा की गयी व आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। मा0 न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में मॉनीटरिंग सेल प्रभारी श्री के0के0 यादव व एपीओ श्री अनूप कुमार सिंह एवं थाना ललिया पुलिस के न्या0 पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप मा0 न्यायालय जे0एम0 प्रथम द्वारा उपरोक्त धाराओं में अभियुक्त बालकराम व राघवराम उरोक्त को जेल में बितायी गयी अवधि व 1000-1000रु0 का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी

## दहेज़ उत्पीड़न के मामले में सास-ससुर को मिलीं अग्रिम जमानत



**वाराणसी**। सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपित सास-ससुर को अग्रिम जमानत दे दी। बड़ी पियरी थाना चौक निवासी आरोपित सास कुसुमलता श्रीवास्तव व ससुर मदन मोहन लाल श्रीवास्तव को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की दशा में 50-50 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता वरूण प्रताप सिंह व हिमांचल सिंह ने पक्ष रखा। प्रकरण के अनुसार वादिनी निधि श्रीवास्तव का विवाह 23 जनवरी 2022 को बड़ी पियरी चौक निवासी मनीष कुमार श्रीवास्तव के साथ संपन्न हुआ था। वादिनी दुसरे दिन विदा होकर अपने पति के घर नटनिया दाई गयी और पत्नी धर्म का पालन करती रही। दहेज़ में दिये गये दान सामान से ससुराल वाले खुश नहीं थे। वादिनी के पति मनिष कुमार, ससुर मदन मोहन लाल, सास कुसुम लता, जेठ संदीप कुमार, जेठानी सरिता श्रीवास्तव ननद सभी श्रीवास्तव तथा ननदोई विशाल श्रीवास्तव द्वारा वादिनी से दहेज के रूप में पाँच लाख रुपया नगद एवं कार कि मांग करने लगे। वादिनी द्वारा असमर्थता जताने पर सभी लोग वादिनी को गाली गलौज देने लगे तथा प्रताड़ित करने लगे और मारने पीटने लगे जिससे उसको काफी चोटे आयी। वादिनी को जान से मारने एवं हत्या करने की मनीष कुमार ने धमकी दी और कहा कि जबसे हमको उक्त दहेज व दहेज का सामान अपने माता पिता से लेकर नहीं आयोगी। तबतक तुमको ससुराल आने नहीं देंगे। वादिनी को बूरी तरह मार पीट कर एवं घायल करके उसके पिता के घर के पास नटिनिया दाई मंदिर के पास 27 जुलाई 2022 को शाम में छोड़कर चले गये। ससुराल वाली से काफी विनती करने पर भी ससुराल वाले मानने को तैयार नहीं हुए।

**अभियान** टीकाकरण अभियान में कक्षा 1 के बच्चों को लगायी जा रही है डीपीटी बूस्टर डोज

# बलरामपुर के सभी स्कूलों में चलाया जा रहा है विशेष डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान



**सम्वाददाता संतोष दुबे बलरामपुर**। जिले स्कूल आधारित टिटनेस टिप्थीरिया / डी०पी०टी० टीकाकरण अभियान दिनांक 01- 10 नवम्बर 2023 के मध्य संचालित किया जा रहा है, जिसके क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि डिप्थीरिया के बढ़ते हुये केसों एवं स्कूल जाने वाले बच्चों में डी०पी०टी० / टी०डी० कवरेज की कम प्रगति के सम्बन्ध में राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद बलरामपुर में कक्षा 1 के बच्चों को डी०पी०टी० बूस्टर डोज, कक्षा 5 एवं कक्षा 10 के बच्चों को टिटनेस डिप्थीरिया वैक्सीन से आच्छादित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने अभियान के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि स्कूल जाने वाले कक्षा 1 कक्षा 5 एवं कक्षा 10 में अध्ययनरत बच्चों के टीकाकरण हेतु विशेष अभियान जनपद के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में चलाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को पत्र जारी कर निर्देश दे दिये गये है। शासन स्तर से अभिभावकों की सहमति के पश्चात बच्चों का टीकाकरण करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में नगरीय क्षेत्र में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य कर्मियों की टीम बना दी गयी है एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अन्तर्गत स्वास्थ्य कर्मियों की टीम गठित कर दी गयी है। इन टीमों द्वारा विद्यालयों में जाकर टीकाकरण शिविर लगाया जा रहा है। टीकाकरण सत्र पर किसी प्रतिकूल घटना के प्रबन्धन हेतु हिना फाइल एक्सेस किट एनाफायलैक्सिस किट एवं डी०पी०टी० या टी०डी० टीकाकरण के पश्चात बुखार के प्रबन्धन हेतु पैरासिटामोल टेबलेट की उपलब्धता और सुनिश्चित की गयी है । दिनांक 03 नवम्बर 2023 तक डी०पी०टी० के 3906 टीके एवं टिटनेस डिप्थीरिया के 7026 टीके लगाये जा चुके हैं । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कक्षा 1 कक्षा 5 एवं कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के अभिभावकों से अपील की है कि यदि बच्चे को डी०पी०टी० बूस्टर डोज अथवा टिटनेस डिप्थीरिया का टीका नहीं लगा है तो विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगाये जा रहे टीकाकरण शिविर में आच्छादित करायें।

# लायंस क्लब बलरामपुर का 42वाँ अधिष्ठापन एवं चार्टर समारोह सम्पन्न



**सम्वाददाता संतोष दुबे, बलरामपुर**। लायंस क्लब बलरामपुर का 42वाँ अधिष्ठापन एवं चार्टर समारोह महाराजा अग्रसेन मन्दिर में भव्यतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मंडलाधीश लायन तज़िंदर पाल सिंह ने बताया कि लायंस क्लब विश्व की सबसे बड़ी समाजसेवी संस्था है, जिसकी शाखायें पूरे विश्व में हैं। लायंस क्लब बलरामपुर पिछले 42 वर्षो से समाजसेवा के प्रशंसनीय कार्य कर रहा है, जिसका एक उदाहरण है- पन्नालाल सरावगी लायंस नेत्र चिकित्सालय। उपमंडलाशीष द्वितीय लायन डा. आर. सी. मिश्रा ने आठ नए सदस्यों को शपथ दिलाई। उपमंडलाधीश प्रथम लायन मुकेश जैन ने अध्यक्ष लायन निष्काम गुप्ता एवं उनकी टीम के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। निवर्तमान मंडलाधीश लायन बी. एन. चौधरी ने चार्टर समारोह सम्पन्न कराया तथा क्लब के एकमात्र संस्थापक सदस्य लायन अशोक गुप्ता को शाल उढ़ाकर सम्मानित किया। पूर्व मंडलाधीश लायन जी. एन. मेहरोत्रा ने अध्यक्ष, उनकी टीम तथा सभी सदस्यों को सभी लायन लीडर्स की ओर से शुभकामनाएँ प्रदान की। कार्यक्रम में ज़ोन चेयरपर्सन लायन डा म्रनाल पाण्डे सहित गोण्डा, बहराइच, लखनऊ व बलरामपुर के अनेक लायन सदस्य उपस्थित रहे। उक्त सभी जानकारी देते हुए क्लब के मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन चेयरपर्सन तथा ब्लड डोनेशन चेयरमैन लायन आलोक अग्रवाल ने बताया किलायंस क्लब बलरामपुर द्वारा कलवारी ग्राम को कैटरेक्ट मुक्त बनाने का अभियान भी शुरू किया जा चुका है जिसे अतिशीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अधिष्ठापन एवं चार्टर समारोह में रोटरी क्लब ग्रेटर के अध्यक्ष व सचिव, अग्रवाल सभा के सहसचिव सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम में लायन अरुण गुप्ता, लायन प्रद्युम्न सिंह, लायन प्रदीप मेहरोत्रा, लायन मनीष तुलस्यान, लायन उमेश अग्रवाल, लायन साकेत तुलस्यान, लायन आशुतोष अग्रवाल सहित अन्य सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

## खास खबर

### सतगावां:नए बीडीओ को 20 सूत्री अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**लोकेशन कोडरमा सतगावां, रिपोर्ट कौशल पाण्डेय।** सतगावां प्रखंड में योगदान दिए नए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकार को ओम् प्रकाश बड़ाइक को 20सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष अशोक कुमार ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।वहीं प्रखण्ड 20सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह ने मुलाकात के दौरान उन्होंने नए प्रतिनियुक्त प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से कहा कि प्रखण्ड के अंतर्गत विभिन्न समस्याएं हैं जिसे निदान करना है। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकार ओम प्रकाश बड़ाइक ने कहा कि सरकार की हर योजना को सही लाभुक तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उनका प्रयास रहेगा कि ग्रामीणों को बेवजह प्रखंड कार्यालय का चक्कर ना काटना पड़े।

### नगर निकाय कार्यालय में आकर विवाह निबंधन करवायें और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ लें



**लोकेशन कोडरमा, रिपोर्ट कौशल पाण्डेय, कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा किया गया। उपायुक्त महोदया ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना से संबंधित जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उन सभी बच्चियों को योजना का लाभ देते हुए राशि का भुगतान करेंगे। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना को लेकर कहा योजना का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार करें। विवाह निबंधन का प्रचार प्रसार करें। विवाह निबंधन कराने के लिए जो प्रक्रिया है, उससे संबंधित पोस्टर लगाना है।

### राष्ट्रीय नदी दिवस पर गंगा की आरती कर की गई सफाई



**वाराणसी।** गंगा के राष्ट्रीय नदी घोषणा दिवस 4 नवंबर को नमामि गंगे के सदस्यों ने दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती की।स्वच्छता की कामना से दुग्धाभिषेक किया गया।आरती के बाद गंगा तलहटी की सफाई करते हुए गंगा निर्मलीकरण की अलख जगाई गई। अहिल्याबाई घाट से राजेंद्र प्रसाद घाट तक लोगों को गंगा के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। नमामि गंगे टीम ने गंगा किनारे पड़े निर्माल्य को समेटकर कूड़ेदान तक पहुंचाया। राष्ट्रध्वज तिरंगा व स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर राष्ट्रीय नदी गंगा के संरक्षण हेतु निवेदन किया गया।नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि नमामि गंगे योजना तभी सफल होगी जब इसमें आमजन की भागीदारी बढ़ेगी। प्रत्येक व्यक्ति के मन में गंगा को 'उतारना' होगा।

### गौनाहा प्रखंड कृषि पदाधिकारी वीरेंद्र प्रताप का विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अजमेर आलम गौनाहा।** प्रखंड कृषि भवन में प्रखंड कृषि पदाधिकारी वीरेंद्र प्रताप के सेवानिवृत होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अवनीश कुमार ने किया। संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित कुमार गुड्डू ने किया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी बिरेंद्र प्रताप को अंग वस्त्र व चादर के साथ फूलमाला सहित अन्य उपहार देकर सम्मानपूर्वक विदाई की गई। विदाई सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी शिव जन्म राम ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी के इस कार्यकाल में अपने सहकर्मी एवं प्रखंड के अन्नदाता कृषक के साथ बेहतर तरीके से सुलभ समन्वय स्थापित कर इसे संचालित करने तथा किसानों के साथ व्यवहार करने सहित अन्य महत्वपूर्ण बातों को विस्तार से रखते हुए उनके द्वारा किए कार्यों कुशलता को पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को सीखने की बात कही।

### वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के वन क्षेत्र से जाल के साथ एक शिकारी गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना वन प्रमंडल दो के गोनौली वन क्षेत्र में शुक्रवार की रात गश्ती के दौरान वन कर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जाल के साथ एक शिकारी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए गोनौली वन क्षेत्र के वनपाल सत्यप्रकाश ने बताया कि गश्ती के दौरान वन कर्मियों को गुप्त सूचना मिली कि वन कक्ष संख्या त्रिवेणी 32 शिवनाहा जंगल में शिकारियों द्वारा शिकार करने के नियत से जाल बिछाया गया है। इस की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई, जाल सहित एक शिकारी दिनेश कुमार पिता मंगल नाथ गोनौली निवासी को गिरफ्तार किया गया। अन्य शिकारी अंधेरे का लाभ लेकर मौके से फरार हो गए।

# भारत के विकास का सनातन धर्म पर देव रिसोर्ट में परिचर्चा आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** जन चेतना मंच द्वारा शनिवार को गंगजला चौक स्थित देव रिसोर्ट में भारत के विकास का दशक और सनातन धर्म पर परिचर्चा आयोजित किया गया।इस अवसर पर विजय बसंत के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश नेता सरोज झा, कार्यक्रम संयोजक सुदीप प्रसाद सिंह, प्राचार्य डॉ रेनू सिंह, प्रोफेसर गौतम कुमार एवं श्री कृष्ण झा को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक श्री सिंह ने कहा कि भारत अपने सनातन काल से समृद्ध रहा है। पाश्चात्य देश को जब गिनती नहीं आती थी उसे समय भारत में कई विश्वविद्यालय एवं हजारों गुरुकुल चल रहे थे। जहां विश्व के छात्र अध्ययन के लिए भारत आते थे। डॉक्टर रेनू सिंह ने कहा कि भारत सोने की चिड़िया थी। अब वह पुनः अपने पुराने स्वरूप में लौटने का प्रयास कर रही है। पिछला दशक देश के लिए विकास का दशक साबित हुआ है। आज देश सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास कर विश्व के सामने नई चुनौतियां पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि सनातन का तात्पर्य शाश्वत है जो निरंतर चलते रहता है। सनातन पर सदियों चर्चा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष की गुलामी के कारण लोगों की अस्मिता धूमिल हुआ है। राष्ट्र धर्म का पालन कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। भाजपा नेता मुख्य अतिथि सरोज झा ने कहा कि पिछले दशक में जो विकास हुआ है। वह कल्पनातीत है अपने संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सामान्य कार्यकर्ता जब सत्ता में बैठता है तो परिवर्तन निश्चित होता है। इस दशक से पहले लोगों को हिंदू कहने में शर्म होती थी। हमारा मिशन और विजन अन्य राजनीतिक दलों से अलग है। हम लोग भारत मां को परम वैभव के शिखर पर ले जाना चाहते हैं। समाज की सबसे कमजोर लोगों के लिए सरकारी योजना आज शत प्रतिशत लागू हो रही है। सनातन सम्मान में सबसे नीचे लोगों को ऊपर उठना है। जाति समाज को नहीं जोड़ सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा अंत्योदय योजना, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना, राम मंदिर का निर्माण,धारा 370 की समाप्ति, आयुष्मान योजना सहित 125 से भी अधिक योजनाएं जनकल्याण के लिए चलाई जा रही है।उन्होंने कहा कि कर्म महत्वपूर्ण है जाति नहीं।आज सभी राजनीतिक दल हिंदुत्व के इर्द-गिर्द घूमने लगी है जो बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। हिंदू समाज सदियों से आत्मविस्मृत के शिकार हुए हैं।जिसके कारण सनातन धर्म में कुछ विकृतियों आई है। जिसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु जनप्रतिनिधि और अधिकारी को भूमि चयन करने का दिया निर्देश



**जिला ब्यूरो मन्नी भगत, मधुबनी।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिला के 154 वैसे ग्राम पंचायतों जहाँ पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित नहीं हुआ है, वहाँ भूमि की उपलब्धता को लेकर सभी संबधित पंचायत के मुखिया, कर्मचारी, पंचायत सचिव, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित भूमि 50 डिसमिल की जानकारी, उपलब्धता एक माह के अंदर हरहाल में कराना सुनिश्चित करे। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री बिहार के निर्देश के आलोक में बिहार के शेष बचे सभी ग्राम पंचायतो में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु अगले एक माह में भूमि का चयन किया जाना है। मधुबनी जिला के 386 पंचायत में 75 में पहले से निर्मित पंचायत सरकार भवन है एवं 01 निर्माणाधीन है।शेष 310 पंचायतो में 109 में भूमि का चयन कर लिया गया है जबकि 47 जगह चिन्हित है एवं चयन हेतु प्रक्रियाधीन है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ हर हाल में निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त वर्चुअल बैठक में सभी डीसीएलआर, एसडीओ अपने अनुमंडल से तथा जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, जिला राजस्व पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने कहा भूमिविवाद के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए ससमय करे निष्पादन



**जिला ब्यूरो मन्नी भगत, मधुबनी।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में थाना दिवस के अवसर पर जिले के सभी थानों में भूमि विवाद के मामलों पर सुनवाई को लेकर अंचलाधिकारियों एवम थानाध्यक्षो द्वारा बैठक कर सुनवाई की गई एवम कई मामलों का निष्पादन भी किया गया। गौरतलब हो की जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि भूमिविवाद से जुड़े मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी सीओ एवम थानाध्यक्ष प्रत्येक सप्ताह थाना दिवस पर अनिवार्य रूप से भूमिविवाद को लेकर बैठक कर मामलों का त्वरित निष्पादन करें एवम ससमय प्रतिवेदन भेजें ताकि आमजनों को भूमि विवाद के मामलों में राहत पंहुचाई जा सके। उन्होंने कहा कि सभी एसडीओ अपने संबधित अनुमंडल के भूमि विवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा कर अवगत करवाएंगे। उन्होंने कहा कि अपराध की ज्यादातर घटनाएं भूमि विवाद को लेकर ही होती हैं। साथ ही कई बार विधिव्यवस्था की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है। भूमि विवाद को लेकर आयोजित बैठक का सकरात्मक परिणाम भी नजर आने लगा है। अब तक जिले में भूमिविवाद को लेकर प्राप्त आवेदनों में कई आवेदनों का निपटारा भी किया जा चुका है।गौरतलब हो कि जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार स्वयं थाना दिवस पर हो रही सुनवाई का औचक निरीक्षण भी कर रहे है।

# एक बच्चो पढ़ने के लिए बैठाया गया दो कमरे में



**कोडरमा सतगावां, कौशल पाण्डेय।** सतगावां प्रखंड के अंतर्गत शुक्रवार को जब उत्क्रमित उच्च विद्यालय दौनेया में जब देखा गया की विद्यालय में बच्चों के लिए व्यवस्था ठीक है तो देखा गया की सभी ठीक ठाक है। सभी शिक्षक उपस्थित थे प्रभारी छुट्टी पर थे प्रभारी के जगह दूसरे शिक्षक प्रभार में थे। वही मध्यान भोजन के बात करें तो शिक्षक ने बताया की आज बच्चों को अंडा देना था लेकिन अंडा के जगह पर फल लाया गया था। शिक्षक ने बताया सोमबार को अंडा देते हैं। और शुक्रवार को फल देते हैं। वही जब नवसृजित प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला दौनेया में देखा की प्रभारी शिक्षक विनोद कुमार यादव के जगह पर दामोदर मिस्त्री शिक्षक को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के आदेश पर तीन दिनों के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। बच्चों की संख्या लगभग 70से 75 थी।वही देखा गया कि बच्चों को पढ़ने के लिए दो कमरों में बैठाया गया है जबकि शिक्षक मौके पर एक ही उपस्थित हैं। मध्यान्ह भोजन की बात करें तो बच्चों के लिए दाल भात और सब्जी बनाया जा रहा था। संयोजिका से जब पूछा गया कि बच्चों के लिए और कुछ व्यवस्था है तो संयोजिका ने बतायी आज के दिन यही मिलता है।वही मौके पर शिक्षक से बच्चों के बारे पूछा गया शिक्षक एक उपस्थित हैं बच्चों पढ़ने के लिए दो कमरों में बैठाया गया है तो शिक्षक ने बताया की पहले से ऐसे ही चलते आ रहा है। उसी अनुसार से बच्चों को पढ़ने के लिए बैठाया गया है।वही नवसृजित प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला में मध्यान भोजन गैस की जगह लकड़ी के चूल्हे पर बनाया जा रहा है। वही जब प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से जब इस विषय पर बात किया गया की नवसृजित प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला दौनेया का ऐसा मामला है ,तो उनके द्वारा बताया गया कि पहले एक शिक्षक को वहा पर भेजा गया था लेकिन किसी कारणवश उनको रद्द कर दिया गया है।वहां पर फिर से एक शिक्षक भेजने की तैयारी चल रही है।

### विधानसभा चुनाव 2023 के तहत डूंगरपुर विधानसभा में आज कुल चार उम्मीदवारों ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया



**दैनिक शुभ भास्कर/ प्रकाश बारोट/ राजस्थान ।** डूंगरपुर सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी से डूंगरपुर विधानसभा से प्रत्याशी बंशीलाल रोत ने चुनाव कार्यालय से विशाल रैली के रुप में शामिल हुए। रैली शहर के ब्रह्म स्थल कॉलोनी से तहसील चौराह होकर कलेक्ट्री पहुंची। कलेक्ट्री के मुख्य गेट पर भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया के साथ पुलिस ने धक्का-मुक्की करते हुए अंदर जाने से रोक दिया। जिस पर जिलाध्यक्ष ने रोष व्यक्त करते हुए पुलिस के दुव्यवहार पर नाराजगी व्यक्त की। कुछ देर बाद पुलिस ने भाजपा के एक व्यक्ति को अंदर से बाहर निकाला, फिर भाजपा जिलाध्यक्ष को कलेक्ट्री गेट से प्रवेश दिया। गौरतलब है। पुलिस ने ज्यादा सख्ती से भाजपा के कई पदाधिकारी नाराज दिखे। उन्होंने भेदभाव के आरोप लगाए। प्रत्याशी समेत पांच सदस्य को कलेक्ट्री परिसर में प्रवेश दिया गया।

### बांसी नदी की सफाई को लेकर भाजपा नेत्री सह प्रमुख विजया सिंह ने लिखा बीडीओ को पत्र



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** गंडक पार स्थित मधुबनी प्रखंड प्रमुख सह जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष विजया सिंह ने दिवाली, छठ तथा कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर बिहार के सीमा स्थित बांसी नदी घाट को जलकुंभी सहित अन्य खर पतवार को साफ सफाई करने के लिए मधुबनी बीडीओ राजेश भूषण को पत्र लिखा है। प्रमुख विजया सिंह ने कहा कि भारत स्वच्छ मिशन फेज 2 अंर्तगत लोहिया स्वच्छ बिहार के नवनियुक्त कठार व खोतहवा पंचायत के सफाई कर्मियों के द्वारा कराने की बात कही गई है। जिसमें बांसी नदी घाट को उत्तर प्रदेश की सरकार ने अपने सीमा के अंदर घाट की साफ सफाई का कार्य कराया जा चुका है। इसके मद्देनजर बिहार की सीमा में पड़ने वाले नदी घाट को साफ सफाई के लिए मधुबनी बीडीओ को पत्र लिखा जा चुका है। इस पत्र के आलोक में बीडीओ राजेश भूषण ने कहा कि खोतहवा तथा कठार पंचायत के सीमाओं के अंदर बांसी नदी घाट की सफाई के लिए प्रमुख के पत्र को लेकर दोनों मुखिया और प्रखण्ड स्वच्छता प्रभारी को सभी स्वछता कर्मियों से अविलंब साफ सफाई अपनो देख रेखा में कराने की दिशा में आदेश जारी किया गया है। बतादें कि यूपी के पड़रौना स्थित सम्बंधित अधिकारी के देख रेख में अपने सीमा के अंदर साफ सफाई तथा रंग रोगन का कार्य प्रगति पर है।

### 13 देशों के तीन हजार से अधिक फिजियोथैरेपिस्ट, विशेषज्ञ ले रहे भाग

**सुनील कुमार मिश्रा 7दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/ उदयपुर।** फिजियोथेरेपी और टैलीहेल्थ का मेल एक क्रांतिकारीबदलाव-प्रो.सारंदेवोतदर्द को बिना दर्द के खत्म करती है फिजियोथैरेपी- प्रो.सारंदेवोतफिजियोथैरेपी को बनाएं जीवन का अभिन्न अंगशोधनिष्कर्षों और मॉडल्स से हुआ नई तकनीकों पर विमर्श।कोविड महामारी के दौरान और उसके बाद देश में टैली हेल्थ तथा इससे जुड़े क्षेत्रों की मांग और परिवर्तन दोनों ही देखने को मिल रहा है। टैली हेल्थ के माध्यम से फिजियोथैरेपी मोबाइल फोन से आज हर खासोआम की पहुंच में आ गई फिजियोथैरेपी एक ऐसी विधा है जो दर्द को बिना दर्द के खत्म करने की काबिलियत रखती है। टैली हेल्थ के जुड़ जाने से ये ओर भी सुविधाजनक बन गई हैं । टैली हेल्थ जहां एक ओर दूरी से मरीजों को चिकित्सा सुविधा प्रदान कराने का असरदार माध्यम बन कर उभरा है वहीं दूसरी और इस क्षेत्र की अपनी सीमाएं और चुनौतियां भी हमारे सामने है। तकनीकी बुनियादी ढांचे, शहरी-ग्रामीण डिजिटल विभाजन, तकनीकी निरक्षरता, मरीज की गोपनीयता और इलाज की विश्वसनीयता इनमें से कुछ प्रमुख है। इन चुनौतियों के साथ नई और सरल तकनीकों के प्रयोग के उपयोग से चिकित्सा के क्षेत्र में क्रान्तिकारी बदलाव लाए जा सकते है। उक्त विचार राजस्थान विद्यापीठ के संघटक कॉलेज ऑफ फिजियोथैरेपी की मेजबानी में प्रतापनगर परिसर में ''टैली हेल्थ रिहैबिलिटेशन एक्सप्लोरिग द लैंडस्केप ऑफ हेल्थकेयर सिस्टम फ्रॉम प्री कॉविड-19 पेन्डेमिक टू पोस्ट कॉविड एरा'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय पांचवीं अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेस के उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने बतौर अध्यक्षीय उद्बोधन में कही।प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मेहता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दो दिवसीय सेमीनार की जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय सेमीनार में 13 देशों के 3000 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे है जिसमें 400 से अधिक शोध पत्रों, 10 मॉडल तथा 60 पोस्टर का वाचन व प्रदर्शन किया जाएगा।समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गोधरा के कुलपति डॉ0 प्रताप सिंह चैहान ने अपने उदबोधन में देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अन्य वैकल्पिक चिकित्सा पद्वतियों पर बोलते हुए कहा कि मुख्य चिकित्सा पद्वतियों के अतिरिक्त चिकित्सा की अज्य विधाओं को भी हमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र से जोड़ना होगा साथ ही इनमें शोध आधारित कार्यो और पेटेन्टों की दिशा में कार्य करना होगा। डॉ चैहान ने फिजियोथैरेपी के क्षेत्र में आने वाली समस्याओं और उनके संभावित समाधान की ओर किए जाने वाले प्रयासों पर भी विचार व्यक्त किए।विशिष्ट अतिथि डॉ0 के एस ठाकुर कुलपति गोविन्द गुरू ट्राईबल यूनिवर्सिटी बांसवाड़ा ने कहा कि इस प्रकार की कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से फिजियोथैरेपी से जुड़े विद्यार्थियों, स्कॉलर्स और विशेषज्ञों को विचारों और तकनीकों के अपने अनुभवों को साझा करने का अवसर मिलता है।कॉन्फ्रेंस में विभिन्न तकनीकी सत्रों के माध्यम से शोध पत्रों, मॉडलों तथा पोस्टरों के वाचन व प्रदर्शन द्वारा विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया। इसके साथ ही विषय विशेषज्ञों ने वर्कशॉप के द्वारा प्रतिभागियों को नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण और उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

रैली | साकरोदा में मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर वाहन रैली द्वारा जागरूक किया गया

# मतदाताओं को जागृत वाहन रैली द्वारा विद्यालय परिवार ने मतदान दिवस का नुता मतदाताओं को दिया



**दैनिक शुभ भास्कर/जमनेश आमेटा/ राजस्थान /उदयपुर ।** मावली क्षेत्र के ग्राम पंचायत साकरोदा में उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत स्वीप नोडल प्रभारी विकास अधिकारी शैलेंद्र पी खींची, अतिरिक्त ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र चौधरी के मार्गदर्शन से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय साकरोदा में मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर वाहन रैली द्वारा जागरूक किया गया जिसमें स्वीप सदस्य सुरेश कुमार देशबंधु बी एल ओ हीरालाल जाट द्वारा समस्त विद्यालय स्टाफ बालक बालिकाओं ने मिलकर घर-घर जाकर पीले चावल वितरित कर 25 नवंबर 2023 को समय सुबह 7:00 बजे से 6:00 बजे तक मतदान करने के लिए आह्वान किया साथ में ग्रामीण महिलाएं पुरुष बालक बालिकाओं को विद्यालय परिवार द्वारा संकल्प दिलवाया गया की गांव में शत प्रतिशत 100% इस बार मतदान हो वाहन रैली विद्यालय से बस स्टैंड चारभुजा मंदिर इमली बाजार होते हुए विद्यालय प्रांगण में पहुंची फिर बैठक आयोजित की गई तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के माध्यम से मेहंदी प्रतियोगिता पोस्ट प्रतियोगिता चुनाव में मतदान करने का संदेश दिया गया लोकेश चंद्र आमेटा आरती वर्मा पूर्णिमा राम मांडा हीरालाल जेवलिया प्रमोद कुमार गुप्ता नरेश पालीवाल रामलाल बैरवा कालूराम जाट विद्यार्थियों में तरुण पालीवाल निकिता सुथार माधुरी पालीवाल निर्मला मेघवाल अंजलि प्रजापत लक्ष्मण लाल गुर्जर द्वारा प्रत्येक घर-घर जाने का संकल्प लिया इसी क्रम में ग्राम पंचायत फलीचडा के पियो संजय कुमार वडाला के निर्देशानुसार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फलीचड्डा खेड़ी में विद्यालय परिवार के बालक बालिकाओं द्वारा मतदाताओं को जागृत करने को लेकर रैली निकाली गई जिसमें सुरेश कुमार देशबंधु ने कहा की 25 नवंबर 23 आया है मतदान करने जाना है प्रधानाध्यापक देवीलाल सालवी प्रकाश पुरी गोस्वामी जगदीश चंद्र मीणा अब्दुल गनी पिंजरा बलराम मीणा प्रियंका कुमारी कीमत मीणा जबर सिंह गहलोत आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट से डूंगरपुर की राजनीति में मची खलबली

**दैनिक शुभ भास्कर / प्रकाश बारोट/ राजस्थान /डूंगरपुर।** BPMM प्रदेश प्रचारक मुकेश कलासुआ ने डाली पोस्ट, तैयारी कर लो आ रहा हु मैदान में। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर चली पोस्ट से डूंगरपुर की राजनीति में खलबली मच गई। सोशल मीडिया पर फेसबुक स्टेटस ओर व्हाट्सएप स्टेटस पर एक पोस्ट जमकर वायरस हो रही है जिसमें लिखा हुआ है "तैयारी कर लो आ रहा हूं मैदान में।" यह पोस्ट भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के प्रदेश प्रचारक मुकेश कलासुआ ने डाली थी। देखते ही देखते पोस्ट तेजी से वायरस होने लगी जिसके चलते डूंगरपुर की राजनीति में भी खलबली मच गई।जिसके चलते पार्टी के कई सदस्यों के मुकेश कलासुआ पर फोन आने शुरु हो गये। वायरल पोस्ट में कैप्शन के साथ में फोटो भी लगी हुई है जिसमें मुकेश कलासुआ जिला कलेक्ट्री से फॉर्म खरीदकर बाहर निकलते हुए दिख रहे है। अब राजनीतिक गलियारों में यह कयास लगाये जा रहा है कि मुकेश कलासुआ निर्दलीय के रूप में चुनावी मैदान में कदम रख सकते हैं।

# अम्रपाली प्रबंधन के आश्वासन पर रैयत स्थापित मोर्चा का धरना समाप्त



**चतरा।** अम्रपाली कोल परियोजना प्रबंधन से आठ सूत्री मांगों को लेकर रैयतों का रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले चल रही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के आठवीं दिन सिमरिया एसडीओ सुधीर दास के अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता प्रबंधन के साथ आहूत की गई। जिसमें रैयतों के 8 सूत्री मांगों पर बिंदुवार चर्चा की गई। कई मांगों पर प्रबंधन ने अपनी सहमति जताई गई। जिसमे झारखंड सरकार के नियम के अनुसार स्थानीय लोगों को 75% रोजगार उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। साथ ही 8 महीने बाद जो भी नई कंपनियां आएगी उसमें पूर्ण रूप से 75% स्थानीय विस्थापितों को रोज़गार उपलब्ध कराई जाएगी। वही फिलहाल जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना स्तर पर पुनर्वास समिति का गठन करने पर सहमति बनी। जिससे सीसीएल और विस्थापितों के समस्या का समाधान करने में सुविधा होगी। गैरमजरूआ जमीन को तीव्र गति से सत्यापन कर नौकरी एवं मुआवजा दिया जाएगा और गांव में कैंप लगाने के लिए विभाग को पत्र लिखने व ट्रांसपोर्टिंग कंपनी में 12 घंटा ड्यूटी को घटाकर 8 घंटा करने पर सम्मानजनक वेतन दिया जाएगा। इसके लिए सभी कंपनी को चिट्ठी लिख दी जाएगी। प्रदूषण की रोकथाम के लिए हाईवा में त्रिपाल अच्छी तरह से ढकने का सख्त निर्देश दिया जाएगा वहीं गति सीमा को नियंत्रण करने के लिए विशेष पहल की जाएगी। अन्य मांगे जो विचाराधीन है इस पर भी प्रबंधन गंभीर है वार्ता का कॉपी भी रैयत विस्थापित मोर्चा को उपलब्ध कराई जाएगी। वार्ता के बाद धरना स्थल पर क्षेत्रीय अध्यक्ष निरंजन राणा की अध्यक्षता में एक सभा याहूत की गई जिसमें सर्वसम्मति से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया। वही निरंजन राणा ने कहा कि वार्ता के मुताबिक प्रबंधन शीघ्र हमारी मांगों पर अमल करें और मिनिट्स कॉपी में किसी भी प्रकार का उलट फिर नहीं हो नहीं तो बाध्य होकर हम लोग पुनः परियोजना का संपूर्ण कार्य ठप करा देंगे। बैठक में मुख्य रूप से रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इक़बाल हुसैन जी, सिमरिया विधानसभा झामुमो नेता आदरणीय मनोज चंद्रा जी झामुमो के वरिष्ठ नेता सलीम अख्तर जी रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सचिव गुरदयाल साव, झामुमों के वरीय नेता चंद्रदेव साहू जी, झामुमों के वरिष्ट नेता जागेश्वर दास जी, लखन साहू, अनिरुद्ध साहू, गणेश प्रसाद, रूपलाल साहू, धीरज साहू, समेत सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### भ्रष्टाचार की भेंट आजादी का अमृत महोत्सव का शिलापट

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** विकासखंड मया बाजार की ग्राम पंचायत मया भीखी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामकिशोर सिंह पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर सिंह का आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सिलापट लगाने में ग्राम पंचायत सचिव राम शंकर वर्मा द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। जन सूचना अधिकार के तहत तीन बिंदुओं पर सूचना कार्यालय खंड विकास अधिकारी मया बाजार से मांगी गई है,आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 9 अगस्त 2023 क्रांति दिवस पर देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में प्रत्येक ग्राम पंचायत में सिलापट लगवाया गया ।ग्राम पंचायत में किस स्थान पर किस मानक के अनुसार लगाने का निर्देश था उसे निर्देश की छाया प्रति दे।उपरोक्त सिलपत लगाने के लिए किन-किन मतों में कितना कितना धन राशि और मुक्त किया गया था और एस्टीमेट प्रमाणित छाया प्रति दे। सिलापट जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में अतिरिक्त कक्ष की दीवार से चश्पा कर दिया गया है। जैसे उनका सम्मान नहीं अपमानित करने के उद्देश्य लगाया गया है। अभी तक रंग-रोगन नहीं किया गया है, ना ही वहां पर किसी प्रकार का कोई कार्यक्रम ही आयोजित किया गया है। इसके लिए कौन अधिकारी, कर्मचारी या अन्य दोषी है, लिखित रूप में दें। आपको बताएं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामकिशोर सिंह अंग्रेजों के जुल्मों से भारत कराह रहा था उसे समय थाना महाराजगंज को अवैध घोषित कर नए थाने का निर्माण किया था ।जिसके आरोप में बाबूराम किशोर को एक महीने की जेल और 50 का जुर्माना देना पड़ा था । देश आजाद होने के बाद इन्होंने पेंशन लेने से मना कर दिया कहा था कि मैं आजादी की लड़ाई पेंशन लेने के लिए नहीं लड़ी थी लेकिन आज ग्राम पंचायत अधिकारी रामशंकर वर्मा माननीय प्रधानमंत्री के सिलापट लगाने मे भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने से नहीं चुके।

### नेशनल चैंपियनशिप तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे सीएम योगी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अखिल भारतीय सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप तीरंदाजी प्रतियोगिता का अयोध्या में हो रहा आयोजन जिसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 25 नवम्बर 2023 को राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगंज अयोध्या में होगा। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहेंगे तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सीएम योगी के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी है। तथा इसके सचिव अजय गुप्ता व संयुक्त सचिव योगेन्द्र राणा है। सभी लोगों की पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर आदि के साथ सर्किट हाउस में बैठक हुई। इस बैठक में आगामी होने वाली राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के आवश्यक तैयारियों पर समीक्षा की गयी। इसके प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी द्वारा बिन्दुवार पानी व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, होटल व्यवस्था, प्रतियोगिता के आयोजन सम्बंधी विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। प्रतियोगिता के आयोजन से युवा पीढ़ी को तीरंदाजी प्रतियोगिता को समझने में और सीखने में मदद मिलेगी अवस्थी ने यह भी कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से युवा पीढ़ी को तीरंदाजी प्रतियोगिता को समझने में और सीखने में मदद मिलेगी। इस प्रतियोगिता को अयोध्या में कराने का मुख्य उद्देश्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रिया-कलापों के अलावा खेल जगत में भी अयोध्या का नाम आगे बढ़ाना है। इसके आवश्यक तैयारी हेतु सभी सम्बन्धित को समय से कार्य करने हेतु अपेक्षा किया गया है। इस प्रतियोगिता में 900 से 1000 प्रतियोगी भाग लेंगे तथा एसियाड खेल एवं पैरा ओलम्पिक में भाग लेने वाले एवं मेडल जीतने वाले खिलाड़ी भी भाग लेंगे। अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा इसके पूर्व राजकीय इंटर कालेज में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, विद्यालय के प्राचार्य, पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अरविन्द द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खेल विभाग के उपनिदेशक तथा तिरंदाजी संगठन के विभिन्न प्रतिनिधियों के साथ आवश्यक बैठक हुई थी जिसमें सभी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एवं अयोध्या के गौरव में एक कड़ी और जुड़ने के लिए आवश्यक बताया तथा सभी ने अपने स्तर से सहयोग का पूरा आश्वासन दिया।

### पिपरा कोठी एनसीसी कैंप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान सांसद राजा मोहन सिंह पहुंच निरीक्षण किया

**मोतिहारी, ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा।** जवाहर नवोदय विद्यालय पीपराकोठी में एन.सी.सी. द्वारा चलाए जा रहे "एक भारत:श्रेष्ठ भारत"कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पूर्व कृषि सह किसान कल्याण मंत्री और सांसद राधामोहन सिंह पधारे जहां क्वार्टर गार्ड द्वारा उन्हें सलामी प्रदान की गई।इसके पश्चात कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बिहार,झारखंड एवम उड़ीसा राज्य के कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र जीवन बड़ा महत्वपूर्ण होता है और छात्र जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है।आपको पढ़ाई लिखाई के साथ ही राष्ट्र को विकसित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हुए राष्ट्रबोध के भाव को जगाना है।अधिकारों की बात हम बहुत कर चुके,अब हमें कर्तव्य बोध को जगाना है तभी हम विश्व गुरु बन सकेंगे।माननीय श्री राधामोहन सिंह की अगवानी 25 बिहार बटालियन एन.सी.सी.के कमांडिंग ऑफिसर सह कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार सिंह(सेना मेडल) ने किया।आज शैक्षिक परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत कैडेटों ने पीपरा कोठी स्थित महात्मा गांधी कृषि अनुसंधान केंद्र का अवलोकन किया और वहां के अध्ययन अध्यापन,शोध कार्यों की बाबत जानकारी प्राप्त की।इस अवसर पर सूबेदार देवबहादुर थापा,हवलदार सागर थापा,हवलदार यज बहादुर मगर और हवलदार उलझन थापा ने उनका मार्गदर्शन किया। आज कैंप में वॉली बॉल लीग प्रतियोगिता का फाइनल मैच(ब्वायज)संपन्न हुआ जिसमें उड़ीसा के कैडेट्स प्रथम स्थान पर रहे और बिहार के कैडेटों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में "जनसंवाद" का आयोजन

**मोतिहारी, ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा।** जिलेभर के सभी पंचायतों में जिला ,अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जन संवाद का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों/ प्रखंड समन्वय समिति/ युवा वर्ग/ महिला वर्ग/ सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक रूप से पिछड़े एवं कमजोर वर्गों / दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आम जनों को जानकारी प्रदान करते हुए इस संबंध में सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त कर उसका निराकरण करना है। उपस्थित आमजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य, आवास योजना, सड़क ,विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, पेंशन योजना, उत्पाद विभाग, मत्स्य, कल्याण विभाग,ग्रामीण कार्य विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग पीएचईडी, बैंकिंग, महिला सुरक्षा आदि की पुरी जानकारी दी जा रही है। जनसंवाद मे जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा " आमजन के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है, योजनाओं का लाभ कुछ लोगों तक ही मिल पा रहा है, तो कुछ को नहीं मिल पा रहा है। इसका मुख्य कारण आमजनों में योजनाओं की जानकारी





का अभाव है । उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर आपकी बात पदाधिकारियों /कर्मियों द्वारा नहीं सुने जाने की स्थिति में प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार में लिखित रूप में अपना आवेदन देकर समस्या का समाधान पा सकते हैं । व्यक्तिगत अथवा सामूहिक समस्याओं से जिला प्रशासन को आप अवगत कराएं, समस्याओं के निदान हेतु जिला प्रशासन आपकी सेवा में सदैव तत्पर है । स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा हेतु प्रत्येक थाना में महिला सहायता केंद्र स्थापित किया गया है, 112 नंबर डायल कर आपातकालीन सेवा प्राप्त कर सकते हैं, 12 से 15 मिनट के अंदर आप तक पुलिस सेवा पहुंचेगी । 1930 पर डायल कर साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराएं । सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें,हेलमेट पहने । छोटे बच्चों, छात्रों ,युवावर्ग, दिव्यांगजन, महिला, अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति,अति पिछड़ा, अल्पसंख्यक सभी के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से योजनाएं चलाई जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अलग-अलग योजनाओं की जानकारी दी गई। जीविका दीदियों , वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, नल जल, एवं आपदा के स्थिति में सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत दी जाने वाली राशि एवं आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख तक निःशुल्क उपचार, आयुष्मान कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन कैसे करें के संबंध मे एवं लाभ लेने के लिए पात्रता , मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना, जननी बाल सुरक्षा योजना, रेफरल सुविधा,सिटी स्कैन, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर आदि के बारे में आमजन को जानकारी दी गई।

## समाजसेविका स्वाति सिंह समाजसेविका ने बुजुर्ग महिलाओं को वितरित की साड़ी



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** समाज सेविका भाजपा नेत्री स्वाति सिंह ने आज मणि पर्वत अयोध्या स्थित वृद्ध आश्रम में सभी 48 बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी वितरित किया उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृद्ध महिलाओं के साथ-साथ गरीब और असहायों की सेवा करने से आत्मिक शांति प्राप्त होती है। उनके जीवन का लक्ष्य उदार चेहरों पर मुस्कान लाना है। उन्होंने कहा कि वह जैसे भी हो सकता है जिस प्रकार गरीबों और महिलाओं की सेवा के लिए वह हर समय तत्पर रहती हैं और किसी भी गरीब महिला को किसी भी तरह की आवश्यकता हो तो वह उसके साथ खड़ी रहती हैं उन्होंने कहा कि वृद्ध की सेवा भगवान के समान है।

## लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा आने वाला है, घाटों की साफ-सफाई देखने पहुंचे विधायक



**दैनिक, शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** तारकिशोर प्रसाद, एसडीओ एवं नगर आयुक्त निरीक्षण करने पहुंचे। घाटों पर निरीक्षण में नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने अधिकारियों को घाट की साफ सफाई को लेकर कई निर्देश भी दिया। घाटों के निरीक्षण करने के बाद विधायक ने कहा कि घाटों का निरीक्षण किया जा रहा है। जहां भी छठ घाट खतरनाक होगा। वहां बेरीकेटिंग और लाल कपड़े लगाए जाएंगे। साथ ही एनडीआरएफ और गोताखोरों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। एसडीओ और नगर आयुक्त ने कहा की जहां-जहां घाट की सफाई की आवश्यकता होगी। वहां वहां सफाई भी करवाई जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिया गया है। घाट आने वाले सड़क को दुरुस्त किया जा रहा है। ताकि श्रद्धालुओं को आने-जाने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही लाइटिंग की व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी इससे संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

## दलहनी और तिलहनी फसलों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्पित है सरकार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** भारत को दलहन और तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों में अच्छी प्रजातियों के मटर, सरसों, मसूर और चना के बीज मुफ्त बॉटकर उनका रकबा और उत्पादन को बढ़ाने में मोदी और योगी सरकार का प्रयास सराहनीय है यह बातें आज रुदौली ब्लॉक मुख्यालय स्थित किसान कल्याण केंद्र पर मिनी किट का बितरण करते हुए रुदौली बिधायक रामचंद्र नें कही श्री यादव नें अपनें सम्बोधन में कहा कि एक ओर जहाँ हम गेहूं, गन्ना और धान की फसलों में जरुरत के अनुसार आत्मनिर्भर हो गए है वहीं दाल और तिलहन का भारी पैमाने पर विदेशों से आयात करना पड़ता है।

## सातवें राज्य सम्मेलन की तैयारी का जायजा लेने पहूंचे खेसाग्राम के राष्ट्रीय महासचिव का0 धीरेंद्र झा

**चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा।** चंपारण की साम्राज्यवाद और सामंतवाद विरोधी क्रांतिकारी संघर्ष भूमि पर 4 - 5नवंबर2023 को आयोजित खेसाग्राम के सातवें राज्य सम्मेलन की तैयारी का जायजा लेने पहूंचे खेसाग्राम के राष्ट्रीय महासचिव सह भाकपा माले पॉलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड धीरेंद्र झा,राज्य कार्यकारी सचिव कॉमरेड शत्रुघ्न सहनी,भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य कॉमरेड सुनील यादव। सम्मेलन का उदघाटन भाकपा माले महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य 5नवंबर को 10 बजे बापू सभागार में करेंगे। गौरतलब है कि चंपारण



जिला वाम दलो का लंबे समय तक गढ रहा था।कई सांसद एवं विधायक वाम दलो के हुये थे।यह जिला भूमि संघर्ष का रहा है।वर्तमान समय चंपारण मे एकमात्र भाकपा माले के विधायक है। खेसाग्राम माले का यह सम्मेलन न सिर्फ चंपारण बल्कि बिहार के वाम आंदोलन को



नई दिशा और शक्ति देगा ऐसा माना जा रहा है।

### हवन पूजन के साथ रसूलाबाद समिति पर धान खरीद प्रारंभ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** साधन सहकारी समिति रसूलाबाद धान क्रय केंद्र की शुरुआत समिति पर हवन पूजन करके शुरुआत की गई। समिति के सभापति श्री प्रदीप तिवारी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अमित कुमार तिवारी के द्वारा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियो व क्षेत्र के किसानों की उपस्थिति में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि अमित कुमार तिवारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा की किसानों को उपज का दूना लाभ दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने वादा किया वह धान खरीद केंद्र के माध्यम से किसानों का उचित मूल्य पर धान खरीदकर फलीभूत हो रहा है इस अवसर पर शिवनारायण तिवारी प्रधान प्रतिनिधि नीरज राणा जगजीवन सिंह रसड़ा रमन दुबे रविंद्र तिवारी मुन्ना खानपुर के पूर्व प्रधान अनिल तिवारी अजय तिवारी पूर्व प्रधान विजयपाल निषाद डेली गेट शिवपूजन यादव सुरेंद्र तिवारी कुलदीप पांडेसमिति के सचिव दयाशंकर यादव सहित सभी किसानों द्वारा सामूहिक रूप से हवन पूजन करके धन क्रय केंद्र की शुरुआत की गई। समस्त याग्निक अनुष्ठान चंदू पंडित द्वारा संपन्न कराया गया।

### सीआरओ ने मिल्कीपुर में सुनी फरियादियों की शिकायतें

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य राजस्व अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए, उनकी समस्याओं का तत्काल गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लापरवाही न बरती जाए। यदि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सही तरीके से कर दिया जाए, तो वह शिकायतकर्ता दोबारा तहसील दिवस में नहीं आएगा। सबसे अधिक मामले राजस्व के ही समाधान दिवस में आ रहे हैं। मुख्य राजस्व अधिकारी संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम राजीव रत्न सिंह समेत और तहसील स्तरीय अधिकारी समाधान दिवस में आए परियों की समस्याएं सुनी। तहसील क्षेत्र के ग्राम प्रधान रेवना रेखा मौर्य ने शिकायती पत्र दिया है कि ग्राम समाज व प्राइमरी स्कूल की भूमि पर अबैध तरीके से आक्रमण किया गया है ,अतिक्रमण हटाने के लिए पूर्व में समाधान दिवस में क्षेत्रीय लेखपाल को अतिक्रमण हटवाने को कहा गया था लेकिन हटवाने बजाय अतिक्रमणकर्ता से मिली भगत करके बेदखली का वाद नियोजित कर दिया। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को जांच का कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।इनायत नगर निवासी दिव्यांग राम सुमेर ने प्रार्थना पत्र दिया है कि दिव्यांग पेंशन 1 वर्ष से नहीं मिल रही है। जिससे अब बड़ी परेशानी हो रही है। नायब तहसीलदार अमानीगंज ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तिन्दौली गांव निवासी रणधीर सिंह ने शिकायती पर किया है कि हर घर जल, हर घर नल के तहत ग्राम पंचायत में पिछले 6 महीने से पानी सप्लाई न होने से महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पच्चासों बार शिकायतें दर्ज कराई गई लेकिन अभी तक समाधान नहीं किया गया। एसडीएम ने अधिशासी अभियंता जल निगम को जांच कर कार्रवाई पानी सप्लाई करने का निर्देश दिया है।समाधान दिवस में राजेश पुलिस विद्युत समाज कल्याण विभाग समेत अन्य विभाग से संबंधित कुल 59 मामले आए जिसमें से 4 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया दिवस में सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### 78 वें वर्ष में भी शानदार रामलीला का अभिनय प्रस्तुत किया

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** श्री रामलीला समिति जाना बाजार ने अपने 78 वें वर्ष में भी शानदार रामलीला का अभिनय प्रस्तुत किया। सातवें दिन मेघनाथ के द्वारा छोड़े गए ब्रह्म शक्ति से लक्ष्मण के मूर्छित होने के बाद भगवान राम के विलाप को सुनकर दर्शकों की आंखों से आंसू छलक पड़े। ग्यारह दिनों तक लगातार दिन में आयोजित होने वाले रामलीला के अंतिम दो दिनों की सामाजिकता एवं ऐतिहासिकता पर रामलीला का मंचन किया जाता है । थाना हैदरगंज क्षेत्र के जाना बाजार के रामलीला मैदान में वर्ष 1945 से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली श्री रामलीला समिति अपने कार्यक्रमों के तहत सातवें दिन में आयोजित मेघनाथ के द्वारा छोड़े गए ब्रह्म शक्ति से मूर्छित लक्ष्मण का जो मनोहरी सजीव चित्रण किया। श्रोता मंत्र मुक्ति ही नहीं बल्कि भगवान राम के विलाप सुनकर दर्शकों के आंखों से आंसू भी छलकने लगे । वही आठवें दिन कुंभकरण वध और मेघनाद का शव बड़ा ही रोचक रहा । भगवान राम का पात्र हर्षित सिंह , लक्ष्मण का प्रिंस तिवारी , हनुमान का कन्हैया लाल , अंगद का सोनू सोनी , मेघनाथ का रिंकू गुप्ता , विभीषण का अनंतराम सोनी , सुग्रीव का लल्लू सोनी, कालिनेमि का साजन मोदनवाल, जामवंत का श्यामू जायसवाल , वैद्य का राम अछैबर तिवारी , कुंभकरण हरिवंश मणि तो वहीं रावण का सुभाष तिवारी , आदि लोगों ने भूमिका नाम बेहतर ढंग से निर्वाह किया । मेले में तथा रात्रि नाटक के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी हैदरगंज मोहम्मद अरशद पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहने के साथ-साथ रामलीला का खूब आनंद उठाया ।

### "गोसाईंगंज में हो रही श्रीमद भागवत कथा में श्री कृष्ण की लीलाओ का हुआ वर्णन"

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** स्थानीय नगर में अंतर्राष्ट्रीय कथा ब्यास के प्रवक्ता देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज के परम शिष्य वृंदावन से आये पवन देव जी महाराज के मुखार बिंदु से गोसाईंगंज में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन भागवत कथा को सुनने के लिए काफी संख्या में भक्त जुटे। कथा में पवन देवजी महाराज ने कृष्ण की लीलाओ का वर्णन करने के बाद कहा कि हम आजाद देश में रहते हैं। हमें इतना भी आजाद नहीं होना है कि हम अपने ही हाथों अपने संस्कारों का नाश कर दें। शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद महाराज ने सभी भक्तगणों को कृष्ण भजन गाकर सुनाया। सभी भक्त भजन पर झूम उठे सभी भक्तो ने आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया । दशरथ वाटिका परिसर में हो रही सात दिवसीय कथा हो रहा है।

**समाधान** डीएम नीतीश कुमार और एसपी राज करण नैय्यर फरियादियों की शिकायत सुनना शुरू कर दिए हैं

## जिलाधिकारी सीओ ने संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम नीतीश कुमार और एसपी राज करण नैय्यर फरियादियों की शिकायत सुनना शुरू कर दिए हैं। ज्यादातर शिकायत सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होना, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, नया राशन कार्ड बनवाना, विद्युत, विकास, पुलिस से संबंधित अधिकतर समस्याएं लेकर फरियादी बीकापुर तहसील सभागार में पहुंचकर दोअधिकारियों के समक्ष पेश होकर कार्रवाई की फरियाद करते देखे जा रहे हैं। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 231 शिकायत पेश हुई जिसमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।डीएम ने तहसील के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ एक सप्ताह पहले नोटिस भेज



कर राजस्व टीम व पुलिस टीम संयुक्त बनाकर खाली कराए जाने का कारवाई करें। उन्होंने कहा कि शासन के मानसा के अनुरूप संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण स्थलीय निरीक्षण किए जाने के बाद समय अवधि के अंदर अवश्य कर दें यदि इसमें किसी कर्मचारी व अधिकारी की लापरवाही सामने आई तो उनके विरुद्ध कार्रवाई तय है इस मौके पर एसडीएम विशाल कुमार क्षेत्राधिकारी पुलिस डॉ राजेश कुमार तिवारी, खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव, एसडीओ विद्युत विभाग मनोज कुमार मौर्य, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अंजू यादव, सीएचसी अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह, पूर्ति विभाग निरीक्षक विनोद कुमार यादव, समेत विभिन्न विभाग के अधिकारी व उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भूकंप वैज्ञानिक उमेश कुमार वर्मा के शोध आधारित भविष्यवाणी सही साबित हुई

**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** भूकंप वैज्ञानिक उमेश कुमार वर्मा कई वर्षों से अपने विशेष शोध के आधार पर संभावित भूकंप की तिथि बताते आ रहे हैं। 31 अक्टूबर को इन्होंने 3 दिन के अंदर आने वाले भूकंप की जानकारी दी थी। 3 नवंबर की रात्रि मे भूकंप आया, बडा भूकंप था।10सेकंड धरती डोलती रही चंपारण में कहीं भी जान माल का नुकसान नहीं हुआ है।जो लोग जगे थे वे घरो से बाहर निकल गये।भूकंप के समय जयादातर लोग सोये हुये थे। भूकंप वैज्ञानिक की बातें सच साबित हुई । वैसे इस महत्वपूर्ण समाचार को अखबारो ने गंभीरता से नही लिया। लोकल चैनल ने 3 नवंबर को भूकंप आने के बाद वैज्ञानिक उमेश वर्मा का वीडियो जारी कर पत्रकारिता धर्म का पालन किया। पटना से श्री वर्मा ने वीडियो जारी किया था। 31 अक्टूबर को व्हाट्सएप पर उन्होंने जानकारी दी थी ,लेकिन जिस तरह पुलिस घटना के बाद आती है उसी तरह बहुत से मीडिया ग्रुप भी घटत्रना होने के बाद समाचार का महत्व दे रहे है, जबकि पहले जानकारी देने से आम लोग सतर्क हो जाते हैं तथा सुरक्षा का उपाय भी कर सकते है।

## थानाध्यक्ष एवम सीओ द्वारा बैठक कर भूमि विवाद के मामलों का किया गया निपटारा

**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)।** जिलाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश के आलोक में थाना दिवस के अवसर पर जिले के सभी थानों में भूमि विवाद के मामलों पर सुनवाई को लेकर अंचलाधिकारियों एवम थानाध्यक्षो द्वारा संयुक्त बैठक कर सुनवाई की गई एवम कई मामलों का निष्पादन भी किया गया। जिलांतर्गत 7 प्रखंड के सभी थाना में भूमि विवाद पर आमजन के परिवाद/शिकायत पर सुनवाई हुई। सीओ, आरओ और राजस्व कर्मचारी ने भी थाना पर आयोजित शनिवार सुनवाई में भाग लिया। गौरतलब हो कि जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि भूमि - विवाद से जुड़े मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी सीओ एवम थानाध्यक्ष प्रत्येक सप्ताह थाना दिवस पर अनिवार्य रूप से भूमि - विवाद को लेकर बैठक कर मामलों का त्वरित निष्पादन करें एवम ससमय



प्रतिवेदन भेजें ताकि आमजनों को भूमि विवाद के मामलों में राहत पंहुचाई जा सके। उन्होंने कहा कि सभी एसडीओ अपने संबधित अनुमंडल के भूमि विवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा कर अवगत करवाएंगे। डीएम ने कहा कि अपराध की ज्यादातर घटनाएं भूमि विवाद को लेकर ही होती हैं। साथ ही कई बार विधि - व्यवस्था की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है। भूमि विवाद को लेकर आयोजित बैठक का सकरात्मक परिणाम भी नजर आने लगा है। अब तक जिले में भूमि - विवाद को लेकर प्राप्त आवेदनों में कई आवेदनों का निपटारा भी किया जा चुका है। बता दें कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक स्वयं मासिक बैठक कर थाना दिवस पर हो रही सुनवाई का अनुश्रवण समेत अपीलीय मामले पर सुनवाई करते हैं।

## ख़ास ख़बर

### शिक्षा के साथ -साथ खेलों को वरियता देना जरूरी - वीडियो



**शुभ भास्कर चंदौली/धानापुर** । स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र में 21 वीं ब्लॉक स्तरीय परिषदीय विद्यालयीय एथेटलिक क्रीड़ा प्रतियोगिता शनिवार को कस्बा स्थित अमरवीर इंटर कालेज में सपन्न हुई। खण्ड शिक्षा अधिकारी अवधेश नरायन सिंह ने विजेता एवं उपजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया। धानापुर ब्लॉक अंतर्गत अमरवीर इंटर कालेज के मैदान में शनिवार को एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा एथेटलिक प्रतियोगिता हुई। जिसमें धानापुर विकास खंड के कुल 13 न्यायपंचायतों (संकुल केंद्र) से जुड़े परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओ ने पूरे मनोयोग से प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर की बालक वर्ग के 200 मीटर दौड़ में खड़ान के विनीत गोस्वामी और बालिका वर्ग में तोरवां की सृष्टि प्रथम, 400 मीटर प्राथमिक के बालक वर्ग में खडान के विनीत गोस्वामी एवं बालिका वर्ग में रियंका खड़ान की प्रथम स्थान पर रहीं। उच्चप्राथमिक के बालक वर्ग 400 मीटर और 600 मीटर दौड़ में निदिलपुर के उदित और बालिका वर्ग में तोरवां की शालनी 600 मीटर में प्रथम रही। तोरवा की ही 400 मीटर में अंजली कुमारी प्रथम रही। वही दूसरी तरफ उच्च प्राथमिक बालक वर्ग के लम्बी कूद में , तोरवा के शुभम यादव प्रथम तथा खड़ान के सतीश द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में तोरवा की पलक यादव , प्रथम एवम अवहीँ सोनम द्वितीय रही । वही दूसरे चक्र में गोला फेक के बालक वर्ग में अवहीँ के अमर कुमार प्रथम, डबरिया के कुनाल द्वितीय रहे । बालिका वर्ग में खडान की प्रीति प्रथम एवम डबरिया की अर्चना द्वितीय रही । प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा मेडल तथा अन्य पुरस्कार देकर सम्मनित किया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी अवधेश नरायन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। जिस तरह से गांवो से निकल विद्यालयों की छात्र छात्राओं ने अपने हुनर से ब्लाक स्तर पर परचम लहराया है। एक दिन यही प्रतिभाये प्रदेश एवं देश स्तर पर खेल के अलग अलग विधाओं का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं व्यायाम शिक्षक प्रकाश सिंह , ने कहा कि पूरे जनपद में चल रही ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में जिस तरह से बच्चों ने प्रतिभाग किया उसके लिए बच्चों के साथ खेल शिक्षकों की भी सराहना की जानी जानी चाहिए।जिस तरह छात्र छात्राओं ने खेल के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये हैं वो सराहनीय है। इस दौरान मुख्य रूप से ब्लाक ब्यायाम शिक्षक दिलीप कुमार, घनश्याम सिंह,प्रदीप सिंह, इम्तियाज खान, अवधेश सिंह गुड्डू, अशोक पाल , मंगलदेव शर्मा , जय प्रकाश सिंह , झब्बू पाल ,मनीष यादव, प्रकाश सिंह, मनीष पाण्डेय, अनिता यादव , बीनू यादव ,रेखा यादव ,सुजीत पाण्डेय ,सतीश यादव ,अरबिंद सिंह ,शिवम पाण्डेय ,मनोज यादव, अभिमन्यु सिंह, मनीष सिंह ,नारद यादव, जैद अहमद खान, प्रदीप सिंह, दुलारे यादव ,शान्तनु यादव, ऋषि यादव , ग्रिजेश कुमार दादा , सुधीर यादव , रविन्द्र कुमार आदि प्रमुख शिक्षक उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस का हुआ आयोजन, 125 में 12 का हुआ निस्तारण



**शुभ भास्कर चंदौली/सकलडीहा।** स्थानीय तहसील प्रांगण में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां इस संपूर्ण समाधान दिवस में 125 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 12 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारित किया गया। शेष प्रार्थना पत्र संबंधित विभागिय अधिकारीयो को प्रेषित कर दी गई। जहां संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी द्वारा वृद्धा पेंशन के मामले को लेकर संबंधित अधिकारी को निस्तार करने के लिए निर्देशित किया गया। वही एक मामला धानापुरा ब्लॉक से भूमि विवाद संबंधित पाया गया जिस पर उप जिलाधिकारी सकलडीहा अनुपम मिश्रा द्वारा धानापुर इंस्पेक्टर को बुलाकर मामले के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। वही इस समाधान दिवस पर कुछ मामले किसान संबंधित भी पाए गए जीसके संबंध में भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन संगठन के सदस्यों द्वारा पत्र देकर अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही एक मामला जाती प्रमाण पत्र से संबंधित पाया गया जिसमें लेखपाल द्वारा रिपोर्ट न लगाने का मामला संज्ञान में आया। जिस पर प्रमोसनल एसडीएम विकास धर दुबे तथा महिला अधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए संबंधित लेखपाल व अन्य अधिकारियों को बुलाकर मामले के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। आपको बताते चले की शनिवार को सकलडीहा तहसील प्रांगण में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुन्डे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रातः काल से ही फरियादियों की भीड़ देखने की प्राप्त हुई। इस संपूर्ण समाधान दिवस में खंड विकास अधिकारी सकलडीहा कृष्ण कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी चहनिया,खंड विकास अधिकारी धानापुर विजय कुमार, अवर अभियंता बिजली विभाग सकलडीहा, डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे, एडियो पंचायत बजरंगी पांडेय, सीडीपीओ प्रभात वर्मा, सप्लाई इंस्पेक्टर अमित द्विवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश कुमार राय के साथ तमाम तहसील कर्मचारी ब्लॉक कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी व जिले के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रथम विशेष तिथि पर हुआ आयोजन

# मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए किया प्रेरित



शुभ भास्कर चंदौली/सकलडीहा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रथम विशेष तिथि 04 नवंबर के अवसर पर शनिवार को क्षेत्र के भारतीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बरठी के छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सकलडीहा प्रभुनाथ यादव ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, यहां जनता मतदान के द्वारा अपने प्रतिनिधियों को चुनती है। मतदान करने के लिए मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। अतः जिनकी उम्र 01 जनवरी, 2024 को 18 साल या उससे अधिक हो रही हो, वे अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज कराएं। विशिष्ट अतिथि जिला दिव्यांग स्वीप आइकॉन राकेश यादव रौशन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर, 2023 तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, नाम में संशोधन कराने या किसी के मृत हो जाने पर मतदाता सूची से उसका नाम हटाने के लिए आयोग द्वारा अवसर प्रदान किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने छः विशेष तिथियां निर्धारित की हैं, जो 4-5 नवंबर, 25-26 नवंबर और 2-3 दिसंबर हैं। इस तिथियों पर पूरे दिन बीएलओ अपने बूथ पर उपस्थित रहकर पुनरीक्षण का कार्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि स्वीप सहयोगी फ़ैयाज़ अहमद ने छात्र-छात्राओं से अपील किया कि वे अपने घर, आस-पास में ऐसे लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक करें, जिनकी आयु 01 जनवरी, 2024 को 18 साल हो रही है। उन्होंने आगे बताया की इसके लिए वे बीएलओ के साथ ही आयोग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा नाटक और लोकगीत के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह ने और संचालन शिक्षक कैलाशपति पांडेय ने किया। इस अवसर पर लेखपाल चंद्रभूषण सिंह, सुरेश प्रसाद, शरदचंद्र विवेक, प्रवीण तिवारी, सुबदा भारती, चंद्रनारायन विश्वकर्मा व बीएलओ उपस्थित रहे।

## चार दिन से लापता मासूम का नहीं लगा सुराग



**शुभ भास्कर चंदौली/धानापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शहीद गांव में घर के सामने खेल रहा चार साल का बच्चा विगत 31 अक्टूबर दिन में 2 बजे से गायब था। जिससे उसकी मां का रो रो कर बुरा हाल हो गया था। बच्चे की मां ने स्थानीय थाने में लिखित तहरीर देते हुए अपने ही पति पर बच्चे को गायब करने का आरोप भी लगाया था। बताया जाता है कि जीनत महल पुत्री रहमत अली का विवाह अबुल हसन पुत्र हासिल ग्राम कुआं थाना शहाबगंज के साथ हुई थी। उनके बीच कुछ सालों से विवाद चल रहा है जो न्यायालय में लंबित है। विवाद के बाद से जीनत बच्चों के साथ मायके में रह रही है। इसी दौरान चार दिन पूर्व उनका चार साल का पुत्र आयान घर के बाहर बरामदे में खेल रहा था जो गायब हो गया। जीनत ने इसके लिए धानापुर थाने पर तहरीर भी दी थी। पुलिस को तहरीर मिलने पर वो सक्रिय हुई और जाँच मे जुट गयी। आज सुबह किसी ने देखा की घर से कुछ कदम पर एक कुआं है जिसमे एक बच्चे की लाश तैर रही है। जिसपर गाव मे कुछ लोगो ने पुलिस को सूचना दी जिस पर धानापुर पुलिस ने मौके पे जा कर देखा और लोगो के पूछा तो पता चला की ये लाश आयान की है जो पिछले कुछ दिनों से लापता था। तब पुलिस लाश को लेकर थाने आयी और कार्यवाही मे जुट गयी।बच्चे के साथ अनहोनी की घटना का अभी तक कोई खुलासा नही हुआ है।पुलिस जाँच कर रही है।

## जलनिगम टंकी से पानी की सप्लाई नहीं होने ग्रामीण हुए उग्र



**शुभ भास्कर चन्दौली / चहनियाँ।** विकास खण्ड क्षेत्र के रामगढ़ गांव में लगा जलनिगम पानी टंकी पर विगत कई महीनों से ऑपरेटर के रहने से पूरे क्षेत्र की पानी सप्लाई बाधित है जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने समाजसेवी रमेश सिंह फौजी के अगुवाई में जल निगम के जेई कुणाल गौतम व ग्राम प्रधान रमाकांत यादव तथा सेकेट्री आनंद यादव से पूरे प्रकरण के बारे में जानकारी ली तथा उन लोगो से तत्काल समस्या का समाधान हेतु पहल करने की बात की गई । समस्या को लेकर गांव निवासी रमेश सिंह फौजी ने बताया कि रामगढ़ गांव मे लगा जल निगम पानी टंकी रामगढ़ के अलावा दरियापुर,महराजगंज,रईया,बरिया ,समेत कई गांव में पानी सप्लाई होती है बिगत कुछ महीनों से पानी टंकी आपरेटर बिहीन हो गयी है । ग्रामीणों द्वारा जेई से कारण पूछा गया तो पता चला कि पानी टंकी ग्राम पंचायत को हैंड ओभर की गई है जिससे पानी टंकी की पूरी जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की है । जब ग्रामीण ग्राम प्रधान से जानकारी ली गयी तो पता चला कि लिखित रूप से विभाग द्वारा ग्राम सभा को जलनिगम की व्यवस्था नही सौपी गयी गई । ग्रामीणों द्वारा सभी जिम्मेदार लोगो से संयुक्त रूप में मिलकर समस्या का हल करने की बात की तो जेई कुनाल गौतम ने तत्काल समस्या का हल निकाल कर जलनिगम पानी टंकी की सप्लाई निर्बाध कराने की बात कही ।

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में विविध कार्यक्रम आयोजित



**शुभ भास्कर चंदौली/सैयदराजा।** नगर पंचायत स्थित नेशनल इण्टर कालेज में आयोजित पाँच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन हुआ। उल्लेखनीय रहे कि विद्यालयों में पठन-पाठन के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाएं जैसे स्काउट गाइड, खेलकूद, निबंध,कला , भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिताएँ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। इसी दिशा में नेशनल इण्टर कालेज में बच्चों को शिक्षा के साथ दीक्षा प्रदान करने के लिए स्काउट गाइड के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद चंदौली के प्रशिक्षक महेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार तथा पूजा के द्वारा विद्यालय के छात्र/ छात्राओं को इस स्काउट गाइड की विभिन्न विधाओं में पारंगत किया गया। कार्यक्रम के पांचवें दिन समापन की अवसर पर स्काउट गाइड के बच्चों के द्वारा विभिन्न टोलियों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही बच्चों की विभिन्न टोलियों जैसे अब्दुल कलाम टोली, सरदार वल्लभभाई पटेल टोली ,मोर टोली ,रावण टोली, चंद्रशेखर आजाद टोली, रानी लक्ष्मीबाई टोली आदि समूह ने टेंट का निर्माण, गांठ बांधना, विशेष परिस्थितियों में घरेलू आवश्यकता के कूड़ेदान ,जूता स्टैंड, बर्तन स्टैंड आदि व्यवस्था को निर्मित करने का प्रदर्शन किया ।स्काउट गाइड की विधा में बच्चों को विशेष परिस्थिति व संकट की परिस्थितियों में आत्म सेवा, दूसरों की सेवा तथा समाज सेवा हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। स्काउट गाइड के इस विद्या का मूल मंत्र 3D है जिसका तात्पर्य है ड्यूटी टू नेशन, ड्यूटी टू अदर और ड्यूटी टू सेल्फ अर्थात देश की सेवा दूसरों की सेवा एवं स्वयं की सेवा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक अवध बिहारी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बरहनी प्रधानाचार्य संजय सिंह, दशरथ चौधरी तथा विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड की स्थापना लार्ड बेडेन पावेल के द्वारा की गई थी। जिसे स्वतंत्रता के बाद भारत में मदन मोहन मालवीय, हृदयनाथ कुंजरू आदि महापुरुषों के सहयोग से स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों को बहुमुखी विकास हेतु अवसर मिलता है ।इससे बच्चे अपने व्यक्तित्व का निखार लाते हुए देश के सुयोग्य नागरिक तथा समाज के एक सच्चे नागरिक के रूप में उभरते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक तथा स्काउट गाइड के जिला प्रशिक्षण प्रवक्ता रजनीश ,मारकण्डेय प्रसाद, उमेश तिवारी ,अजय झॉ ,सुनील यादव ,रजत कुमार, योगेश कुमार, रंजीत कुमार,अमित कुमार ,दीनबंधु, देवपति, साचू प्रसाद ,ओमप्रकाश, सतीश तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया, कार्यक्रम का संचालन रजनीश सिंह के द्वारा किया गया।

### प्रशिक्षण समापन समारोह में राष्ट्रपति के साथ शामिल चंदौली का लाल सौरभ



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियां।** चंदौली का लाल सौरभ ने किया जनपद का रौशन क्षेत्र के बेलवानी गांव का रहने वाला सौरभ पाल भारतीय रक्षा एकेडमी ( एमईएस ) आफिसर बनकर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रौशन किया है । शुक्रवार को दिल्ली में 2020 बैच का सौरभ प्रशिक्षण समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ शामिल हुआ । जिसे लेकर ग्रामीणों व बिद्यालय परिवार में हर्ष ब्याप्त है । बेलवानी गांव के रहने वाले सौरभ पाल पुत्र पारसनाथ पाल की प्रारंभिक शिक्षा चहनियां रानेपुर स्थित सेन्ट जोसेफ स्कूल से हुई । यहां इंटर तक पढ़ाई के बाद बाहर पढ़ाई किया । 2020 के बैच में उसके साथ 28 युवा साथ थे । उसका सेलेक्शन टॉप के भारतीय रक्षा एकेडमी ( एमईएस ) आफिसर के रूप में हुआ । दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को सम्पन्न हुए प्रशिक्षण समापन समारोह में पूरे देश के कोने कोने से युवाओं का चयन इस प्रशिक्षण समारोह में महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू के साथ हुआ था । जिसमे जनपद चन्दौली के चहनियां क्षेत्र के बेलवानी गांव से सौरभ भी शामिल है । बिद्यालय परिवार छात्र के इस उपलब्धि पर गौरवांवित है । छात्र के रूप में रहे सौरभ के उज्वल भविष्य की कामना बिद्यालय परिवार ने किया । इस दौरान प्रिंसिपल अनिल कुमार जोसेफ ने कहा कि सौरभ शुरू से ही पढ़ने में अच्छे स्टूडेंट में गिनती होती थी । जो आज एक अच्छे अधिकारी के रूप में कार्यरत है। ईश्वर बच्चे को कामयाबी के बुलंदियों पर पहुंचायें।

### आनन्द सिंह चुने गये क्षेत्र पंचायत सदस्यों के ब्लाक अध्यक्ष



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियाँ।** चहनियां स्थित खंड विकास कार्यालय में क्षेत्र पंचायत सदस्य जिलाध्यक्ष वंशी धर निषाद ने चहनियां क्षेत्र पंचायत सदस्य का ब्लाक अध्यक्ष आंनद सिंह को समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में घोषित किया । नवनियुक्त अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया । चहनियां स्थित ब्लाक मुख्यालय सभागार में विकास कार्य को लेकर बैठक खत्म होने के बाद चहनियां कस्बा के क्षेत्र पंचायत सदस्य आंनद सिंह को क्षेत्र पंचायत सदस्य का ब्लाक अध्यक्ष ,जिलाध्यक्ष वंशीधर निषाद ने सर्वसमस्ति से घोषित किया । इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर स्वागत किया । इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कहा कि संगठन एकता के दम पर चलता है । और यह एकता एक साथ रहकर आता है । विकास के कड़ी में कही न कही हम छोटे से क्षेत्र पंचायत सदस्य भी एक कड़ी है । नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष आंनद सिंह ने कहा कि संगठन ने जो हमे जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन ईमानदारी से करूंगा । इस दौरान खंडवारी प्रधान प्रतिनिधि सतीश गुप्ता,प्रधान आशुतोष सिंह,नरेंद्र गुप्ता,रमाकांत राम,विकास राय,प्रेम शंकर ,अक्षय यादव,वंशीधर निषाद,सुनील राम,अनुराग यादव,अभिषेक मिश्र,मनोज यादव,संजय राम,कलीम अहमद,सतीश यादव आदि क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित थे ।

### अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चन्दौली पुलिस का अभियान लगातार जारी



**रघुनाथ प्रसाद, शुभ भास्कर चंदौली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे, अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी PDDU नगर के गहन पर्यवेक्षण व कुशल मार्गदर्शन में सघन चेकिंग अभियान एवं वांछित अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान मे प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार पाण्डेय थाना बबुरी जनपद चन्दौली मय पुलिस टीम के मुखबीर के सूचना पर मु0अ0सं0 118/23 धारा 377 भा0द0वि0 व 5m/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धि वांछित अभियुक्त 1.शेरू उर्फ शमशेर पुत्र राजनाथ भटपुरवा थाना बबुरी जनपद चन्दौली उम्र करीब 20 वर्ष को लेवा तिराहे पर यात्री सेड थाना बबुरी जनपद चन्दौली से समय 06.12 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

खनन डीएफओ की फटकार के बाद वन दरोगा के सामने ही बोल्डर लदा ट्रैक्टर रास्ते मे गिराकर भागा

## वन बिभाग और खननकर्ताओं की सांठगांठ से प्रतिबंधित पहाडियों से चल रहा अवैध खनन का खेल



**शुभ भास्कर चंदौली/चकिया।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र में जहां एक तरफ चन्दौली जनपद मे प्रदेश सरकार के द्वारा पर्यावरण संरक्षण बनाने को लेकर पहाड़ों से खनन को लेकर पुर्ण रुप से प्रतिबंधित किया गया है जिससे पर्यावरण संरक्षण बना रहे मगर जमीनी स्तर शिकारगंज क्षेत्र के पहाडियों मे शासन की सख्ती के बावजुद वन विभाग और अवैध खननकर्ताओं की साठगांठ से अवैध खनन का धंधा जोरो पर फल फुल रहा है और जिससे पहाड़ों का अस्तित्व समाप्त होता नजर आ रहा है जिससे प्रतिबंधित पहाडियों से अवैध खनन धडल्ले से चल रहा है आपको बताते चले की अवैध रुप से बोल्डर लदा ट्रैक्टर खुलेआम ढोया जा रहा था जिसकी सुचना युवा समाजसेवी ने डीएफओ रामनगर को दी डीएफओ के निर्देश पर मौके पर पहुंचे वन दरोगा ने मौके पर पहुंच ट्रैक्टर लदे बोल्डर को रास्ते मे गिरवा दिया और और वन दरोगा का इशारा पाते है मौके पर ट्रैक्टर लदा बोल्डर ढोका गांव के ही रास्ते पर गिराकर भाग गये और वन विभाग के दरोगा के द्वारा बोल्डर लदे ट्रैक्टर पर कोई कार्यवाही नही की गयी और वन विभाग के दरोगा के सामने खुलेआम ट्रैक्टर पर बोल्डर ढोया जाना वन विभाग के संलिप्त होने की पुस्टी करता नजर आ रहा है जो वन विभाग द्वारा वन संपदा की सुरक्षा के दावो की पोल खोलता नजर आ रहा है और अवैध खनन की शिकायत के बाद भी वन बिभाग की टीम आंखे बंद कर रखी है जिससे अवैध खनन का खेल बदस्तूर जारी है और अवैध खनन की सुचना के बाद भी वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही नही करते नजर आ रहे है आपको बताते चले की अवैध खनन की शिकायत बार बार डीएफओ समेत वन बिभाग के आलाधिकारियों को दी गयी है लेकिन अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर वन बिभाग के अधिकारी घुटने टेकते नजर आ रहे है और अवैध खनन का धंधा जोरो पर चल रहा है। प्रतिबंधित होने के बाद भी लगातार खनन चालु रहना वन संपदा की सुरक्षा के दावो की पोल खोलता नजर आ रहा है वही सूत्रो के अनुसार चकिया शिकारगंज क्षेत्र के पहाडियों पर आये दिन अवैध रुप से बोल्डर तोडन्े का कार्य चालु रहता है और रात का अंधेरा होते ही अवैध रुप से तोडे गये बोल्डर ट्रैक्टर से गंतव्य तक पहुंचा दिया जाता जिससे पहाडो का अस्तित्व समाप्त होता चला आ रहा है अब देखना है अवैध खनन को लेकर वन बिभाग के बडे जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही करते है या पुर्व की भांति जांच के नाम पर कोरमपुर्ती कर मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया जाता है।

## जैपुरिया स्कूल के बच्चो ने लगाई मेडलों की झड़ी



**तलवार सिंह शुभ भास्कर चंदौली/डीडीय नगर/ पड़ाव।** स्थानीय कस्बा स्थित विगत 15 दिनों में सीबीएसई द्वारा आयोजित ईस्ट जोन एवं क्लस्टर खेल कूद प्रतियोगिता में पड़ाव कैंपस के बच्चों ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए पुनः एक बार अपना परचम लहराया। तैराकी , स्केटिंग , शूटिंग ,एथेलेटिक एवं ताइक्वांडो में 6 गोल्ड मैडल,9 सिल्वर मैडल ,11 ब्रोंज मैडल सहित कुल 26 पदक प्राप्त किये। सीबीएसई ईस्ट जोन की तैराकी प्रतियोगिता रांची (झारखण्ड) में आयोजित हुई थी जिसमे अनुकल्प जायसवाल (100 एम. बटरफ्लाइ )में गोल्ड मैडल के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया साथ ही (100 एम. फ्री स्टाइल रीले) में साम्या सिद्दीकी , अदीबा , अलीना ,गीतश्री व इज्या सिंह ने प्रतियोगिता जीत कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। (100 एम. मिडली रीले) में बच्चो ने सिल्वर मैडल,( 100 एम. ब्रेस्ट स्ट्रोक ) में सिल्वर मैडल ,( 200 एम फ्री स्टाइल ) एवं (250 एम. ब्रेस्ट स्ट्रोक ) में ब्रोंज पदक प्राप्त किया। सीबीएसई ईस्ट जोन शूटिंग प्रतियोगिता रांची (झारखण्ड) में आयोजित हुई जिसमे सौम्या गिरि ने पिस्टल इवेंट में प्रथम स्थान पर रह कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया साथ ही सौम्या गिरि , ऋषिका शाही व कीर्ति यादव ने पिस्टल टीम इवेंट में गोल्ड मैडल प्राप्त कर पूरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राइफल टीम इवेंट में बच्चो ने सिल्वर मैडल प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं गर्ल्स पिस्टल में ब्रोंज मैडल प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता में जिया सिंह ने (300 एम. क्वाड) में गोल्ड मैडल प्राप्त किया साथ ही (500 एम. क्वाड) में भी गोल्ड मैडल प्राप्त कर दोनो ही प्रतियोगिताओ में प्रथम स्थान पर रही। सीबीएसई क्लस्टर एथेलेटिक प्रतियोगिता में अदिति मिश्रा ,तान्या जायसवाल , आरुषि यादव एवं जॉय मौर्या ने 4 सिल्वर मैडल प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही अन्वी श्रेयषी ,अदिति मिश्रा,तेजस्वी तिवारी ,मानसी सिंह,मोहम्मद अमान,शिवानी सिंह,अक्षिता प्रधान ने एकल एवं टीम इवेंट में 5 ब्रोंज मैडल प्राप्त किये। ताइक्वांडो ईस्ट जोन प्रतियोगिता में स्नेहा सिंह सिल्वर मैडल प्राप्त कर द्वितीय स्थान अर्जित किया एवं ओजश्वी साहू व् कृतार्थ उपाध्याय दोनों ने ब्रोंज पदक प्राप्त किया। जैपुरिया स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनोज कुमार बजाज जी ने बच्चो की इस उपलब्धि की प्रशंसा की एवं इस अद्भुत उपलब्धि के लिए बच्चो ,टीचर्स सहित पूरी टीम का आभार व्यक्त किया जिनको कड़ी मेहनत के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई। स्कूल प्रबंधक के द्वारा सभी विजेता बच्चों को स्पोर्ट्स कोटे से स्कॉलरशिप दी जाएगी , साथ ही यह भी बताया की कुल 18 बच्चे नेशनल खेलने के लिए शीघ्र ही देश के विभिन्न भागों में जाएँगे । इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन दीपक बजाज जी,एक्सक्यूटिव डायरेक्टर श्याम बजाज जी सहित सभी निर्देशकगण, प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना ,उप प्रधानाचार्या प्रियंका मुख़र्जी सहित पूरी स्कूल टीम उपस्थित रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।